दैनिक नव प्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...
26 जनवरी गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 2 | साहित्या उत्सव 4 | अभिव्यक्ति 11 | विज्ञापन

रायपुर, सोमवार, 26 जनवरी 2026 कृष्ण पक्ष-अष्टमीं, विक्रम संवत -2082 / वर्ष-14 अंक- 334 पृष्ठ-12+4+4 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

कॉमेडियन से पॉलिटिशियन बने यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की इस समय अपने सिर के बाल नोच रहे होंगे। जिन्हें नाटो ने चढ़ जा बेटा सूली पर भली करेंगे राम कहकर पुतिन से भीड़वा दिया। नाटो के बहकावे में आकर उन्होंने रूस जैसे ताकतवर देश से पंगा ले लिया। नतीजतन यूक्रेन के कई शहर खंडर के रूप में तब्दिल हो गये। अब डॉन डोनाल्ड ट्रंप उसी नाटो के नट-बोल्ड ढिले करने उतारू हैं। बहुत जल्द नाटो के खंड खंड होने की संभावना है। ऐसे टूटे फूटे और थकेले नाटो की सदस्यता लेकर अब जेलेंस्की के हाथ राख ही आएगी।

न्यूज गैलरी

हिमाचल में दो दिन का येलो-ऑरेंज अलर्ट

शिमला। हिमाचल प्रदेश में 23 जनवरी को हुई भारी बर्फबारी के बाद पहाड़ी इलाकों में हालात अभी पूरी तरह सामान्य भी नहीं हो पाया है। मौसम विभाग ने एक बार फिर प्रदेश के लिए चेतावनी जारी कर दी है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला ने 26 और 27 जनवरी के लिए राज्य में भारी बर्फबारी, बारिश, अंधड़ और आसमानी बिजली गिरने की आशंका जताते हुए येलो और ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

रॉबर्ट वाड्रा के खिलाफ सुनवाई टली

दिल्ली। मनी लॉन्ड्रिंग केस में फंसे रॉबर्ट वाड्रा के खिलाफ ईडी की ओर से दाखिल चार्जशीट पर संज्ञान लेने के मामले में राउज़ एवेन्यू कोर्ट ने सुनवाई को टाल दिया है। इस मामले की अगली सुनवाई 26 फरवरी को होगी। सुनवाई के दौरान ईडी ने कोर्ट से चार्जशीट से जुड़े कुछ जरूरी डॉक्यूमेंट्स जमा करने के लिए एक्स्ट्रा समय की मांग की है। ऐसे में कोर्ट ने नाराजगी जताते हुए ईडी को कड़ी फटकार लगाई है। कोर्ट ने फटकार लगाते हुए ईडी को कहा कि 'यह कागजात जमा करने के लिए एजेंसी को आखिरी मौका दिया जा रहा है।'

शुभकामनाएं...

गणतंत्र दिवस की समस्त देशवासियों को दैनिक नव प्रदेश समाचार पत्र समूह की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं... **संपादक**

अवकाश सूचना

26 जनवरी 2026 दिन सोमवार को गणतंत्र दिवस के अवसर पर दैनिक नवप्रदेश के प्रेस व कार्यालय में अवकाश रहेगा। अगला अंक 28 जनवरी को आपके हाथों में होगा...। **महाप्रबंधक**

सर्वोच्च सम्मान : पांच को पद्म विभूषण, 13 को पद्म भूषण और 131 हस्तियों को पद्मश्री पुरस्कार

धर्मेंद्र पद्म विभूषण, सोरेन-अलका पद्म भूषण, रोहित को पद्मश्री

धर्मेन्द्र देओल


शिबू सोरेन

अलका याग्निक

के टी थॉमस

एन राजम

रोहित शर्मा

नई दिल्ली (ए.)। पद्म पुरस्कारों की घोषणा हो गई है। इस साल देश की 131 विभूतियों को सम्मानित किया जाएगा. नामों की घोषणा हो गई है. साल 2026 के लिए 5 पद्म विभूषण, 13 पद्म भूषण और 113 पद्मश्री पुरस्कारों की घोषणा की गई है। एक्टर धर्मेंद्र को मरणोपरांत पद्म विभूषण का पुरस्कार मिला है। शिबु सोरेन-अलका याग्निक समेत 13 को पद्म भूषण दिया गया है।

छत्तीसगढ़ की बुधरी ताटी, डॉ. रामचंद्र और सुनीता गोडबोले को पद्मश्री पुरस्कार, सीएम ने दी बधाई

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के बस्तर की समाजसेविका, स्नेह और ममता की प्रतिमूर्ति 'बड़ी दीदी' के नाम से विख्यात बुधरी ताटी तथा जनजातीय अंचलों में नि:स्वार्थ सेवा के जीवंत प्रतीक डॉ. रामचंद्र गोडबोले एवं सुनीता गोडबोले का पद्मश्री सम्मान के लिए चयन किया गया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रदेश और देश का नाम रोशन करने वाली इन तीनों विभूतियों को ■ शेष पृष्ठ 6 पर

पद्म विभूषण

क्र.	नाम	क्षेत्र	स्टेट/देश
1	धर्मेंद्र सिंह देओल (म.)	कला	महाराष्ट्र
2	के टी थॉमस	लोक प्रबंधन	केरल
3	एन राजम	कला	उत्तर प्रदेश
4	पी नारायणन	साहित्य एवं शिक्षा	केरल
5	वी एस अच्युतानंदन (म.)	लोक प्रबंधन	केरल

13 पद्म भूषण

क्र.	नाम	क्षेत्र	स्टेट/देश
1	अलका याग्निक	कला	महाराष्ट्र
2	भगत सिंह कोश्यारी	सार्वजनिक मामले	उत्तराखंड
3	कल्लीपट्टी पलानीस्वामी	मेडिसिन	तमिलनाडु
4	ममूटी	कला	केरल
5	डॉ. नोरी दत्तात्रेयुडु	मेडिसिन	अमेरिका
6	पीयूष पांडे (मरणोपरांत)	कला	महाराष्ट्र
7	एस के एम मैइलानंदन	सामाजिक कार्य	तमिलनाडु
8	शतावधानी आर गणेश	कला	कर्नाटक
9	शिबू सोरेन (मरणोपरांत)	सार्वजनिक मामले	झारखंड
10	उदय कोटक	व्यापार एवं उद्योग	महाराष्ट्र
11	वी के मल्होत्रा (मरणोपरांत)	सार्वजनिक मामले	दिल्ली
12	वेल्लापल्ली नटेसन	सार्वजनिक मामले	केरल
13	विजय अमृतराज	स्पोर्ट्स	अमेरिका

डीजी जेल हिमांशु गुप्ता समेत 25 अफसरों को मिलेगा राष्ट्रपति पदक

■ **गणतंत्र दिवस समारोह में राज्यपाल डेका करेंगे सम्मानित**

रायपुर/नव प्रदेश। स्वतंत्रता दिवस 2025 के मौके पर महानिदेशक जेल हिमांशु गुप्ता समेत पुलिस विभाग के आईजी

ध्रुव गुप्ता अअवि पीएचक्यू, एसएसपी सूरजपुर प्रशांत ठाकुर समेत 25 अफसर-कर्मियों को राष्ट्रपति का पुलिस पद देने की घोषणा की गई।

इन्हें 26 जनवरी 2026 को पुलिस मैदान रायपुर में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में राज्यपाल रमेन डेका द्वारा राष्ट्रपति पदक प्रदान किया जाएगा। केन्द्रीय गृह विभाग के मुताबिक डीजी जेल गुप्ता को विशिष्ट सेवाओं के लिए राष्ट्रपति पदक और सराहनीय सेवाओं के लिए आईजी ध्रुव गुप्ता, डीआईजी प्रशांत ठाकुर, सेनानी 19वीं वाहिनी छसबल जगदलपुर श्वेता राजमणी, पुलिस अधीक्षक, जिला-कोरिया रवि कुमार कुर्रे, निरीक्षक अ/स्टेनो पीएचक्यू कौशिल्या भट्ट, समनि (गुप्तवार्ता) पीएचक्यू रोहित कुमार झा, निरीक्षक अ, विशेष शाखा पीएचक्यू कमलेश कुमार मिश्रा, प्लाटून कमाण्डर 13वीं वाहिनी छसबल कोरबा डाल सिंह नामदेव, कंपनी कमाण्डर, 15वीं वाहिनी छसबल बीजापुर दिलीप कुमार सिन्हा, एपीसी प्रथम वाहिनी छसबल भिलाई सुशील कुमार बरूआ को प्रदान किया जाएगा।

वीरता पदक के लिए चयनित अफसर-कर्मी: सुकमा के तीन शहीद पुलिस कर्मियों रामूराम नाग ■ शेष पृष्ठ 6 पर

छत्तीसगढ़ के 11 पुलिसकर्मियों को मिलेगा सम्मान, केंद्रीय गृह मंत्रालय ने जारी किया लेटर

रायपुर/नवप्रदेश। गणतंत्र दिवस पर छत्तीसगढ़ पुलिस के लिए एक बड़ी खुशखबरी सामने आई है। केंद्रीय गृह मंत्रालय (एमएचए) ने देश के प्रतिष्ठित पुलिस पदकों की घोषणा कर दी है। इस बार छत्तीसगढ़ के कुल 11 पुलिस अधिकारियों को उनकी निष्ठा और वीरता के लिए चुना गया है। गृह मंत्रालय द्वारा जारी इस सूची में राज्य के वरिष्ठ अधिकारियों से लेकर जमीनी स्तर पर कार्य करने वाले जांबाज शामिल हैं। राज्य के 10 पुलिस अधिकारियों को सराहनीय सेवा पदक' से नवाजा जाएगा। इन अधिकारियों ने अपने कार्यकाल के दौरान कानून-व्यवस्था और जनसेवा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। पदक पाने वालों में आईजी राम गोपाल, एसएसपी शशि मोहन सिंह, एसपी श्वेता श्रीवास्तव सिन्हा और एसपी राजश्री मिश्रा जैसे कद्दावर नाम शामिल हैं। इसके साथ ही कमांडेंट निवेदिता पॉल, मनीषा ठाकुर रावटे, असिस्टेंट सुपरिटेंडेंट तारकेश्वर पटेल, डीएसपी उनेजा खातून अंसारी, असिस्टेंट कमांडेंट जयलाल मरकाम और प्लाटून कमांडर हजारी लाल साहू को भी इस प्रतिष्ठित सम्मान के लिए चुना गया है।

'भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम'

■ **मन की बात में पीएम मोदी ने किया फर्स्ट वोटर्स से लकर स्टार्टअप इंडिया तक का जिक्र**

नई दिल्ली (ए.)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को गणतंत्र दिवस से एक दिन पहले देशवासियों से मन की बात कार्यक्रम के जरिए जुड़े। 2026 के पहले 'मन की बात' कार्यक्रम में उन्होंने देशवासियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दीं, फर्स्ट वोटर्स को मतदान करने के लिए प्रेरित किया और लोगों से स्टार्टअप में हो रहे नए इनोवेशन पर चर्चा की। प्रधानमंत्री ने कहा कि 'यह 2026 का पहला 'मन की बात' है। कल, 26 जनवरी को, हम सब अपना गणतंत्र दिवस मनाएंगे। इसी दिन हमारा संविधान लागू हुआ था। यह दिन, 26 जनवरी, हमें अपने संविधान बनाने वालों को श्रद्धांजलि देने का मौका देता है। आज, 25 जनवरी भी बहुत खास दिन है। आज राष्ट्रीय मतदाता दिवस है... मतदाता दिवस। मतदाता लोकतंत्र की आत्मा होता है।' पीएम मोदी ने कहा कि 'आमतौर पर, जब कोई 18 साल का ■ शेष पृष्ठ 6 पर

जंगल में छिपाकर रखा था तबाही का सामान, विस्फोटक व हथियार बरामद



■ **गणतंत्र दिवस से पहले सुरक्षाबलों को बड़ी सफलता**

सुकमा/नवप्रदेश। गणतंत्र दिवस से पहले नक्सलियों के मंसूबों पर पानी फेरते हुए सीआरपीएफ को बड़ी सफलता मिली है। सुकमा-बीजापुर सीमा क्षेत्र में पालागुड़ा के जंगलों में नक्सलियों द्वारा बनाए गए दो हथियार डम्प पर सुरक्षाबलों ने छापामार कार्रवाई की है। सीआरपीएफ की 150वीं बटालियन द्वारा की गई इस कार्रवाई में भारी मात्रा में हथियार, विस्फोटक सामग्री और नक्सली उपयोग का सामान बरामद किया गया है। यह ऑपरेशन पालागुड़ा कैंप से दक्षिण दिशा में स्थित जंगल क्षेत्र ■ शेष पृष्ठ 6 पर

सिंगरौली में मिट्टी खदान धंसने से तीन लोगों की मौत, दो घायल

सिंगरौली/नव प्रदेश। मध्यप्रदेश के सिंगरौली जिले में रविवार दोपहर एक बड़ा हादसा हो गया है। यहां मिट्टी की खदान धसने से तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई है, जबकि 2 महिलाएं घायल हैं। मरने वालों में एक महिला और दो बच्चियां शामिल है। घटना के बाद गांव में हड़कंप मच गया। घटना की जानकारी लगने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया गया है।

गणतंत्र दिवस विशेष: ग्रामीणों की महात्मा गांधी और भारत माता के चरणों में अडिग आस्था

गंगरेल के डुबान में जल रही राष्ट्रभक्ति की ज्योत, 'देवी' है 'भारत माता'

सुप्रीत शर्मा. बालोद

गणतंत्र दिवस पर जब पूरा देश संविधान और लोकतंत्र का उत्सव मना रहा है, तब छत्तीसगढ़ के बालोद जिले के अंतिम छोर पर बसा वनवासी गांव छठियारा (सटियारा) राष्ट्रभक्ति की ऐसी अनूठी मिसाल है। यहां देश का इकलौता ऐसा मंदिर है, जहां पर महात्मा गांधी और भारत माता की पूजा की जाती है। भारत माता नवरात्रि की रूप में विराजित होती है और भक्त यहां मनोकामना ज्योत भी जलाते हैं। राष्ट्रीय पर्व 26 जनवरी और 15 अगस्त पर यहां ध्वजारोहण कर आजादी और

गणतंत्र की खुशियां मनाई जाती हैं। पहाड़ों, जंगलों और अथाह जलराशि के बीच स्थित सटीयारा गांव के लोग भारत माता और महात्मा गांधी के साथ राष्ट्रप्रेम की लौ को जीवित रखे हैं।

आमतौर पर नवरात्र पर्व में देशभर में मां दुर्गा के नौ रूपों की आराधना की जाती है और उन्हीं के नाम से जोतें जलाई जाती हैं, लेकिन सटियारा और आसपास के वनवासी अंचल में यह परंपरा बिल्कुल अलग और विलक्षण है। यहां के लोगों के लिए भारत माता ही देवी हैं, वही आराध्य हैं और वही आस्था ■ शेष पृष्ठ 6 पर

राष्ट्रभक्ति का तीर्थ, चारों ओर हरियाली और शांति

बालोद और कांकेर जिले की सीमा पर स्थित इस स्थल पर पहुंचते ही प्रकृति और इतिहास का अद्भुत संगम दिखाई देता है। पहाड़ी से नीचे उतरते ही तलहटी में भारत माता का मंदिर स्थित है और सामने गंगरेल डैम का विशाल डुबान क्षेत्र फैला है, जो समुद्र जैसा दृश्य प्रस्तुत करता है। चारों ओर फैली शांति, हरियाली और सन्नाटा इस स्थान को आत्मचिंतन और साधना का केंद्र बना देता है।

अद्भुत, अकल्पनीय और अविस्मरणीय साहित्यिक महाकुम्भ

छत्तीसगढ़ के राजमुकुट में एक और मोरपंख जोड़ गया रायपुर साहित्य उत्सव

छत्तीसगढ़ी काव्य पाठ, लोकभाषा और संवेदना से सजा साहित्यिक मंच

नया रायपुर के मुक्तांगन में आज त्रिदिवसीय रायपुर साहित्य उत्सव का समापन हो गया। तीन दिनों तक चले इस अद्भुत, अकल्पनीय और अविस्मरणीय साहित्यिक महाकुम्भ में साहित्य प्रेमियों ने अपूर्व उत्साह के साथ अपनी भागीदारी दर्ज कराई और शब्दों के शानदार सफर के सहभागी बने। इसी के साथ नव प्रदेश छत्तीसगढ़ के राजमुकुट में एक और मोरपंख जुड़ गया। शब्दों की यह महायात्रा पड़ाव दर पड़ाव अपनी मंजिल पर पहुंच कर संपन्न हो गई और अपने पीछे मधुर स्मृतियों का अनमोल खजाना छोड़ गई जिसे साहित्यानुरागी और कला प्रेमी लंबे समय तक अपनी यादों में संजोकर रखेंगे। शब्दों के उत्सव के साक्षी बने प्रबुद्ध जनों ने इस भव्य और ऐतिहासिक आयोजन की भूरि भूरि प्रशंसा की और यह इच्छा व्यक्त की कि ऐसे आयोजन होते रहने चाहिए और अगली बार ऐसा हो तो कम से कम सात दिनों का हो।

जहाँ से कहानियाँ उठती हैं, वहीं से सिनेमा को रास्ता मिलता है

श्यामलाल चतुर्वेदी मंडप में रविवार को तृतीय सत्र के दौरान "छत्तीसगढ़ी काव्य पाठ" का आयोजन किया गया। यह सत्र प्रख्यात साहित्यकार पवन दीवान जी को समर्पित रहा। कार्यक्रम के सूत्रधार श्री भरत द्विवेदी रहे। काव्य पाठ में श्री रामेश्वर वैष्णव, श्री रामेश्वर शर्मा, श्री मीर अली मीर, श्रीमती शशि सुरेंद्र दुबे तथा श्रीमती श्रद्धा संतोषी महंत ने सहभागिता की। कार्यक्रम की शुरुआत श्रीमती श्रद्धा संतोषी महंत के काव्य पाठ से हुई। कवि मीर अली मीर ने
"महानदी संगम में राजिम",
"नई पटियावय दाई कोई...",
"नंदा जाहि का रे..."
जैसी रचनाओं का पाठ कर छत्तीसगढ़ी लोकभावना को स्वर दिया। हास्य कवयित्री श्रीमती शशि सुरेंद्र दुबे ने छत्तीसगढ़ी भाषा की महिमा पर आधारित कविता का पाठ किया, जिसे श्रोताओं ने सराहना के साथ ग्रहण किया।

इंटरनेट की इस दुनिया में प्रिंट और साहित्य का महत्व हमेशा रहेगा : राज्यपाल डेका

राज्यपाल श्री रमेन डेका ने कहा है कि इंटरनेट से भरी इस दुनिया और न्यू जनरेशन वाले इस दौर में भी प्रिंट और साहित्य का महत्व हमेशा बना रहेगा। राज्यपाल श्री डेका ने आज नवा रायपुर के पुरखौती मुक्तांगन परिसर में तीन दिवसीय रायपुर साहित्य उत्सव 'आदि से अनादि' के समापन समारोह के अवसर पर उक्त विचार व्यक्त किए। राज्यपाल ने कहा कि साहित्य और कविता में हमेशा एक संदेश होना चाहिए। जिस तरह संगीत के सात स्वर हमें जोड़े रखते है उसी तरह साहित्य का आदान-प्रदान नई बातों का सीखने का अवसर प्रदान करता है। समापन समारोह में मुख्य अतिथि की आसंदी से राज्यपाल ने कहा कि पिछले तीन दिनों में इस मंच पर बहुत अच्छी और सार्थक चर्चाएं हुईं। विचारों का खुलकर आदान-प्रदान हुआ। सबने मिलकर साहित्य, समाज और जीवन से जुड़े कई विषयों पर बात की। यह

उत्सव सभी साहित्य प्रेमियों के लिए एक यादगार और सीखने वाला अनुभव रहा है।

इस दौरान कई महत्वपूर्ण पुस्तकों का विमोचन भी हुआ। देश भर से आए नामी प्रकाशकों ने यहां किताबों का बहुत सुंदर संग्रह प्रस्तुत किया। पाठकों को नई-नई किताबें देखने और पढ़ने का अच्छा मौका मिला। यह देखकर अच्छा लगता है कि आज भी लोगों में किताबों के प्रति गहरी रुचि है। श्री डेका ने कहा साहित्य और संगीत का आदान प्रदान जरूरी है और ऐसे साहित्य का उत्सव हमेशा होना चाहिए। उन्होंने तीन दिवसीय सफल आयोजन के लिए सभी को बधाई देते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन राज्य के अन्य शहरों एवं गांवों के स्तर तक भी किया जाना चाहिए और यह आयोजन सरकारी न होकर समुदाय की भागीदारी वाले होने चाहिए। श्री डेका ने कहा कि आज की पीढ़ी छत्तीसगढ़ के रामायण कालीन संस्कृति एवं साहित्य को भूल गयी है। हमारा राज्य बहुत सुंदर है और यहां की संस्कृति भी बहुत समृद्ध है। इसका प्रचार प्रसार होना चाहिए ताकि राज्य के बाहर के लोग यहां के बारे में जान सकें। श्री डेका ने कहा कि शब्दों में बहुत शक्ति होती है। शब्द का रूप ब्रह्म है। उन्होंने बंकिमचंद्र चटर्जी के वंदे मातरम गीत का उल्लेख किया और कहा कि सारे देश को इन दो शब्दों ने जागृत कर दिया था। उन्होंने कहा कि साहित्य हमें जोड़ता है, हमें सोचने की नई दिशा देता है और हमें बेहतर इंसान बनने की प्रेरणा देता है। हम सभी साहित्य को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं, संवाद की परंपरा को आगे बढ़ाएं और विचारों की यह रोशनी लगातार जलाए रखें। उन्होंने उपस्थित लोगों से आग्रह किया कि वे अपने जीवन में कम से कम एक ऐसा कार्य अवश्य करें, जो बिना किसी लेन-देन या व्यक्तिगत स्वार्थ के हो। ऐसे कार्य देश और समाज के समग्र विकास को मजबूती प्रदान करते हैं।

रायपुर साहित्य उत्सव में "नई पीढ़ी की फिल्मी दुनिया" पर हुई बातचीत किसी औपचारिक पैनल जैसी नहीं लगी। मंच पर बैठे अभिनेता सत्यजीत दुबे की बातों में अनुभव था, ठहराव था और सिनेमा को देखने का एक साफ़, ज़मीनी नज़रिया था। यह स्पष्ट हो गया कि यह चर्चा फिल्मों से आगे जाकर कहानियों, संवेदना और समाज की बात करने वाली है। सत्यजीत दुबे के लिए सिनेमा चमक-दमक का खेल नहीं है। उनके शब्दों में, फिल्म की उम्र बजट तय नहीं करता, उसकी सच्चाई तय करती है। जो कहानी दिल तक पहुंचती है, वही समय के साथ चलती है। सत्यजीत ने छत्तीसगढ़ की धरती का ज़िक्र करते हुए कहा कि यहां का लोकजीवन, साहित्य और सामाजिक अनुभव भारतीय सिनेमा के लिए वह आधार हैं, जिन पर टिकाऊ और यादगार फिल्में बन सकती हैं।

'नवयुग में भारत बोध' पर विचार-विमर्श

भारतीय भाषाओं में ज्ञान और विज्ञान दोनों समाहित

रायपुर साहित्य उत्सव के अंतर्गत श्यामलाल चतुर्वेदी मंडप में रविवार को "नवयुग में भारत बोध" विषय पर परिचर्चा आयोजित की गई। यह कार्यक्रम मावली प्रसाद श्रीवास्तव को समर्पित रहा। डॉ. संजीव शर्मा ने शिक्षा में भारत बोध की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि नई शिक्षा नीति में भारतीय दृष्टि को समुचित स्थान दिया गया है। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति केवल आत्मकल्याण तक सीमित नहीं है, बल्कि विश्व कल्याण की भावना से जुड़ी हुई है। हमारी दृष्टि सभी को अपने जैसा बनाने की नहीं, बल्कि विविधता में एकता की है। उन्होंने कहा कि शिक्षा की भूमिका सामान्य से कहीं अधिक व्यापक है और उसका उद्देश्य व्यक्ति को जाति-पाति तथा संकीर्ण बंधनों से मुक्त कर मानवीय मूल्यों से जोड़ना होना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारतीय परंपरा में ईश्वर की अनुभूति मानव, जीव-जंतु और प्रकृति सभी में की जाती है। हमारी सांस्कृतिक शब्दावली को पाठ्यक्रम में सम्मिलित किया जाना चाहिए। डॉ. शर्मा ने कहा कि प्राथमिक शिक्षा स्तर पर भारत बोध से जुड़ी पाठ्यवस्तु में परिवर्तन आवश्यक है। उन्होंने ऐतिहासिक संदर्भ देते हुए कहा कि मुगलों के आक्रमण भौतिक थे, जबकि अंग्रेजों ने मानसिक आक्रमण कर भारतीयों में हीनभावना उत्पन्न की, जिससे बाहर निकलना आज की आवश्यकता है। डॉ. संजय द्विवेदी ने कहा कि भारतीय भाषाओं में ज्ञान और विज्ञान दोनों समाहित हैं। आज का भारतीय युवा देश की विशिष्ट परंपरा और ज्ञान को विश्व स्तर तक पहुंचा रहा है। उन्होंने कहा कि भारत ने कभी अपने विचार दूसरों पर थोपे नहीं, बल्कि अपने श्रेष्ठ विचार विश्व के सामने प्रस्तुत किए, जैसा कि स्वामी विवेकानंद ने किया था।

रायपुर साहित्य महोत्सव देश में होने वाले किसी भी साहित्य महोत्सव की तुलना में श्रेष्ठ

प्रख्यात अभिनेता, निर्देशक मैं 2014 में रायपुर में आयोजित पहले साहित्य उत्सव में भी उपस्थित था, उसके बाद 2026 में आयोजित इस साहित्य महोत्सव में भी सम्मिलित होने का अवसर मिला। इस दौरान मैंने पाया कि इस आयोजन में सभी व्यवस्थाएं हर मानक में उत्कृष्ट रहीं बल्कि यह देश में होने वाले किसी भी साहित्य महोत्सव की तुलना में श्रेष्ठ हैं। इसके लिए राज्य के मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जी, राज्यपाल महोदय तथा आयोजन से जुड़े भी अधिकारी-कर्मचारी बधाई के पात्र हैं। – **चंद्रप्रकाश द्विवेदी,** प्रख्यात अभिनेता, निर्देशक

साहित्यकार की अंतिम विदाई में उन्हें कंधा दिया

वरिष्ठ स्तंभकार श्री विष्णु देव साय पहले सीएम हैं जिन्होंने एक साहित्यकार की अंतिम विदाई में उन्हें कंधा दिया। श्री विनोद शुक्ल जी की अंतिम यात्रा में मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जी ने जिस तरह भावभीनी श्रद्धांजलि दी वह साहित्यकारों के प्रति उनके हृदय में आदर को व्यक्त करता है। – **अनंत विजय,** वरिष्ठ स्तंभकार

रायपुर साहित्य उत्सव का स्केल बहुत बड़ा

रायपुर साहित्य उत्सव का स्केल इतना बड़ा हो गया है कि इसकी मुझे उम्मीद नहीं थी । साहित्य के इस गरिमामय आयोजन के लिए आयोजकों को साधुवाद।

- **अखिलेश शर्मा,**
वरिष्ठ संपादक एनडीटीवी

'नाट्यशास्त्र और कला परंपरा' पर परिचर्चा

नाट्यशास्त्र-भगवद्गीता की पांडुलिपियों को सम्मिलित किया

रायपुर साहित्य उत्सव के अंतर्गत श्यामलाल चतुर्वेदी मंडप में रविवार को द्वितीय सत्र के दौरान "नाट्यशास्त्र और कला परंपरा" विषय पर परिचर्चा आयोजित की गई। यह सत्र महान कला संरक्षक राजा चक्रधर सिंह को समर्पित रहा। कार्यक्रम के सूत्रधार राजेश गानोदवाले रहे। परिचर्चा में इंदिरा कला विश्वविद्यालय, खैरागढ़ की कुलपति डॉ. लवली शर्मा तथा इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र से संबद्ध डॉ. सच्चिदानंद जोशी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

डॉ. सच्चिदानंद जोशी ने नाट्यशास्त्र की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नाट्यशास्त्र अपने आप में एक संपूर्ण शास्त्र है और जहां भी सृजनात्मकता है, वहां नाट्यशास्त्र की उपस्थिति दिखाई देती है। उन्होंने बताया कि तानपुरा निर्माण की परंपरा पर आधारित एक वृत्तचित्र का निर्माण किया गया है, जिससे पारंपरिक वाद्य निर्माण की प्रक्रिया को प्रलेखित किया जा सके। उन्होंने कहा कि यूनेस्को के 'मेमोरी ऑफ द वर्ल्ड रजिस्टर' में नाट्यशास्त्र तथा भगवद्गीता की पांडुलिपियों को सम्मिलित किया जाना भारतीय ज्ञान परंपरा की वैश्विक मान्यता का प्रमाण है।

डॉ. लवली शर्मा ने कहा कि इंदिरा कला विश्वविद्यालय द्वारा दुर्लभ वाद्य यंत्रों के संरक्षण की दिशा में निरंतर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय परिसर स्थित बावड़ी का जीर्णोद्धार कर उसका संरक्षण किया गया है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय में वाद्य यंत्रों की देखरेख और अनुरक्षण से संबंधित पाठ्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं, ताकि परंपरागत वाद्य संस्कृति को तकनीकी दृष्टि से भी संरक्षित किया जा सके। वाद्य यंत्र निर्माण से जुड़े शिल्पकारों को सम्मानित करने की परंपरा भी निभाई जा रही है।

'पत्रकारिता और साहित्य' पर पैनल चर्चा आयोजित

तथ्यों को निष्पक्षता और संवेदनशीलता के साथ प्रस्तुत करना पत्रकारिता का मूल सिद्धांत

रायपुर साहित्य उत्सव के तीसरे एवं समापन दिवस पर 'पत्रकारिता और साहित्य' विषय पर एक विचारोत्तेजक पैनल चर्चा का आयोजन किया गया। यह सत्र लाला जगदलपुरी मंडप में आयोजित दूसरे सत्र के रूप में सम्पन्न हुआ। पैनल में वरिष्ठ पत्रकार एवं साहित्यकार सुश्री स्मिता मिश्र, डॉ. हिमांशु द्विवेदी, श्री अवधेश कुमार और श्री गिरीश पंकज शामिल रहे, जबकि सत्र का संचालन श्री विभाष झा ने किया।

चर्चा के दौरान अपने विचार रखते हुए वरिष्ठ पत्रकार श्री गिरीश पंकज ने कहा कि चाहे पत्रकारिता हो या साहित्य, लेखन का मूल आधार सदैव जनहित और सामाजिक उत्तरदायित्व होना चाहिए। 'हरिभूमि' के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी ने कहा कि तथ्यों को निष्पक्षता और संवेदनशीलता के साथ प्रस्तुत करना पत्रकारिता का मूल सिद्धांत है, वहीं तथ्यों और परिस्थितियों पर चिंतन साहित्य को व्यापक और गहन दृष्टि प्रदान करता है। उन्होंने पत्रकार और साहित्यकार के बीच मूलभूत अंतर को रेखांकित करते हुए कहा कि पत्रकार प्रायः संस्थागत मर्यादाओं, मूल्यों और संपादकीय प्राथमिकताओं के दायरे में कार्य करते हैं, जबकि साहित्यकार को विषय के विविध आयामों को स्वतंत्रता के साथ अभिव्यक्त करने का अधिक अवसर मिलता है। वरिष्ठ पत्रकार सुश्री स्मिता मिश्र ने कहा कि पत्रकारिता और साहित्य के बीच अंतर मुख्यतः शैली, भाषा और दृष्टिकोण का है। पत्रकारिता जहाँ तथ्यप्रधान होती है, वहीं साहित्य भावनाओं और संवेदनाओं की ओर अधिक झुकाव रखता है। भाषा में संवेदनशीलता, रिपोर्टिंग में सहानुभूति और व्यापक दृष्टिकोण प्रस्तुत करने की क्षमता दोनों ही क्षेत्रों के लिए अनिवार्य है, क्योंकि दोनों ही जनमानस को प्रभावित करने की सामर्थ्य रखते हैं।

S-46635

'ट्रैवल ब्लॉग: पर्यटन के प्रेरक' विषय पर परिचर्चा

हमारी सांस्कृतिक धरोहर का संरक्षण, संवर्धन और उत्सव मनाना अत्यंत आवश्यक : कैनात काज़ी

भारतीय यात्रियों के यात्रा-वृत्तांत और संस्मरण युवा पीढ़ी को प्रेरित और शिक्षित करते हैं : शिखा वर्शनी

रायपुर साहित्य उत्सव के तीसरे और समापन दिवस पर लाल जगदलपुरी मंडप में प्रथम सत्र के रूप में "ट्रैवल ब्लॉगः पर्यटन के प्रेरक" विषय पर एक विचारोत्तेजक पैनल चर्चा का आयोजन किया गया। इस सत्र में प्रसिद्ध यात्रा पत्रकार, ब्लॉगर एवं एकल यात्री सुश्री कैनात काज़ी तथा "देसी चश्मे से लंदन डायरी" की लेखिका सुश्री शिखा वर्शनी ने अपने अनुभव साझा किए। सत्र का संचालन श्री राहुल चौधरी ने किया।

अपने वक्तव्य में सुश्री कैनात काज़ी ने कहा कि हिंदी साहित्य ने उनकी यात्रा-यात्रा को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। साहित्य से प्रेरित होकर उन्होंने यात्रा आरंभ की और भारत के विभिन्न हिस्सों में किए गए अपने भ्रमण अनुभवों ने उन्हें ब्लॉग लेखन और अनुभवों के दस्तावेजीकरण के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि वे मूलतः सीखने और खोज की भावना से यात्रा करती हैं, जबकि ब्लॉगिंग, डायरी लेखन और लोकप्रियता इस यात्रा के स्वाभाविक उपफल मात्र हैं। सचेत यात्रा पर बल देते हुए उन्होंने यात्रियों से आग्रह किया कि वे यात्रा को केवल देखने तक सीमित न रखें, बल्कि उसमें पूर्ण रूप से डूबें। उन्होंने कहा कि ट्रैवल ब्लॉगिंग पर्यटन स्थलों, संस्कृतियों और घटनाओं के प्रत्यक्ष अनुभवों को संजोने का एक सशक्त माध्यम है। अपने यात्रा-सफर से जुड़े एक प्रश्न के उत्तर में सुश्री शिखा वर्शनी ने कहा कि जिज्ञासा ही उनकी यात्राओं और लेखन की मूल प्रेरणा रही है। उन्होंने साझा किया कि सरकारी विद्यालय में शिक्षा प्राप्त करने के दौरान उनका परिचय हिंदी साहित्य से हुआ, जिसने उन्हें अपने अनुभवों को अभिव्यक्त करने के लिए आवश्यक शब्द-सम्पदा और संवेदनशीलता प्रदान की। उन्होंने बताया कि यद्यपि वे भारत में केवल 14–15 वर्ष ही रहीं, लेकिन अपने पिता के साथ देश के विभिन्न हिस्सों की यात्राओं ने उन्हें भारतीय संस्कृति के विविध रंगों से परिचित कराया।

सीएम साय ने जशपुर में होमस्टे का किया शुभारंभ

रायपुर/नवप्रदेश। जशपुर जिले को एक प्रमुख इको-पर्यटन गंतव्य के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की उपस्थिति में आज मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय बगिया में आयोजित कार्यक्रम में भारत के अग्रणी होमस्टे प्लेटफॉर्म होमस्टेज़ ऑफ इंडिया, छत्तीसगढ़ शासन और जशपुर जिला प्रशासन के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया।

इसके अंतर्गत ग्राम केरे को एक मॉडल सामुदायिक पर्यटन ग्राम के रूप में विकसित किया जाएगा। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने ग्राम केरे में तैयार किए गए होमस्टे का शुभारंभ किया गया। एमओयू के अंतर्गत जशपुर का पहला संगठित होमस्टे ग्राम बनाने की दिशा में कार्य होगा। एक सुव्यवस्थित एवं विस्तार योग्य होमस्टे-आधारित ग्रामीण पर्यटन पारिस्थितिकी तंत्र की स्थापना होगी। इस पहल के माध्यम से स्थानीय परिवारों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी, सतत आजीविका को सुदृढ़ किया जाएगा तथा क्षमता निर्माण और कौशल विकास के जरिए युवाओं एवं महिलाओं में उद्यमिता को प्रोत्साहन दिया जाएगा। इस परियोजना का मूल उद्देश्य स्थानीय संस्कृति, परंपराओं एवं प्राकृतिक विरासत का संरक्षण एवं संवर्धन करना है, ताकि पर्यटन विकास समावेशी, समुदाय-स्वामित्व वाला और पर्यावरण की दृष्टि से सतत बना रहे तथा क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान सुरक्षित रहे।

बस्तर में लोकतंत्र का उत्सव 47 गांव में पहली बार झंडारोहण

47 गांवों में पहली बार मनाया जाएगा गणतंत्र दिवस, उत्साह और उमंग

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के बस्तर संभाग में दशकों तक चले नक्सल हिंसा के अंधकार के बाद अब शांति, विश्वास और लोकतंत्र का उजास दिखाई देने लगा है। लंबे समय तक माओवादी उग्रवाद से प्रभावित रहे बस्तर संभाग के बीजापुर, नारायणपुर और सुकमा जिले के 47 ऐसे गांव, जहां अब तक राष्ट्रीय पर्व मनाना संभव नहीं था, वहां इस वर्ष 26 जनवरी को पहली बार गणतंत्र दिवस मनाया जाएगा। यह अवसर बस्तर के इतिहास में लोकतांत्रिक पुनर्स्थापना का साक्षी होगा। बीते दो वर्षों में केंद्र एवं राज्य सरकार की समन्वित रणनीति, सुरक्षाबलों की सतत कार्रवाई और स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से बस्तर संभाग में हालात तेजी से सामान्य हो रहे हैं। नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में 59 नए सुरक्षा कैंप स्थापित किए गए हैं, जिससे उन गांवों में सुरक्षा और प्रशासन की प्रभावी उपस्थिति सुनिश्चित हुई है। इन्हीं प्रयासों के परिणामस्वरूप बस्तर के 53 गांवों में बीते वर्ष 76वां गणतंत्र दिवस समारोह धूम-धाम से मनाया गया था, अब इस कड़ी में 47 और नये ऐसे गांव जुड़ गए हैं जहां इस साल पहली बार गणतंत्र दिवस मनाया जाएगा।

बीजापुर जिले के जिन गांवों में पहली बार गणतंत्र पर्व मनाया जाएगा, उनमें पुजारीकांकेर, गुंजेपर्ती, भीमाराम, कस्तुरीपाड, ताड़पाला हिल्स, उलूर, चिल्लामरका, काड़पर्ती, पिल्लूर, डोडीमरका, संगमेटा, तोडका, कुप्पागुड़ा, गौतपल्ली, पल्लेवाया एवं बेलनार गांव शामिल है।

स्मार्ट क्लास रूम में पढ़ेंगे अब जशपुर जिले के बच्चे

मुख्यमंत्री साय ने कांसाबेल में किया स्मार्ट क्लास रूम का शुभारंभ

रायपुर/नवप्रदेश। जशपुर जिले के स्कूली बच्चे अब स्मार्ट क्लास रूम के जरिए पढ़ाई करेंगे। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने आज कांसाबेल के सरस्वती शिशु मंदिर में स्मार्ट क्लास रूम का शुभारंभ किया। इस परियोजना के लिए एसईसीएल द्वारा सीएसआर मद से 5 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की गई है, जिसके अंतर्गत जिले के शासकीय विद्यालयों में 206 इंटरएक्टिव पैनल लगाए जाएंगे।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि आधुनिक तकनीक के माध्यम से शिक्षा को रोचक एवं प्रभावी बनाना समय की आवश्यकता है, ताकि ग्रामीण एवं दूरस्थ अंचलों के बच्चों को भी शहरों के समान बेहतर शैक्षणिक संसाधन उपलब्ध कराए जा सकें। उन्होंने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इससे विद्यार्थियों में नवाचार, जिज्ञासा एवं तकनीकी दक्षता का विकास होगा, जो उनके उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव बनेगा।

इस अवसर पर कार्यक्रम में विधायक श्रीमती गोमती साय सहित अनेक जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

अधिकारियों ने बताया कि एमओयू के तहत जशपुर जिले के चयनित शासकीय विद्यालयों में चरणबद्ध रूप से इंटरएक्टिव पैनल स्थापित किए जाएंगे। इन उपकरणों के माध्यम से शिक्षक डिजिटल कंटेंट, वीडियो, प्रेजेंटेशन एवं ई-लर्निंग संसाधनों का उपयोग कर कक्षाओं को अधिक रोचक, सरल एवं प्रभावी बना सकेंगे। इस पहल से जिले के सैकड़ों विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण डिजिटल शिक्षा की बेहतर सुविधा प्राप्त होगी। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री की पहल पर जशपुर जिले के शासकीय विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण एवं आधुनिक शिक्षण सुविधाएं उपलब्ध कराने की दृष्टिकोण से विगत माह जिला प्रशासन एसईसीएल एवं ईडूसीआईएल के मध्य त्रिपक्षीय एमओयू पर हस्ताक्षर हुए थे।



सुविचार

कुछ बातों से जानबूझकर अंजान बने रहना भी अच्छा होता है। सब कुछ जानना कई बार बहुत तकलीफ देता है।

मजबूत होता भारतीय गणतंत्र

पर्व प्रधान भारत में राष्ट्रीय पर्व हमें गर्व की अनुभूति कराते हैं। 15 अगस्त 1947 को जब हम अंग्रेजों की दासता से मुक्त हुए थे और भारत स्वतंत्र राष्ट्र घोषित हुआ था तो वह दिन भारतीय इतिहास में आजादी के पर्व के रूप में स्वर्णाक्षरों में अंकित हो गया। इसके बाद लगभग तीन वर्षों के अथक प्रयासों और कड़े परिश्रम के बाद डाक्टर भीमराव अंबेडकर की अध्यक्षता में गठित समिति ने भारतीय संविधान का निर्माण किया जो 26 जनवरी 1950 को लागू हुआ और भारत को एक संप्रभु, धर्मनिरपेक्ष लोकतांत्रिक देश घोषित किया गया। भारतीय संविधान विश्व का सबसे बड़ा लिखित संविधान है। जो समानता, न्याय और स्वतंत्रता जैसे मूल मूल्यों को अपनाने की प्रेरणा देता है। भारतीय संविधान सभी को समान अधिकार और अवसर देता है। धर्म, जाति, भाषा और लिंग के आधार पर कोई छोटा या बड़ा नहीं माना गया है। इस लिहाज भारतीय संविधान विश्व के तमाम लोकतांत्रिक देशों में सर्वश्रेष्ठ संविधान है। जिसे पूरा विश्व सम्मान देता है। सबसे बड़ी बात यह कि भारतीय गणतंत्र बीते 77 सालों में लगातार मजबूत हुआ है। बावजूद इसके कि हमारे संविधान को निहित स्वार्थों के चलते कमजोर करने की कोशिश की गई। आज दिन संविधान को खतरे में बताया जाता है। विपक्ष अक्सर सत्ता पक्ष पर संविधान का गला घोटने इसकी हत्या करने और संविधान को बदलने की कोशिश करने का आरोप लगाया रहता है। जो कतई उचित नहीं है। यह हमारे संविधान की गरिमा को ठेस पहुंचाता है। कलुषित राजनीति के लिए संविधान को बतौर हथियार इस्तेमाल करने वालों ऐसे कृत्य से परहेज करना चाहिए और सभी की यह कोशिश होनी चाहिए कि भारतीय संविधान और गणतंत्र और ज्यादा शक्तिशाली बने। गणतंत्र दिवस का दिन आत्मचिंतन का दिवस भी है। बेशक हमें संविधान ने मौलिक अधिकार दिए हैं लेकिन साथ में हमारे लिए कर्तव्य भी सुनिश्चित किए हैं। हम अपने अधिकारों को लेकर तो सजग रहते हैं और उसके लिए जरुरत पड़ने पर लड़ने से भी पीछे नहीं हटते लेकिन अपने कर्तव्य के प्रति उदासीन रहते हैं। ज्यादातर लोग यही सोचते हैं कि देश ने हमारे लिए क्या किया है जबकि उन्हें इस बात पर विचार करना चाहिए कि वे खुद देश के लिए क्या कर रहे हैं? एक नागरिक के रुप में यह देश भी उनका है और वे देश का हिस्सा हैं। देश के विकास से ही सबका विकास होगा। जहां तक सरकार का प्रश्न है तो वह भी हम ही बनाते हैं और आजादी के बाद से हर सरकार देश की उत्तरोत्तर प्रगति के लिए कल्याणकारी योजनाएं बनाती रही है और उसे क्रियान्वित भी करती रही हैं। तभी आज हमारा भारत दुनिया की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना है। कृषि, व्यपार, विज्ञान, अंतरिक्ष और सैन्य के क्षेत्र में प्रगति के नित नये सोपान तय कर रहा है। हमें अपनी इन उपलब्धियों पर गर्व होना चाहिए। देश की चहुंमुखी प्रगति में हम सब सहभागी बने, इसी मंगल कामना के साथ समस्त देशवासियों को गणतंत्र दिवस की कोटिशः शुभकामनाएं।



सद्गुरू बोधामृतम्

आप कुछ भी कर लो लेकिन श्वास (स्वास्थ्य) के प्रति ही अगर आगाह नहीं है जीवन में कि श्वास (स्वस्थ्य) कैसे बचे ? कैसे सुंदर श्वास लें ? तो फिर आप कैसे धर्म और कैसे बाकी जीवन का काम कर सकते हैं? फिर और क्या कर सकते हैं? बताइएक् ?!

– सदगुरू श्री ऋतेश्वर

आज का इतिहास

नयी दिल्ली (वार्ता)। भारतीय एवं विश्व इतिहास में 26 जनवरी की महत्त्वपूर्ण घटनाएं इस प्रकार है। 1906 - साम्यवादी महिला एवं स्वतंत्रता सेनानी सत्यवती देवी का जन्म। 1930 - ब्रिटिश शासन के अंतर्गत भारत में पहली बार स्वराज दिवस मनाया गया। 1934 - जर्मनी और पौलैंड के बीच दस वर्षीय अनाक्रमण संधि हुई। 1937 - जैन धर्म की आचार्य चंदना का जन्म। 1950 - भारत एक संप्रभु लोकतांत्रिक गणराज्य घोषित हुआ और भारत का संविधान लागू हुआ। 1950 - स्वतंत्र भारत के पहले और अंतिम गवर्नर जनरल चक्रवर्ती राजगोपालाचारी ने अपने पद से त्यागपत्र दिया और डॉ. राजेंद्र प्रसाद देश के पहले राष्ट्रपति बने। 1954 - वर्तमान शताब्दी के भारतीय दार्शनिकों में क्रान्तिकारी विचारक तथा मानवतावाद के प्रबल समर्थक मानवेन्द्र नाथ राय का निधन। 1963 - मोर के अद्भुत सौंदर्य के कारण भारत सरकार ने 26 जनवरी को इसे राष्ट्रीय पक्षी घोषित किया। 1967 - भारतीय पार्श्वगायक प्रदीप सोमासुंदरन का जन्म। 1968 - भारत की आज़ादी के लिए संघर्ष करने वाले स्वतंत्रता सेनानियों में से एक माधव श्रीहरि अणे का निधन। 1972 - युद्ध में शहीद सैनिकों की याद में दिल्ली के इंडिया गेट पर 'अमर जवान राष्ट्रीय स्मारक' की स्थापना की गयी। 1981 - पूर्वोत्तर भारत में हवाई यातायात सुगम बनाने को ध्यान में रखते हुए हवाई सेवा वायुदूत प्रारम्भ हुई। 1982 - पर्यटकों को विलासितापूर्ण रेल यात्रा का आनंद दिलाने के लिए भारतीय रेल ने पैलेस ऑन व्हील्स सेवा शुरू की। 1990 - रोमानिया के उपराष्ट्रपति डी. माजिलू ने इस्तीफ़ा दिया। 1991 - इराक ने अपने सात विमान ईरान भेजे। 1992 - मारीटानिया में विपक्ष के प्रदर्शनकारियों पर पुलिस की गोली से अनेक लोग घायल हुए। 1994 - रावलपिंडी (पाकिस्तान) में प्रथम महिला पुलिस थाने का उद्घाटन। 1999 - महिलाओं के यौन शोषण पर विश्व सम्मेलन का ढाका (बांग्लादेश) में आयोजन। 2000 - कोंकण रेलवे परियोजना पूर्ण हुई और प्रथम यात्री गाड़ी चलाई गयी। 2001 - गुजरात के भुज में 7.7 तीव्रता के विनाशकारी भूकंप में लाखों लोग मारे गए थे। 2002 - भारत के 53वें गणतंत्र दिवस पर अग्नि-2 मिसाइल आकर्षण का केंद्र रही। 2003 - ईरान के राष्ट्रपति 'सैयद मोहम्मद खातमी' गणतंत्र दिवस समारोह में शामिल हुए। 2004 - ब्रिटेन की महारानी एलिजाबेथ ने माइक्रोसाफ़्ट अध्यक्ष बिल गेट्स को 'नाइट' की उपाधि प्रदान करने की घोषणा की। 2005 - गणतंत्र दिवस के मौक़े पर मणिपुर और असम में बम फटे पर कोई हताहत नहीं हुआ। 2005 - प्रख्यात इतिहासकार विलियम दाएकिन का निधन। 2006 - फ़िलिस्तीन में हुए चुनावों में हमास ने ज़्यादातर सीटों पर कब्ज़ा किया।



राजनाथ सिंह

जनकल्याण की यही भावना 'प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना' और 'प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना' जैसी पहलों में भी साफदिखती है। 'प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना' के तहत 80 करोड़ से अधिक लोगों को निःशुल्क खाद्यान्न उपलब्ध कराया जा रहा है। वहीं, 'प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना' कठिन समय में लाखों भारतीय परिवारों के लिए आशा की किरण बनकर उभरी है। इस योजना की 53 प्रतिशत लाभार्थी महिलाएँ हैं और 72 प्रतिशत से अधिक लाभार्थी ग्रामीण भारत से आते हैं। यह सामाजिक सुरक्षा के समावेशी होने का प्रमाण है। जब प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने 'आत्मनिर्भर भारत' का आह्वान किया था, तो वह केवल अर्थव्यवस्था के स्तर तक ही सीमित नहीं था, बल्कि नागरिकों के अंदर आत्म निर्भरता की भावना बढ़ाने का भी प्रयास था। इसलिए मुद्रा योजना और स्किल इंडिया मिशन जैसी पहलों के माध्यम से नागरिकों को स्वावलंबी और उद्यमशील बनाने पर बल दिया गया है। इन योजनाओं के केंद्र में आत्मनिर्भर नागरिक बनाना है जो आत्मनिर्भर भारत का आधार भी बन रहे है। इसी क्रम में आयुष्मान भारत योजना एक महत्वपूर्ण पहल साबित हुई है। इससे आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को बहुत लाभ हुआ है जो धन के अभाव में अच्छी स्वास्थ्य सेवा से वंचित थे।

हम भारत के लोग और हमारा सतत दायित्व

भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद ने 16 मई 1952 को पहली लोकसभा को संबोधित करते हुए, संसद सदस्यों को उनके लोकतांत्रिक दायित्वों की गंभीरता का स्मरण कराया था। उन्होंने स्पष्ट किया था कि संविधान के लागू होते ही, राष्ट्रपति के निर्वाचन और पहले आम चुनाव के साथ स्वतंत्र भारत की लोकतांत्रिक यात्रा का प्रथम चरण पूरा हो चुका है और देश अब ऐसे दूसरे चरण में प्रवेश कर रहा है, जिसमें कोई विराम नहीं होगा। उनके अनुसार दूसरे चरण की लोकतान्त्रिक यात्रा तभी सफल होगी जब राज्य और शासन व्यवस्था जन-आकांक्षाओं की पूर्ति के लिए पूरी तरह समर्पित होगा। हमारे संविधान निर्माताओं ने शासन व्यवस्था के केंद्र में इस नैतिक दायित्व को स्थापित करके, राज्य और नागरिकों के बीच के संबंध को पुनः परिभाषित किया था। अब भारत के लोग किसी शासक की प्रजा नहीं, बल्कि अधिकारों से युक्त नागरिक बन चुके थे।

लोकतंत्र की एक परिभाषा के अनुसार, लोकतंत्र का अर्थ होता है ऑफद पीपल, बाय द पीपल और फॉर द पीपल यानि जनता का, जनता द्वारा और जनता के लिए शासन। हमारे संविधान की प्रस्तावना में यह साफ है कि हमारे देश में संप्रभुता जनता के हाथों में हैं और यह संविधान भारत के लोगो ने ही स्वयं के लिए गढ़ा हैं। इसलिए संविधान के अंगीकरण के साथ ही 'ऑफद पीपल' का सिद्धांत, साकार हो गया था। दूसरा सिद्धांत- बाय द पीपल, वर्ष 1952 के पहले आम चुनावों के साथ स्थापित हुआ जब लोकसभा और विधानसभाओं के सदस्यों का निर्वाचन वयस्क मताधिकार के आधार पर हुआ। लेकिन लोकतंत्र का तीसरा महत्वपूर्ण सिद्धांत-फॉर द पीपल, एक निरंतर प्रक्रिया है। इसी निरंतर प्रक्रिया की बात डॉ राजेन्द्र प्रसाद ने की थी जब उन्होंने भारत की दूसरे चरण की यात्रा में कोई विराम न होने की बात कही थी।

इन सारे तथ्यों से यह पूरी तरह स्पष्ट हो जाता है कि संविधान और लोकतंत्र की पूरी व्यवस्था के केंद्र में 'हम भारत के लोग' हैं और उनके सामाजिक और आर्थिक उत्थान का ध्येय है। यह ध्येय हमेशा भारत की राजनीतिक चेतना का अभिन्न अंग रहा है। प्राचीन भारत में ÷योग-क्षेम÷ का सिद्धांत व्यक्ति के कल्याण और सुरक्षा से जुड़ा हुआ था। महात्मा गांधी के सर्वोदय के विचार के केंद्र में भी सभी का उत्थान है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय का एकात्म मानववाद और अंत्योदय के सिद्धांत भी व्यक्ति के सम्पूर्ण विकास और वंचित वर्गों के उत्थान पर केंद्रित हैं। विकास के केंद्र में नागरिकों को रखने की यह परंपरा वर्तमान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीति ÷सबका साथ, सबका विकास में भी निहित है। वर्ष 2014 से प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में जनता

केंद्रित शासन व्यवस्था की यह सोच सरकार की नीतियों और कार्यों में स्पष्ट दिखायी देती है। इससे संवैधानिक उद्देश्यों की पूर्ति को गति और शक्ति मिली है। संविधान में मौजूद नीति निदेशक तत्वों के अंतर्गत राज्य पर श्रमिकों के लिए मानवीय और न्यायपूर्ण परिस्थितियाँ सुनिश्चित करने का दायित्व है। इसी दिशा में कार्य करते हुए हाल में ही केंद्र सरकार ने 29 श्रम कानूनों को चार श्रम संहिताओं में पिरोया है। यह श्रमिकों के लिए बेहतर आर्थिक और सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने की दिशा में बड़ा कदम है।

संविधान राज्य को यह निर्देश देता है कि वह आर्थिक असमानताओं को कम करने के लिए निरंतर प्रयासरत रहे। इस उद्देश्य की पूर्ति तभी संभव है, जब समाज के हर वर्ग को शिक्षा और रोजगार के समान अवसर उपलब्ध हों। पिछले वर्षों में लिए गए कई महत्वपूर्ण नीतिगत फैसलों के चलते आज अवसरों की यह समानता हर स्तर पर बढ़ी है।

इसका एक उल्लेखनीय उदाहरण स्टार्टअप इंडिया पहल है, जिसके हाल ही में दस वर्ष पूरे हुए हैं। इसके अंतर्गत प्रदान किये जाने वाले नीतिगत सहयोग, आर्थिक मदद, और मेंटरशिप के माध्यम से, आज किसी भी व्यक्ति के लिए एक उद्योग शुरू करना बहुत आसान हुआ है। दिसंबर 2025 तक देश में दो लाख से अधिक DPIIT-मान्यता प्राप्त स्टार्टअप्स की स्थापना, इस बात का प्रमाण है कि समान अवसरों की नीति किस तरह समावेशी आर्थिक विकास को गति दे सकती है। इस पूरे क्रम में सबसे अधिक प्रेरक बात यह है कि इन स्टार्ट-अप्स को शुरू करने वालों में बड़ी संख्या में पहली पीढ़ी के उद्यमी हैं।

आर्थिक प्रगति तभी समावेशी बनती है, जब अवसरों की समानता हो। यह आय असमानता को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। पिछले 12 वर्षों में सभी आर्थिक नीतियाँ इसी विचार से प्रेरित रही हैं। इसी का परिणाम है कि आज भारत की आर्थिक प्रगति का लाभ प्रत्येक नागरिक तक समान रूप से पहुंच रहा है। विश्व बैंक के स्प्रिंग 2025 पावर्टी एंड इक्विटी ब्रीफके अनुसार, भारत ने पिछले दशक में 17.1 करोड़ लोगों को 'अत्यधिक गरीबी' (E&treme Poverty) से भी बाहर निकाला है। सामाजिक रूप से पिछड़े व्यक्तियों के साथ-साथ आर्थिक रूप से कमजोर व्यक्तियों को भी आरक्षण का लाभ दिया गया है। केंद्र सरकार ने समावेशी विकास के साथ-साथ लोगों के लिए गरिमापूर्ण जीवन और सामाजिक न्याय सुनिश्चित करने पर भी निरंतर ध्यान केंद्रित किया है। दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 और मुस्लिम महिला (विवाह अधिकार संरक्षण) अधिनियम, 2019 जैसे कानूनों के माध्यम से सामाजिक न्याय को और भी मजबूती मिली है।

गरिमापूर्ण जीवन सुनिश्चित करने की इसी भावना का एक अच्छा उदाहरण स्वच्छ भारत मिशन (SBM) भी है। इस मिशन का नेतृत्व लोग स्वयं कर रहे हैं। और उन्होंने इसे जनांदोलन का स्वरूप प्रदान किया है। यह केवल स्वच्छता तक सीमित पहल नहीं थी, बल्कि उन करोड़ों लोगों की गरिमा को पुनर्स्थापित करने का प्रयास था, जो दशकों तक खुले में शौच करने को मजबूर थे।

महेन्द्र तिवारी

गणतंत्र दिवस का सबसे बड़ा संदेश सामाजिक एकता है। यह दिन याद दिलाता है कि भारत की पहचान किसी एक भाषा, धर्म या संस्कृति से नहीं, बल्कि उसके बहुरंगी ताने-बाने से है। जब पूर्वोत्तर से लेकर दक्षिण और कश्मीर से लेकर कच्छ तक की झलकियां एक मंच पर आती हैं, तो संघीय ढांचे की शक्ति स्पष्ट होती है। यह विविधता किसी कमजोरी का नहीं, बल्कि लोकतंत्र की परिपक्वता का संकेत है। अंततः गणतंत्र दिवस उत्सव से अधिक एक जिम्मेदारी है। यह दिन हमें संविधान के प्रति निष्ठा और लोकतांत्रिक मूल्यों के संरक्षण का संकल्प लेने का अवसर देता है। नागरिकों के अधिकारों के साथ-साथ उनके कर्तव्यों की भी याद दिलाता है। स्वतंत्रता की रक्षा केवल संस्थानों का काम नहीं, बल्कि हर जागरूक नागरिक की भूमिका इसमें निर्णायक है। जब तक लोकतंत्र में संवाद, सहिष्णुता और न्याय जीवित हैं, तब तक गणतंत्र जीवित रहेगा।

भारत का गणतंत्र दिवसः लोकतंत्र की अमर परंपरा

भारत में 26 जनवरी केवल एक तारीख नहीं, बल्कि उस ऐतिहासिक संकल्प की स्मृति है, जब औपनिवेशिक शासन से मुक्त होकर देश ने स्वयं को एक संप्रभु लोकतांत्रिक गणराज्य के रूप में स्थापित किया। गणतंत्र दिवस उस क्षण का उत्सव है, जब सत्ता किसी राजा, साम्राज्य या उपनिवेश के हाथ में नहीं, बल्कि संविधान के माध्यम से जनता के हाथों में सौंपी गई। यह दिन हमें याद दिलाता है कि स्वतंत्रता केवल राजनीतिक मुक्ति नहीं, बल्कि समानता, न्याय और गरिमा के साथ जीने का अधिकार है। भारत का स्वतंत्रता संग्राम जितना गौरवशाली था, उतना ही जटिल और लंबा भी। 15 अगस्त 1947 को देश स्वतंत्र हुआ, पर उस स्वतंत्रता को सार्थक रूप देने के लिए एक ऐसे संविधान की आवश्यकता थी, जो भारत जैसे विविधतापूर्ण समाज को एक सूत्र में बांध सके। 26 जनवरी 1930 को लाहौर कांग्रेस अधिवेशन में घोषित पूर्ण स्वराज का संकल्प केवल ब्रिटिश सत्ता से मुक्ति की मांग नहीं था, बल्कि आत्मनिर्णय और आत्मसम्मान की घोषणा भी था। यही कारण है कि स्वतंत्र भारत के संविधान को लागू करने के लिए इसी तिथि को चुना गया। 26 नवंबर 1949 को अंगीकृत और 26 जनवरी 1950 को लागू हुआ संविधान भारत के लोकतांत्रिक भविष्य की आधारशिला बना।

डॉ. भीमराव अंबेडकर के नेतृत्व में निर्मित भारतीय संविधान केवल एक कानूनी दस्तावेज नहीं है, बल्कि सामाजिक क्रांति का घोषणापत्र है। यह उस समाज के लिए लिखा गया था, जो सदियों से जाति, वर्ग, लिंग और धर्म के आधार पर विभाजित रहा। समानता का अधिकार, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, धार्मिक आज़ादी, और न्याय तक पहुंच—ये सभी प्रावधान उस भारत की कल्पना करते हैं, जहां नागरिक की पहचान उसकी जन्मगत स्थिति से नहीं, बल्कि उसके अधिकारों और कर्तव्यों से तय होती है। संविधान ने भारत को संप्रभु, समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष और लोकतांत्रिक गणराज्य घोषित कर यह स्पष्ट कर दिया कि सत्ता का अंतिम स्रोत जनता है। गणतंत्र दिवस के भव्य आयोजन इस लोकतांत्रिक चेतना को दृश्य रूप देते हैं। दिल्ली के कर्तव्य पथ पर होने वाली परेड केवल सैन्य शक्ति का प्रदर्शन नहीं, बल्कि राष्ट्रीय एकता का मंच है। विभिन्न राज्यों

की झांकियां देश की सांस्कृतिक विविधता को प्रस्तुत करती हैं और यह संदेश देती हैं कि भारत की ताकत उसकी बहुलता में निहित है। सेना, नौसेना और वायुसेना का अनुशासित मार्च देश की सुरक्षा और संप्रभुता का प्रतीक है, जबकि बच्चों की भागीदारी भविष्य की आशाओं को स्वर देती है। यह आयोजन राष्ट्र को स्वयं से संवाद करने का अवसर देता है।

हालांकि गणतंत्र दिवस का महत्व केवल औपचारिक समारोहों तक सीमित नहीं है। यह दिन आत्मचिंतन का भी है। पिछले सात दशकों में भारत ने लोकतंत्र की लंबी यात्रा तय की है। सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार, शांतिपूर्ण सत्ता हस्तांतरण, स्वतंत्र न्यायपालिका और जीवंत मीडिया ने भारत को विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के रूप में स्थापित किया है। वैज्ञानिक उपलब्धियां, अंतरिक्ष मिशन, डिजिटल क्रांति और वैश्विक मंचों पर बढ़ती भूमिका भारत की प्रगति के प्रमाण हैं। फिर भी, यह प्रश्न बार-बार सामने आता है कि क्या लोकतंत्र का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचा है। आज भारत गंभीर सामाजिक और आर्थिक चुनौतियों से जूझ रहा है। बढ़ती असमानता, बेरोजगारी, किसानों की आय का संकट, महिलाओं की सुरक्षा, और पर्यावरणीय क्षरण जैसे मुद्दे लोकतांत्रिक व्यवस्था की परीक्षा ले रहे हैं। संविधान ने समान अवसर का वादा किया था, लेकिन जमीनी सच्चाई अक्सर इस वादे से पीछे रह जाती है। लोकतंत्र केवल चुनावों तक सीमित न होकर जवाबदेही और सहभागिता की मांग करता है। जब नागरिकों की आवाज़ को दबाया जाता है या असहमति को राष्ट्रविरोध के रूप में प्रस्तुत किया जाता है, तब लोकतंत्र की आत्मा कमजोर होती है।

गणतंत्र दिवस हमें यह भी याद दिलाता है कि संविधान एक स्थिर दस्तावेज नहीं, बल्कि समय के साथ विकसित होने वाली जीवंत व्यवस्था है। अब तक हुए संशोधन सामाजिक और आर्थिक परिवर्तनों के अनुरूप हैं, लेकिन किसी भी संशोधन की कसौटी यही होनी चाहिए कि वह संविधान की मूल भावना—न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुता—को मजबूत करे, न कि कमजोर। लोकतंत्र में सत्ता पक्ष के साथ-साथ एक सशक्त विपक्ष, स्वतंत्र न्यायपालिका और निष्पक्ष संस्थाएं अनिवार्य हैं। इनके बिना गणतंत्र केवल नाममात्र का रह जाएगा। आज जब भारत 'आज़ादी के अमृत काल' की बात करता है, तब यह आवश्यक हो जाता है कि विकास के मॉडल पर पुनर्विचार किया जाए। आर्थिक वृद्धि तब तक सार्थक नहीं हो सकती, जब तक वह समावेशी न हो। शिक्षा और स्वास्थ्य में निवेश, ग्रामीण भारत का सशक्तिकरण, और हाशिए पर खड़े समुदायों को मुख्यधारा में लाना लोकतांत्रिक दायित्व हैं। डॉ. अंबेडकर ने चेताया था कि राजनीतिक समानता के साथ सामाजिक और आर्थिक समानता नहीं आई, तो लोकतंत्र खतरे में पड़ सकता है।

पाठकों की बात — पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया



किसे जताना है कि किसके पास क्या है जब हर इंसान अपने-अपने खालीपन से कुछ भर लेने की कोशिश में है। जिसे जो मिला वो किसी और की चाह नहीं था, और जो किसी के पास नहीं वो किसी और की कमी नहीं फिर भी तुलना हमारी आदत बन गई है। दिखावे की चमक अक्सर भीतर की दरारें ढक देती है, मुस्कानें ओढ़ ली जाती हैं ताकि दर्द पहचाना न जाए। और अंत में इतना ही सच बचता है जो भीतर संतोष से भरा हो, उसे बाहर कुछ साबित करने की ज़रूरत नहीं होती। – **सीमा नागर**

श्वेत वर्ण कमलासिनी मातु शारदे नमन है। ज्ञान ध्यान वरदायनी, करे मूढ़ता शमन है। तिथि बसंत की पंचमी, अवतारी ज्योतिर्मयी , हंस वाहिनी शारदा, धारतीं श्वेत वसन है।। – **रजनी रामदेव**



दुर्गुणों का तम गहन है ज्ञान की माँ भोर कर दो साधना सेवा के पथ पर मन को पावन मोर कर दो कंठ में सुर हो समाहित लेखनी में सत्य हो आपकी शरणागति हूँ माँ कृपा की कोर कर दो। – **पूजा बंसल**



फूल-फूल कुप्पा हुआ,देखो कैसे फूल। शायद उसको मिल गई, प्रभु चरणों की धूल।। ऋतु बसंत ने है दिया, पुष्पों का शुभ हार। आम्र मंजरी से हुआ, पूर्ण, धरा श्रृंगार।। बेशक आया झूमकर, सभी ओर बसंत। पर,सैनिक के विरह का, कर न सका वो अंत।। – **शुचि भवि**

दुआओं का सबकी असर देखना हरा होगा सूखा शजर देखना। उतर कर किसी के जिगर देखना मिलेगा खुदा का वो घर देखना। तुम्हें मिल ही जाएगा अपना पता मेरी धड़कनों में उतर देखना। बिना हमकदम राह तो चल दिए मुकम्मल न होगा सफर देखना। बहुत दिल लुभाती है मासूमियत जरा बचपनें से गुजर देखना। निखर जाएगी तेरी सूरत सनम तसव्वुर में मेरे सँवर देखना। मिली मंजिलें गुनगुनाती हुई तनुज हौसलों की नज़र देखना। – **सतीश मैथिल तनुज**

पवन की गति, नदी की लहरों और मन की तीव्र चंचलता (गति) पंछी आकाश में उड़ते जरूर है। आशियाना भूधरा पर ही टिका होता है। जितनी चाबी भरी राम ने उतना चले खिलौना हंसते मुस्कुराते रहो दो पल की जिंदगी एक पल आपका एक पल यादगार...

– **गौरी पटले**



गुल-पोश हैं बाग-बगीचे चहूँ ओर सब सजे-धजे हवाएँ आकर सहला जाती मौसम से जैसे गले-मिले गर्म लिहाफ सी धूप गुनगुनी मिज़ाज में यूं घुले-मिले अलकें कर रही सरगोशियां हँसी चेहरे सब खिले-खिले यादें संग चल रही हैं मगर कहीं ख्याल कुछ गुने-गुने किस्मत सब कुछ छीन लेती खुशियां लगती तब बुल-बुले – **सपना चन्द्रा**

जिया तो इस जीवन को मैं, किन्तु जीकर ही क्या किया-? स्व को तो पाया ही नहीं मैं- संसार में कौन सा जहर पिया,, शिव सा होने का दंभ है- किन्तु यह तेरा आरंभ है- हैं बहुत से संसार के संबंध- स्व को देख तू कहां जिया,, जिया तो इस जीवन को मैं, किन्तु जीकर ही क्या किया।

– **ललित उपाध्याय**

राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

मेषः आज के दिन आप परस्पर सम्बंधो को लेकर चिंतित रहेंगे। व्यवहार की कमी के कारण पुराना अनुबंद अथवा व्यवसायिक रिश्ता खत्म हो सकता है।

वृषः आज का दिन लाभदायक है व्यस्तता आज अधिक रहेगी चाह कर भी सुस्ताने का समय नही निकाल सकेंगे। मेहनत खाली नही जाएगी।

मिथुनः आज का दिन कार्यसफलता देने वाला है। जिस भी कार्य को करें दृढ़ निश्चय के साथ करें विजय अवश्य मिलेगी। आज आकस्मिक यात्रा के योग बन रहे है।

कर्कः आज भी आपका मन धार्मिक भावो से भरा रहेगा लेकिन अन्य आवश्यक कार्य रहने से ज्यादा समय नही दे पाएंगे। व्यवसायी वर्ग धन कमाने के लिये अनैतिक मार्ग को ज्यादा पसंद करेंगे बाद में इससे लाभ की जगह हानि होगी फिर वो किसी भी रूप में ही हो।

सिंहः आज भी सेहत संबंधित समस्याओं के कारण मन खराब रहेगा। किसी की भी बातो को अनसुनी करेंगे जिससे वातावरण अशान्त बनेगा।

कन्याः आज के दिन आपकी किसी बहुप्रतीक्षित कामना पूर्ति होने की संभावना है। आर्थिक पक्ष पहले से अधिक मजबूत बनेगा। नौकरी अथवा व्यवसाय में किसी महत्त्वपूर्ण कार्य को लेकर दुविधा होगी।

तुलाः आज आपकी दिनचार्य व्यवस्थित रहेगी दिन के आरंभिक भाग में किसी महत्त्वपूर्ण व्यक्ति से भेंट की योजना बनाएंगे लेकिन इससे उतना लाभ नही होगा जितनी आप आशा लगाए है।

वृश्चिकः आज के दिन आप अपनी बुद्धि एवं विवेक के बल पर मान-सम्मान के हकदार बनेंगे। लेकिन अपनी राय किसी के मांगने पर ही दे अन्यथा उपेक्षा होने पर क्रोध आएगा।

धनुः आप आज के दिन मानसिक रूप से अशान्त रहेंगे। पारिवारिक वातावरण गलतफहमियों के कारण उग्र रहेगा पति-पत्नी एक दूसरे पर छींटा कशी करेंगे।

मकरः कार्यो को करेंगे विशेषकर सरकार संबंधित उनके आरंभ में उलझने ज्यादा बढ़ेंगी लेकिन हतोत्साहित ना हो प्रयास करने में कसर ना रखें निश्चित ही सकारात्मक परिणाम देखने को मिलेंगे।

कुंभः आज के दिन आप भाग-दौड़ की जिंदगी से बचने का प्रयास करेंगे लेकिन किसी ना किसी कारण से आज ज्यादा ही करनी पड़ेगी।

मीनः आज दिन भर चंचलता मन पर हावी रहेगी बच्चों जैसी बातें कर हास्य के पात्र बनेंगे लेकिन आज का दिन कार्य व्यवसाय से शुभ फल दिलाएगा। लोग पहले आपकी बाते गंभीर नही लेंगे परन्तु बाद में पछतावा होगा।

QUIZ TIME

1) मैरी कॉम ने किस ओलंपिक में महिला मुक्केबाजी में भारत का पहला ओलंपिक पदक जीता था?

2) हॉकी में ओलंपिक स्वर्ण पदक (1932) अमेरिका पर 24-1 की जीत में भारत के लिए किसने 10 गोल किए?

3) हाल ही में कौन-सा देश विश्व स्वास्थ्य संगठन से अलग हुआ है?

4) राष्ट्रीय बालिका दिवस प्रतिवर्ष कब मनाया जाता है?

5) इंदिरा गांधी शांति पुरस्कार 2025 के लिए किसे चुना गया है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) 2012 के लंदन ओलंपिक (2) रूप सिंह (3) अर्जेंटीना (4) 24 जनवरी (5) ग्राका माशेल

पहेली

■ न्यूज गैलरी

केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू करेंगे ध्वजारोहण

दुर्ग। गणतंत्र दिवस के पावन पर्व पर जिले में केन्द्रीय आवास एवं शहरी कार्य राज्यमंत्री तोखन साहू 26 जनवरी को रविशंकर स्टेडियम दुर्ग में आयोजित मुख्य समारोह में सुबह 9 बजे ध्वजारोहण करेंगे और परेड की सलामी लेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू सुबह 9 बजे रविशंकर स्टेडियम दुर्ग पहुंचकर ध्वजारोहण करेंगे। इसके बाद परेड का निरीक्षण करेंगे। हर्ष फायर, 9.15 बजे मार्च पास्ट आयोजित किया जाएगा। इसके बाद वे मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन करेंगे। समारोह में शहीद परिवारों का सम्मान किया जाएगा। स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी जाएगी। इसके बाद पुरस्कार वितरण किया जाएगा।

जिलाधीश और नागरिक एकादश के बीच हॉकी व रस्साखींच मैच का आयोजन

दुर्ग। जिले में गणतंत्र दिवस 26 जनवरी के अवसर पर जिला प्रशासन द्वारा पंडित रविशंकर स्टेडियम में 'जिलाधीश एकादश' और 'नागरिक एकादश' के बीच मैत्रीपूर्ण हॉकी और रस्साखींच मैच का आयोजन किया जाएगा। पिछले 77 वर्षों की गरिमामयी विरासत को अक्षुण्ण रखते हुए यह आयोजन शाम 4 बजे से शुरू होगा। 'जिलाधीश एकादश' की टीम में जिले के शीर्ष प्रशासनिक अधिकारी मैदान पर दमखम दिखाएंगे। टीम की अगुवाई जिला एवं सत्र न्यायाधीश विनोद के कुजूर करेंगे। उनके साथ दुर्ग संभागायुक्त सत्यनारायण राठौर, पुलिस महानिरीक्षक अभिषेक शांडिल्य और दुर्ग कलेक्टर अभिजीत सिंह, एसपी विजय अग्रवाल, सीएसपी हर्षित मेहर, और डीएफओ दीपेश कपिल, एडीएम अभिषेक अग्रवाल, जिला पंचायत सीईओ बजरंग दुबे, अपर कलेक्टर वीरेन्द्र सिंह सहित नगर निगम आयुक्त और विभिन्न विभागों के जिला प्रमुख होंगे।

राज्य स्तरीय रोजगार मेला 29 से

दुर्ग। जिले के शिक्षित बेरोजगार युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार उपलब्ध कराने विशेष पहल की जा रही है। प्रदेश के कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा व रोजगार विभाग द्वारा आगामी 29, 30 और 31 जनवरी को शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय, सेजबहार रायपुर में तीन दिवसीय 'राज्य स्तरीय रोजगार मेला' का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन के माध्यम से निजी क्षेत्र के तकनीकी और गैर-तकनीकी श्रेणी के लगभग 15,000 रिक्त पदों पर चयन के लिये साक्षात्कार लिए जाएंगे। दुर्ग जिले के आवेदकों के लिए विभाग द्वारा 30 जनवरी शुक्रवार की तिथि तय की गई है। मेले में शामिल होने के लिये अभ्यर्थियों को ऑनलाइन पोर्टल पर रोजगार पंजीयन और रोजगार मेला हेतु पंजीयन कराना अनिवार्य है। जिन आवेदकों ने अब तक पोर्टल पर पंजीयन नहीं कराया है, वे तत्काल अपनी प्रक्रिया पूर्ण कर सकते हैं।

नशे में धुत युवक ने गदा से किया हनुमान जी की मूर्ति पर प्रहार, पुलिस ने भेजा जेल

ग्रामीणों ने आरोपी को मौके पर पकड़ा, पुलिस के हवाले किया, पद्मनाभपुर थाना क्षेत्र के हनोदा गांव का मामला

दुर्ग/नवप्रदेश। पद्मनाभपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत हनोदा गांव के भाठापारा बाजार चौक स्थित प्राचीन दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में नशे की हालत में एक युवक ने हनुमान भगवान की मूर्ति पर हमला कर दिया। इस घटना में हनुमान जी की मूर्ति को नुकसान पहुंचा है। इस घटना के बाद गांव में आक्रोश फैल गया। ग्रामीणों ने आरोपी को मौके पर पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने अपराध दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

दोपहर करीब डेढ़ बजे आरोपी युवक भूपेंद्र बंजारे नशे की हालत में मंदिर परिसर पहुंचा। वहां मूर्ति के पास रखी हनुमान जी की गदा को उठाकर उसने मूर्ति के मुख पर कई प्रहार किया। युवक ने पांच से छह बार गदा से वार किया, जिसके कारण मूर्ति का मुख क्षतिग्रस्त हो गया। इस घटना के बाद मंदिर परिसर में अफरा-तफरी मच गई।

घटना के दौरान आसपास मौजूद ग्रामीणों ने युवक को ऐसा करते देख मौके पर पकड़ लिया। स्थानीय लोगों के साथ हिंदू संगठन के पदाधिकारियों ने युवक को पुलिस के हवाले किया।

पद्मनाभपुर थाना पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर आगे की कार्रवाई कर रही है।

मंदिर के पुजारी आर्यनाथ योगी ने कहा कि यह मंदिर गांव का प्राचीन दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर है, जो वर्षों से ग्रामीणों की आस्था का केंद्र रहा है। इस कृत्य से हिंदुओं की आस्था को ठेस पहुंची है। मंदिर में आकर बजरंगबली की गदा को उठाकर उनके मुख पर 5 से 6 बार प्रहार किया गया है। मंदिर और मूर्ति पूरी तरह खंडित हो चुकी है। हिंदुओं की आस्था को ठेस पहुंची है। इस घटना से ग्रामवासी आक्रोशित है। उन्होंने दोषी के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की है।

स्थानीय लोगों ने कहा कि जो हिंदू धर्म को नहीं मानते हैं, वे लोग इस तरह की हरकत करते हैं। बजरंग बली हमारे आराध्य देव हैं, साक्षात हनुमान देव हैं। उनकी मूर्ति को तोडने वाले लोगों के ऊपर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए।

पद्मनाभपुर थाना पुलिस ने बताया कि आरोपी नशे की हालत में था और उसने गदा उठाकर मूर्ति पर प्रहार किया, जिससे मूर्ति और गदा को नुकसान पहुंचा है। मूर्ति पूरी तरह खंडित नहीं हुई है, लेकिन उसे नुकसान पहुंचा है। आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 298 के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त करने नगर निगम की टीम ने पुलिस बल के साथ हटाया अतिक्रमण

सुपेला संडे मार्केट में फिर चला निगम का बुलडोजर

भिलाई/नवप्रदेश। शहर की बिगड़ती ट्रैफिक व्यवस्था को सुधारने के लिए नगर निगम भिलाई और पुलिस प्रशासन ने सुपेला संडे मार्केट में रविवार को सुबह से अवैध कब्जे हटाने का अभियान शुरू कर दिया। इससे पहले 18 जनवरी को भी संडे मार्केट से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई करते हुए करीब 150 दुकानों के अवैध कब्जे हटाए गए थे।

आज सुबह करीब 6 बजे कार्रवाई शुरू की गई। नगर निगम की टीम के साथ पुलिस बल मौके पर मौजूद रहा। विरोध की आशंका को देखते हुए सुपेला और वैशाली नगर थाने की पुलिस टीमों को तैनात किया गया था। इस दौरान भिलाई नगर सीएसपी भी मौके पर मौजूद थे।

नगर निगम की टीम ने कार्रवाई से पहले सभी दुकानदारों को अतिक्रमण हटाने की चेतावनी दी थी। दुकानदारों को कार्रवाई की जानकारी भी दे दी गई। नगर निगम की टीम रविवार को सुबह 6 बजे मौके पर पहुंची और अवैध रूप से लगाए गए ठेले, दुकानें और अस्थायी निर्माण हटाने का काम शुरू कर दिया। पुलिस बल की मौजूदगी के कारण किसी भी दुकानदार ने विरोध नहीं किया। तय सीमा से बाहर दुकान लगाने वालों की सामग्री जब्त किया गया।

सुपेला संडे मार्केट में बेतरतीब ढंग से दुकानें लगने के कारण हर रविवार को ट्रैफिक व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो जाती थी। सड़क पर अतिक्रमण के कारण राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता था। लगातार शिकायतों के बाद निगम प्रशासन ने यह कदम उठाया।

विधायक ललित चंद्राकर ने किया सामाजिक भवन का लोकार्पण

■ **मां परमेश्वरी जयंती कार्यक्रम में शामिल हुए**

भिलाई/नवप्रदेश। बसंत पंचमी के अवसर पर ग्राम चंदखुरी में देवांगन समाज ने मंडल स्तरीय माँ परमेश्वरी जयंती का आयोजन किया। मुख्य अतिथि दुर्ग ग्रामीण विधायक व राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर ने मां परमेश्वरी की पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। बसंत पंचमी पर्व की शुभकामनाएं दी। देवांगन समाज द्वारा माँ परमेश्वरी जयंती पर भव्य कलश यात्रा भी निकाली गई। माँ परमेश्वरी की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर विशेष पूजा अर्चना व सेवा भजन किया गया। समाज के बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान किया गया। कार्यक्रम के दौरान 12 लाख की लागत से सामाजिक भवन के अतिरिक्त कक्ष का फीता काटकर समाज को समर्पित किया गया। इस अवसर पर दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि देवांगन समाज मेहनती समाज के रूप में माना जाता है। समाज की मांग पर सामाजिक भवन बन चुका है। अब सामाजिक कार्यों व अन्य कार्यक्रमों के आयोजन में सुविधा मिलेगी। इस अवसर पर पूर्व विधायक बालमुकुंद देवांगन, दुर्ग जिला देवांगन समाज अध्यक्ष पुराणिक देवांगन, दुर्ग जनपद अध्यक्ष कुलेश्वरी देवांगन, जिपं सदस्य प्रिया साहू, श्रद्धा साहू, जिपं सदस्य आशा मिश्रा, जनपद अध्यक्ष कुलेश्वरी देवांगन, सरपंच कविता ठाकुर, उपसरपंच योगिता यादव, दिलीप देवांगन, पूनाराम देवांगन, खेमलाल चंद्राकर, जगन्नाथ देवांगन, बीरेंद्र देवांगन, शिवा देवांगन उपस्थित थे।

जुए की फड़ पर पुलिस ने मारा छापा, पकड़े गए 21 जुआरी

भिलाई/नवप्रदेश। जिले के नंदिनी नगर थाना क्षेत्र के ग्राम रवेलीडीह में जुए की फड़ पर दुर्ग पुलिस ने 21 जुआरियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से करीब 1 लाख 91 हजार रुपए कैश, एक कार, 10 बाइक और 25 मोबाइल समेत कुल 9 लाख 66 हजार रुपए का मशरुका जब्त किया गया है। रवेलीडीह में टीकाराम वर्मा के घर पर कुछ लोग रुपए-पैसे का दांव लगाकर काट पत्ती जुआ खेल रहे हैं। पुलिस ने चारों ओर से घेराबंदी कर जुए की फड़ पर छापा मारा। इस दौरान 52 पत्ती ताश के साथ 21 लोगों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया। तलाशी के दौरान आरोपियों के पास से 1.91 लाख रु नकद, एक आल्टो कार (कीमत करीब 50 हजार रुपए), 7 बाइक (कीमत लगभग 3 लाख 50 हजार रुपए), 25 मोबाइल (अनुमानित कीमत 3 लाख 75 हजार रुपए) बताई गई है। एएसपी ग्रामीण एमएस चंद्रा ने बताया कि कार्रवाई में खुर्सीपार निवासी सुखेश नयां, सुरडंग के कमलेश्वर सिंह व संतोष शुक्ला, दुर्ग के धनराज व दिनेश सोनी, स्मृति नगर के प्रशांत वर्मा व विक्की साहू, कोहका के नयन साहू, हिंमाशु निषाद, ध्रुव सोनी, नगपुरा के संतोष सेन, जसवंत, प्रकाशदास गोस्वामी, धर्मेन्द्र सिन्हा, वैशाली नगर के मोहित वर्मा आदि को गिरफ्तार किया गया है।

अवैध शराब के साथ एक गिरफ्तार

दुर्ग/ कलेक्टर अभिजीत सिंह के निर्देशानुसार जिले में अवैध मदिरा के खिलाफ लगातार अभियान जारी है। आबकारी विभाग के सहायक आयुक्त सीआर साहू के मार्गदर्शन में टीम ने अवैध शराब के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गश्त के दौरान आबकारी वृत्त धमधा की टीम को पथरिया क्षेत्र में अवैध शराब की बिक्री की सूचना मिली। टीम ने संदिग्ध स्थान पर दबिश देकर गोविन्द साहू (64 वर्ष) निवासी पथरिया को हिरासत में लिया। तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से 40 नग पाव देसी मदिरा मसाला बरामद किया गया। जब्त शराब का बाजार मूल्य लगभग 4 हजार रुपये आंकी गई है। कार्रवाई के दौरान आबकारी उपनिरीक्षक भोजराम रत्नाकर, मुख्य आरक्षक प्रह्लाद सिंह राजपूत और वाहन चालक दुर्गा प्रसाद साहू का योगदान रहा।

यूनिवर्सल रेल मिल में सुरक्षा सप्ताह का शुभारंभ

भिलाई/नवप्रदेश। सेल-बीएसपी के यूनिवर्सल रेल मिल में सुरक्षा जागरूकता सप्ताह का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और सुरक्षा शपथ के साथ किया गया। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि कार्यपालक निदेशक (वर्क्स) राकेश कुमार, विशिष्ट अतिथि मुख्य महाप्रबंधक (सुरक्षा एवं अग्निशमन सेवाएं) देवदत्त सतपथी और महाप्रबंधक प्रभारी (यूआरएम) विशाल गुप्ता उपस्थित रहे। सुरक्षा सप्ताह के दौरान कर्मचारियों और संविदा श्रमिकों के लिए विविध जागरूकता व प्रशिक्षण गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिनमें सेफ्टी क्विज, रचनात्मक प्रस्तुतियां, गैस सेफ्टी जागरुकता कार्यक्रम, ऑक्यूपेशनल हेल्थ व व्यावसायिक खतरों से संबंधित प्रशिक्षण और प्राथमिक उपचार का व्यवहारिक प्रदर्शन किया गया। सभी आयोजनों के माध्यम से सुरक्षा नियमों, मानक संचालन प्रक्रियाओं, जोखिम पहचान, आपातकालीन प्रतिक्रिया और सुरक्षित कार्य व्यवहार के प्रति सहभागियों की समझ को सुदृढ़ किया गया। कार्यस्थल पर सुरक्षा प्रथम की भावना को प्रभावी रूप से प्रोत्साहित किया गया। विभिन्न गतिविधियों के अंतर्गत आयोजित सेफ्टी क्विज के माध्यम से सुरक्षा के महत्व, दुर्घटना रोकथाम, व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण (पीपीई), परमिट टू वर्क और कार्यस्थल पर सतर्कता व व्यक्तिगत जिम्मेदारी के प्रति जागरुक किया गया। सुरक्षा विषय पर आधारित कविता, भाषण और गीत के माध्यम से भी जागरूकता का संदेश दिया गया। गैस सेफ्टी अवेयरनेस कार्यक्रम में विनय देवांगन (ईएमडी) ने गैस से संबंधित संभावित खतरों, सुरक्षित उपयोग, लीकेज की पहचान व आपातकालीन प्रतिक्रिया के विषय में जानकारी दी। कार्यस्थल पर स्वास्थ्य व व्यवसायिक खतरों से संबंधित प्रशिक्षण सत्र में दीर्घकालीन कार्य से होने वाले स्वास्थ्य प्रभाव, एर्गोनॉमिक्स और संभावित जोखिमों पर शुभश्री प्रशांत (एनओएचएससी) ने मार्गदर्शन दिया। प्राथमिक उपचार प्रशिक्षण के तहत चोट, बेहोशी, फ्रैक्चर और अन्य आपात परिस्थितियों में त्वरित सहायता के व्यवहारिक तरीकों का प्रदर्शन एसडी ग्वाल (एनओएचएससी) ने किया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी (आयरन) तापस दासगुप्ता और विशिष्ट अतिथि महाप्रबंधक प्रभारी सुरक्षा एसके अग्रवाल की उपस्थिति में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाप्रबंधक प्रभारी यूआरएम विशाल गुप्ता ने की। समापन अवसर पर प्रस्तुत सुरक्षा नाटक ने व्यक्तिगत सहभागिता और सतर्कता के महत्व को रेखांकित किया।

40 लाख स्वीकृत

दुर्ग। कलेक्टर अभिजीत सिंह द्वारा निर्माण कार्य के लिए 40 लाख 4 हजार 803 रुपए स्वीकृत किये हैं। जिला प्रभारी मंत्री व उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा द्वारा अनुशंसित कार्य का क्रियान्वयन एजेंसी आरईएस द्वारा किया जाएगा। स्वीकृत कार्यों में वार्ड 4 गयानगर में रसोई कक्ष, शौचालय सह मंच निर्माण हेतु 8.54 लाख और वार्ड 40 कसारीडीह में हेतु 9.99 लाख और शौचालय निर्माण हेतु 3 लाख व अन्य कार्य स्वीकृति दी।

कैबिनेट मंत्री यादव ने किया डेढ़ करोड़ के विकास कार्यों का भूमिपूजन

दुर्ग/नवप्रदेश। स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने आज वार्ड 44 में विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। कुल 1 करोड़ 15 लाख 76 हजार की लागत से तीन सड़कें बनेगी। इसके अलावा वार्ड में 19.30 लाख की लागत से सतनाम भवन और 9.94 लाख की लागत से सतनाम भवन में अहाता निर्माण कार्य का भी भूमिपूजन किया गया। सामुदायिक भवन के निर्माण कार्य का भी शुभारंभ किया गया। केबिनेट मंत्री ने बताया कि ईरानी डेरा से

महाराजा चौक तक 1.88 किमी, दुर्ग टेम्पो स्टैंड से पोटिया रोड तक 3 किलोमीटर और पॉलिटेक्निक कॉलेज परिसर में 1.20 किमी लंबी सड़क का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश सरकार सुशासन और विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य और सामुदायिक सुविधाएं किसी भी क्षेत्र के समग्र विकास की नींव होती हैं। क्षेत्र में लगातार हो रहे विकास कार्य इस बात का प्रमाण हैं कि सरकार जनता की जरूरतों को समझते हुए योजनाओं को धरातल पर उतार रही है। उन्होंने आश्वस्त किया कि आने वाले समय में विकास की गति निरंतर बनी रहेगी और जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ हर व्यक्ति तक पहुंचेगा। कार्यक्रम में महापौर अलका बाघमार, सभापति श्याम शर्मा, पार्षद मनीष कोठारी, महापौर परिषद के सदस्य, अन्य पार्षद, मंडल अध्यक्ष, युवा मोर्चा की टीम सहित बड़ी संख्या में वार्ड के नागरिक उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर बीएलओ और नए मतदाता सम्मानित, संभागायुक्त ने दिलाई शपथ

दुर्ग/नवप्रदेश। 16 वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन कला मंदिर सिविक सेंटर भिलाई में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संभागायुक्त सत्यनारायण राठौर ने उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों और बड़ी संख्या में मौजूद विद्यार्थियों को मतदाता शपथ दिलाई। नए मतदाताओं को प्रतीकात्मक रूप से बैच लगाकर सम्मानित किया गया। संभागायुक्त

ने कहा कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस का उद्देश्य देश में मतदाताओं की भागीदारी बढ़ाकर लोकतंत्र को और अधिक सशक्त बनाना है। जिन नागरिकों का नाम मतदाता सूची में नहीं है, वे फार्म-6 के माध्यम से ऑफलाइन या ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। उप जिला निर्वाचन अधिकारी वीरेन्द्र सिंह ने एसआईआर 2026 के दौरान शत-प्रतिशत गणना प्रपत्र वितरण, संग्रहण और डिजिटाइजेशन कार्य पूर्ण करने वाले बीएलओ की सराहना की। एसआईआर 2026 के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाले जिले के 18 बूथ लेवल अधिकारियों को सम्मानित किया गया। जिले के हरेक विधानसभा क्षेत्र से चयनित तीन-तीन बीएलओ को प्रशस्ति पत्र और 5 हजार रुपए की पुरस्कार राशि प्रदान की गई। सम्मानित बीएलओ में विधानसभा क्षेत्र पाटन से निर्मला बघेल, चमेली साहू व नेपाल यादव, दुर्ग ग्रामीण से सुनीता चन्द्राकर, हिमानी देवांगन व जयन्ती, दुर्ग शहर से मधु नामदेव, योगिता कनौजे और सरिता साहू, भिलाई नगर से खिलेश दास, सरस्वती साहू और यशोदा साहू, वैशाली नगर से अनुज श्रीवास्तव, भागवती निर्मलकर व अंजना शर्मा और अहिवारा से संतोषी साहू, सुशीला वर्मा और योगमाया वर्मा शामिल हैं। कार्यक्रम के अंत में जिला पंचायत सीईओ बजरंग दुबे ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

उपलब्धि | **एटमास्टको लिमिटेड का रक्षा क्षेत्र में कदम, जीडीपी में बढ़ेगा योगदान**

भिलाई की एटमास्टको लिमिटेड बनी राष्ट्रीय सुरक्षा की भागीदार : डेका

■ **राज्यपाल डेका ने भिलाई में एटमास्टको लिमिटेड की बुलेट प्रूफ जैकेट और हेलमेट फैक्ट्री का किया उद्घाटन**

भिलाई/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य के राज्यपाल रमेन डेका आज दुर्ग जिले के प्रवास के दौरान नंदनी स्थित रक्षा उपकरण निर्माता कंपनी एटमास्टको लिमिटेड की बुलेट प्रूफ जैकेट और हेलमेट निर्माण इकाई के उद्घाटन समारोह में शामिल हुए। उन्होंने फीता काटकर फैक्ट्री का विधिवत उद्घाटन किया।

इस अवसर पर राज्यपाल डेका ने परिसर में एक पेड़ मां के नाम के तहत पौधारोपण किया। उद्घाटन समारोह को सम्बोधित करते हुए राज्यपाल डेका ने कहा

कि आज भिलाई के औद्योगिक केंद्र से उभरती एक उल्लेखनीय सफलता की कहानी देखकर बेहद खुशी हो रही है।

35 वर्षों से अधिक समय से एटमास्टको समूह छत्तीसगढ़ के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। सन 1987 में भिलाई में एक छोटी सी शुरुआत से, एटमास्टको एक शक्तिशाली औद्योगिक ताकत के रूप में विकसित हुई है। फरवरी 2024 में एटमास्टको लिमिटेड ने एनएसई पर सूचीबद्ध होकर आधिकारिक तौर पर राष्ट्रीय स्तर पर कदम रखा।

राज्यपाल ने कहा कि यह कंपनी हर साल 20 हजार मीट्रिक टन भारी इंजीनियरिंग निर्मित स्टील का उत्पादन करती है। महत्वपूर्ण बात यह है कि यह समुदाय के लिए जीवन रेखा है, जो उन्हें सर्विस देते हैं। छत्तीसगढ़ के भिलाई में स्थित एटमास्टको ने टाटा स्टील, अडानी, वेदांता, एलएंडटी, भेल, एनटीपीसी जैसी अग्रणी कंपनियों के साथ साझेदारी करते हुए देशभर में कई महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचा और स्टील परियोजनाओं का सफलतापूर्वक निष्पादन किया है। इनमें जम्मू-कश्मीर में चिनाब नदी पर निर्मित विश्व का सबसे ऊँचा रेलवे पुल भी शामिल है। यह कंपनी दो हजार परिवारों को आजीविका प्रदान करती है और राज्य के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में सालाना 350 करोड़ रुपये का योगदान देती है। 2025 में एटमास्टको डिफेंस सिस्टम्स की स्थापना के साथ बुनियादी ढांचे के निर्माण से हटकर लोगों की जान बचाने की दिशा में कदम बढ़ाया है। डीआरडीओ से महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकी हस्तांतरण प्राप्त करने के बाद वे अब सशस्त्र बलों और पुलिस के लिए जीवन रक्षक बुलेट प्रूफ जैकेट और बीआईएस मानकों के 6 स्तर के बैलिस्टिक हेलमेट का निर्माण कर रहे हैं।

इस अवसर पर संभाग आयुक्त सत्यनारायण राठौर, कलेक्टर अभिजीत सिंग, आईजी अभिषेक शांडिल्य, एसपी विजय अग्रवाल, एटमास्टको डिफेंस सिस्टम के डायरेक्टर विजय चंदर अय्यर, एमडी स्वामीनाथन, सचिव सीआर प्रसन्ना, ग्रुप सीईओ जी चन्द्रशेखर सहित बड़ी संख्या में कंपनी के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

नागरिक सहकारी बैंक संचालक मंडल सदस्य का चुनाव 14 को

दुर्ग/नवप्रदेश। नागरिक सहकारी बैंक मर्यादित दुर्ग के 12 संचालक मंडल सदस्य के चुनाव 14 फरवरी को होंगे। चुनाव में कुल 96 नवनिर्वाचित प्रत्यायुक्त सदस्य मतदान करेंगे। मतदान समाप्त होने के एक घंटे बाद मतगणना की जाएगी। मतगणना के बाद नतीजे घोषित किए जाएंगे। मतदान की प्रक्रिया श्री गुर्जर क्षत्रिय गुजराती समाज भवन मोतीपारा में होगी। मतदान का समय सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक निर्धारित है। बैंक के संचालक मंडल सदस्यों के चुनाव के लिए रिटर्निंग अधिकारी देवाशीष दास ने चुनाव कार्यक्रम जारी कर दिया। संचालक मंडल सदस्यों के चुनाव के लिए 3 फरवरी से नामांकन प्रक्रिया की शुरुआत होगी। 3 फरवरी को अभ्यर्थी दोपहर 12 बजे से दोपहर 3 बजे के बीच नामांकन पत्र जमा कर सकेंगे। 4 फरवरी को शाम 4 बजे से नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी। इसके बाद वैध नामांकन पत्रों की सूची का प्रकाशन किया जाएगा। नामांकन पत्र 5 फरवरी तक वापस लिये जा सकते हैं। इसके लिये सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे का समय निर्धारित किया गया है। नामांकन वापसी की प्रक्रिया के बाद अभ्यर्थियों की अंतिम सूची जारी होगी और चुनाव चिन्ह का आबंटन किया जाएगा। नामांकन की प्रक्रिया बैंक मुख्यालय अस्पताल वार्ड पचरीपारा में पूरी की जाएगी। मतदान की स्थिति निर्मित होने पर 14 फरवरी को मतदान होगा। इसके बाद परिणाम घोषित किए जाएंगे। रिटर्निंग अधिकारी देवाशीष दास ने बताया कि बैंक के कुल 12 संचालक मंडल सदस्य के चुनाव होंगे। इसमें से 10 पद सामान्य वर्ग (अनारक्षित) के लिए है। इनमें 2 पद महिला वर्ग और 2 पद सनदी लेखाकार (चार्टर्ड एकाउंटेंट) के लिए आरक्षित होगा। एक-एक पद अन्य पिछड़ा वर्ग और अनुसूचित जाति वर्ग आरक्षित किया गया है। रिटर्निंग अधिकारी देवाशीष दास ने बताया कि संचालक मंडल सदस्यों के अलावा अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व अन्य सोसायटियों के प्रतिनिधियों व अन्य पदाधिकारियों के निर्वाचन की सूचना 16 फरवरी को जारी किया जाएगा।

निधन : अमित श्रीवास्तव

दुर्ग। स्मृति नगर स्ट्रीट नंबर 9 निवासी प्रोफेसर अमित श्रीवास्तव का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार रविवार को हरनाबांधा मुक्तिधाम में किया गया। वे संजय श्रीवास्तव के छोटे भाई थे।

उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन कवर्धा के फहराएंगे झंडा

कवर्धा / नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन के उद्योग व जिले के प्रभारी मंत्री श्री लखनलाल देवांगन कवर्धा में आयोजित राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह के मुख्य अतिथि होंगे।

गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह कवर्धा के आचार्य पंथ श्री गृन्ध मुनि नाम साहेब शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मैदान आयोजित होगा। कैबिनेट मंत्री श्री देवांगन गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह में प्रातः 9 बजे झंडा फहराएंगे। आयोजन की मीनट टू मीनट कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। मंत्री श्री देवांगन का पीजी कॉलेज मैदान में 8:58 बजे आगमन होगा। प्रात 9 बजे झंडा फहराकर राष्ट्रीय धुन एवं परेड द्वारा सलामी होगी। 09:05 बजे परेड का निरीक्षण एवं परेड का मार्चपास्ट होगा। 9:25 बजे मुख्य अतिथि द्वारा मुख्यमंत्री जी का संदेश का वाचन किया जाएगा। 9:40 बजे स्कूली बच्चों का सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा। 10:10 बजे विभागीय चलित झांकिया और 10.20 बजे पुरस्कार एवं प्रशस्ति-पत्र का वितरण किया जाएगा। इसके बाद मुख्य अतिथि समारोह स्थल से प्रस्थान करेंगे।

पार्षद हेमलता के नेतृत्व में 180 लोगों ने किए पुरी का भ्रमण

पिथौरा / नवप्रदेश। आध्यात्मिक चेतना और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वार्ड क्रमांक 8 के पार्षद सागर निषाद द्वारा आयोजित दो दिवसीय पुरी धाम यात्रा सफलतापूर्वक संपन्न हुई। इस यात्रा में वार्ड के लगभग 180 श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया, जिन्होंने ओडिशा स्थित जगन्नाथ पुरी में भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और माता सुभद्रा के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। यात्रा का शुभारंभ उत्साहपूर्ण रहा बागबाहरा रेलवे स्टेशन पर पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष आत्माराम यादव ने सभी तीर्थयात्रियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान उन्होंने यात्रियों को सुरक्षित यात्रा की शुभकामनाएं दीं और पार्षद की इस पहल की सराहना की।

क्षेत्र की खुशहाली की कामना–पार्षद हेमलता निषाद ने बताया कि इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य वार्ड वासियों को पारंपरिक मंदिरों के दर्शन कराना और उनमें धार्मिक व सांस्कृतिक जुड़ाव पैदा करना था।

हेमलता ने बताया हमने भगवान जगन्नाथ के चरणों में मत्था टेककर अपने क्षेत्र और पूरे प्रदेश की खुशहाली, सुख–समृद्धि और शांति की कामना की है। यह यात्रा केवल भ्रमण नहीं, बल्कि वार्ड परिवार को एक सूत्र में पिरोने का एक प्रयास है।

खिसोरा में त्रिदिवसीय मानसगान कथा विराम सम्मेलन संपन्न

नगरी / नवप्रदेश। विकासखंड मगरलोड के सेनानी ग्राम खिसोरा में गत दिवस आयोजित त्रिदिवसीय मानसगान कथा विराम सम्मेलन श्रद्धा, भक्ति एवं सांस्कृतिक उल्लास के वातावरण में संपन्न हुआ। सम्मेलन के दौरान मानसगान कथा के माध्यम से आध्यात्मिक चेतना, भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों तथा सामाजिक एकता का सुंदर और प्रेरणादायी संदेश दिया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य टीकाराम कंवर, भाजपा जिला उपाध्यक्ष धमतरी विजय यदु, जनपद पंचायत अध्यक्ष मगरलोड वीरेंद्र साहू विशेष रूप से उपस्थित रहे।

अष्टभुजी शक्तिपीठ दुर्गा मंदिर उमरगांव में गुप्त नवरात्रि पर दिव्य शतचंडी महायज्ञ का भव्य आयोजन

नगरी / नवप्रदेश। अष्टभुजी शक्तिपीठ दुर्गा मंदिर, उमरगांव में गुप्त नवरात्रि के पावन अवसर पर प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी दिव्य एवं भव्य शतचंडी महायज्ञ का महाआयोजन श्रद्धा, भक्ति एवं वैदिक विधि-विधान के साथ किया जा रहा है। यह आयोजन क्षेत्र में आस्था का एक प्रमुख केंद्र बन चुका है, जिसमें दूर-दराज के ग्रामीण एवं वनांचल क्षेत्रों से माता रानी के असंख्य भक्तजन अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति हेतु सहभागिता कर रहे हैं।इस दिव्य आयोजन के अंतर्गत प्रतिदिन प्रात:काल शतचंडी पाठ, तत्पश्चात दोपहर 12:00 बजे से दस महाविद्या पूजन, सतचंडी यज्ञ, महाआरती एवं महाप्रसादी वितरण का आयोजन किया जा रहा है। समस्त धार्मिक अनुष्ठान विद्वान यज्ञाचार्यों के सान्निध्य में पूर्ण वैदिक विधि से संपन्न कराए जा रहे हैं।

राष्ट्रीय बालिका दिवस पर सलोनीकला में विधिक चेतना की नई शुरुआत

■ **जब बेटी सुरक्षित, शिक्षित और आत्मनिर्भर होगी, तभी समाज न्यायपूर्ण और राष्ट्र सशक्त बनेगा – न्यायाधीश पुनीतराम गुरुपंच**

भटगांव / नवप्रदेश। राष्ट्रीय बालिका दिवस पर सलोनीकला में विधिक चेतना की नई शुरुआत! किया गया जिसमें जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायगढ़ के स्पष्ट निर्देशों एवं तालुका विधिक सेवा समिति भटगांव के अध्यक्ष माननीय न्यायाधीश श्री पुनीतराम गुरुपंच जी के दूरदर्शी नेतृत्व में दिनांक 24 जनवरी 2026 को प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला सलोनीकला में राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर एक अत्यंत प्रभावशाली एवं प्रेरणादायक विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया, जिसने ग्रामीण क्षेत्र में सामाजिक चेतना की नई लहर पैदा कर दी। कार्यक्रम की सबसे बड़ी विशेषता रही माननीय न्यायाधीश पुनीतराम गुरुपंच जी का वह प्रेरक संबोधन, जिसमें उन्होंने कानून को केवल धाराओं तक सीमित न रखकर उसे जीवन से जोड़ते हुए बच्चों को अधिकार, आत्मसम्मान और कर्तव्य का गहरा संदेश दिया। न्यायाधीश महोदय ने कहा—जब बेटी सुरक्षित, शिक्षित और आत्मनिर्भर होगी, तभी समाज न्यायपूर्ण और राष्ट्र सशक्त बनेगा।उन्होंने स्पष्ट किया कि 24 जनवरी को राष्ट्रीय बालिका दिवस इसलिए मनाया जाता है क्योंकि इसी दिन वर्ष 1966 में इंदिरा गांधी देश की पहली महिला प्रधानमंत्री बनी थीं, जो नारी शक्ति, नेतृत्व और आत्मनिर्णय की ऐतिहासिक प्रतीक हैं। इसी उद्देश्य को आगे बढ़ाते हुए

महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा वर्ष 2008 से इस दिवस की शुरुआत की गई, ताकि बालिकाओं के सम्मान, अधिकार, शिक्षा, स्वास्थ्य और लैंगिक समानता को राष्ट्रीय प्राथमिकता से बनाया जा सके।माननीय न्यायाधीश ने बाल विवाह, कन्या भ्रूण हत्या, लैंगिक भेदभाव जैसी सामाजिक कुरीतियों को समाज के विकास में सबसे बड़ा अवरोध बताते हुए बच्चों से अपील की कि वे खुद जागरूक बनें और अपने परिवार व गांव को भी जागरूक करें। उन्होंने मोबाइल के अत्यधिक उपयोग से होने वाले मानसिक और शैक्षणिक नुकसान पर भी गंभीर चेतावनी देते हुए कहा कि मोबाइल भविष्य नहीं बनाता, किताब बनाती है।शिविर में नालसा (ह्रस्र) की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई तथा बच्चों को उनके कानूनी अधिकारों की रक्षा हेतु महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों से अवगत कराया गया—

चाइल्ड हेल्पलाइन: 1098
महिला हेल्पलाइन: 181
साइबर अपराध हेल्पलाइन: 1930
नालसा हेल्पलाइन: 15100

इस कार्यक्रम से कुल 80 छात्र–छात्राएं सीधे तौर पर लाभान्वित हुए, जिन्होंने पहली बार न्याय, कानून और अधिकारों को इतनी सरल, सहज और प्रेरक शैली में समझा। कार्यक्रम को जमीनी स्तर पर सफल बनाने में पैरा लीगल वालंटियर नरेश कुमार (थाना भटगांव) एवं कामदेव अनंत (थाना सरसींवा) की भूमिका भी अत्यंत सराहनीय रही, जिन्होंने बच्चों के साथ संवाद स्थापित कर उन्हें निर्भीक होकर अपनी समस्याएं साझा करने के लिए प्रेरित किया। ग्रामीण क्षेत्र में इस प्रकार का प्रभावशाली आयोजन यह सिद्ध करता है कि माननीय न्यायाधीश पुनीतराम गुरुपंच जी केवल न्यायालय के भीतर निर्णय देने वाले अधिकारी नहीं, बल्कि समाज को दिशा देने वाले एक सशक्त सामाजिक मार्गदर्शक हैं, जो कानून को फाइलों से निकालकर आम नागरिकों की चेतना तक पहुँचा रहे हैं।

मन को बस में करना वायु को बस में करने के समान दुष्कर: पंडित हरगोपाल

■ **भगवान को भूलना ही सबसे बड़ी विपत्ति है**

भाटापारा / नवप्रदेश। गीताबाई अग्रवाल एवं समस्त गर्ग परिवार द्वारा छत्तीसगढ़ी अग्रवाल समाज भवन कॉलेज गेट शीतला मंदिर के पास आयोजित श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह में भक्ति की गंगा बह रही है जिसका भगवत प्रेमी जन भरपूर लाभ ले रहे है । व्यास पीठ में कथा वक्ता के रूप में भाटापारा निवासी पंडित हरगोपाल शर्मा द्वारा ओज पूर्ण वाणी से भगवान व उनके भक्तों के दिव्य चरित्र एवं लीला का सरस व सरल भाषा में व्याख्यान किया जा रहा है । भागवत की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए भगवताचार्य ने बताया कि भागवत समस्त वेदों व उपनिषदों का सार है जीव के एक जन्म नहीं अन्नत जन्मों के पुण्य उदय होते है तो ही भागवत श्रवण में रुचि हो पाती है धन,पुत्र,घर, वाहन,पत्नी,एवं राज्य प्राप्ति सहित समस्त कामनाओं की पूर्ति श्रीमद् भागवत महापुराण के आश्रय से हो जाती है व्यक्ति अगर अपना कल्याण चाहता है तो उसे उस सत्य स्वरूप भगवान का चिंतन सदैव करते रहना चाहिए जिसकी इच्छा मात्र से यह विश्व

पालित और लय होता है । कलिकाल के सारे दोष व तीन प्रकार के तापों को विनष्ट करने का सामर्थ अगर किसी है,तो वो है भगवान का नाम,इसलिए मनुष्य हो हर परिस्थिति में भगवन नाम का आश्रय लेना चाहिए । भगवान को भूल जाना ही विपत्ति है और भगवान की याद बनी रहे यही सबसे बड़ी संपत्ति है। जिसमें भक्ति नहीं उसका जन्म व्यर्थ है । अर्थात प्राणी को तप,व्रत,तीर्थ,योग, यज्ञ आदि परिश्रम करने की आवश्यकता नहीं मुक्ति देने में एक मात्र भक्ति ही समर्थ है,जब प्राणी के मन में भक्ति का उदय होगा तभी ज्ञान प्राप्त होगा ज्ञान से वैराग्य होगा वैराग्य होने पर ही प्राणी त्याग करने में सक्षम हो सकता है । पंडित हरगोपाल शर्मा ने कहा कि भगवान न किसी को सुख देते है ना ही दुख मनुष्य को ये उसके द्वारा किए गए कर्मों के द्वारा ही प्राप्त होते है उन्होंने सुकदेव जी व राजा परीक्षित के जन्म की कथा कलियुग के गुण व दोष के प्रसंग व भगवान के विभिन्न अवतारों के साथ ही कपिल नारायण व देवहूति संवाद की कथा को बड़े विस्तार से सुनाया देवहूति ने कपिल भगवान से पूछा कि मेरे जीवन में पूर्णता क्यों नहीं महसूस होती तो कपिल नारायण ने कहा पूर्ण से जुड़ाव होने पर ही पूर्णता महसूस होगी ये मन ही जीवों के बंधन व मोक्ष का कारण है जब मन ईश्वर में लग जाता है तो मुक्ति दाता होता है और जब सांसारिक विषयों में रम जाता है तो बंधन का कारण होता है मन को बस में करना वायु को बस में करने के समान दुष्कर है,कपिल नारायण कहते है जो प्राणी सांसारिक वासना को छोड़ एक मुझे ही अनन्य भाव से भजते है उनको मैं संसार सागर से पार कर देता हूं ।कपिल नारायण से भक्ति योग,ध्यान योग,जीव के गर्भवास का वर्णन सुन देवहूति माता का मोह पटल नष्ट हुआ । ध्रुव चरित्र पर उन्होंने कहा कि जीवन में नारद जी जैसे संतो का सानिध्य प्राप्त हो जाए तो व्यक्ति नर से नारायण के पद को प्राप्त कर सकता है ,जड़ भरत के पूर्व जन्म पर प्रकाश डालते हुए बताया कि किसी पर आसक्ति ही जीव के बंधन का कारण बनती है ।अजामिल उपाख्यान सुनाते हुए पंडित हरगोपाल शर्मा ने कहा जिसने एक बार भी अपने मन को भगवान में लगा दिया उसे स्वप्न में भी यमदूतों के दर्शन नहीं होते । जिस प्रकार अनेक नदियां मदिरा से भरे घड़े को पवित्र नहीं कर सकती उसी प्रकार भगवान से विमुख प्राणी प्रायश्चित से शुद्ध नहीं हो सकता उसकी शुद्धि का एक मात्र उपाय भगवान का नाम एवं कथा है अपने पुत्र नारायण का अंत समय में नाम लेने से अजामिल जैसे पापी का कल्याण हो गया तो श्रद्धावान भक्त का कल्याण तो अवश्यंभावी है । प्रहलाद चरित्र सुनाते हुए कहा देव,वेद,ब्राह्मण,साधु व धर्म से द्वेष करने वाला शीघ्र नष्ट हो जाता है जिसका उदाहरण हिरण्यकश्यपु है प्रहलाद जी अपनी माता के गर्भ में ही नारद जी से भगवान की कथा सुनी उसका प्रभाव यह हुआ दैत्य कुल में जन्म लेने के बाद भी प्रहलाद जी भगवान के अनन्य भक्त हुए जिनके वचनों को स्थापित करने के लिए भगवान को जड़ रूपी खम्भ से चैतन्य रूप नरसिंह अवतार ले प्रकट होना पड़ा यही भक्त व भक्ति की महिमा है ।

माध्यमिक शाला बोडरा में एफएलएन मेला और वार्षिक उत्सव संपन्न

नगरी / नवप्रदेश। विकासखंड मुख्यालय नगरी से 12 किलोमीटर दूर संकुल केंद्र फरसिया अंतर्गत स्थित माध्यमिक शाला बोडरा में दिनांक 22 एवं 23 जनवरी 2026 को एफएलएन बाल मेला, विज्ञान प्रदर्शनी एवं वार्षिक उत्सव का भव्य एवं सफल आयोजन किया गया। इस आयोजन की विशेष पहचान विद्यालय, ग्राम समाज और समुदाय की मजबूत सहभागिता रही, जिसने कार्यक्रम को यादगार बना दिया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी श्री हरीश गोलू मालू रहे। विशेष अतिथि के रूप में श्री के.आर. साहू (विकासखंड शिक्षा अधिकारी, नगरी), श्री रोहित कुमार बोरझा (सीईओ, जनपद पंचायत नगरी), ग्राम पंचायत फरसिया के सरपंच श्री टेकाम जी, बोडरा सरपंच श्री शत्रुघ्न नाग जी तथा श्री राम सिंह साहू आमाली उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष श्री नंदकिशोर पुजारी ने की।अतिथियों ने अपने उद्बोधन में विद्यालय के सुव्यवस्थित प्रबंधन, हरित वातावरण, शैक्षणिक नवाचारों एवं विद्यार्थियों द्वारा निर्मित मॉडलों की मुक्त कंठ से प्रशंसा की।

राष्ट्रीय बालिका दिवस पर खेल स्पर्धा रैली का किया गया आयोजन

कवर्धा / नवप्रदेश। कबीरधाम जिले में राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर बालिकाओं के अधिकारों, सशक्तिकरण एवं सर्वांगीण विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा ÷खेल महोत्सव 2026÷ का आयोजन किया गया। राजमाता विजयाराजे सिंधिया शासकीय कन्या महाविद्यालय, कबीरधाम के प्रांगण में यह आयोजन किया गया। आयोजन में जिले के चारों विकासखंडों से बड़ी संख्या में बालिकाओं ने सहभागिता की।खेल महोत्सव के अंतर्गत बालिकाओं के लिए कबड्डी, चम्मच दौड़, बोरा दौड़, रंगोली प्रतियोगिता, कुर्सी दौड़, बैडमिंटन, भाला फेंक, रस्साकशी, निशानेबाजी, क्रिकेट प्रतियोगिता, सांस्कृतिक नृत्य एवं समूह व एकल गीत गायन जैसी विभिन्न खेल एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं। सभी प्रतियोगिताओं में बालिकाओं ने उत्साह, अनुशासन एवं

खेल भावना का परिचय देते हुए बढ़-चढ़कर भाग लिया। खेल एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली बालिकाओं को प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न खेलों में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली विजेता प्रतिभागियों को कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों द्वारा पुरस्कार प्रदान किए गए। पुरस्कार वितरण के माध्यम से बालिकाओं का मनोबल बढ़ाया गया एवं उन्हें आगे भी खेल एवं अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया गया।कार्यक्रम में अतिथियों के द्वारा बालिकाओं को संबोधित करते हुए उन्हें शिक्षा, आत्मविश्वास, आत्मनिर्भरता एवं अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने तथा राष्ट्रीय बालिका दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला गया उनके प्रेरणादायी उद्बोधन से बालिकाओं में नई ऊर्जा एवं उत्साह का संचार हुआ। खेल आयोजनों के पश्चात ÷बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ÷ अभियान के अंतर्गत ध्वज रैली शासकीय राजमाता विजयाराजे सिंधिया कन्या महाविद्यालय परिसर से निकाली गई। रैली के माध्यम से बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ का सशक्त संदेश आमजन तक पहुँचाया गया।

16वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर जिला स्तरीय कार्यक्रम का हुआ आयोजन

■ **जिले के नए मतदाताओं को बैच प्रदान और एसआईआर में उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ हुए सम्मानित**

कवर्धा / नवप्रदेश। जनवरी 2026 को जिला प्रशासन द्वारा स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में 16 वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री नरेन्द्र पैकरा ने जिले के नए मतदाताओं को बैच प्रदान कर सम्मानित किया। इसके साथ ही एसआईआर में उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ को प्रशस्ति पत्र एवं राशि प्रदान कर सम्मानित किया। उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री नरेन्द्र पैकरा ने कार्यक्रम में उपस्थित नए मतदाताओं और महाविद्यालयीन विद्यार्थियों को मतदान की प्रक्रिया में निष्पक्ष और निर्भीक होकर मताधिकार का उपयोग करने की शपथ दिलाई। इस दौरान वरिष्ठ मतदाताओं को शॉल श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया। राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर रंगोली, भाषण, चित्रकला जैसे विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर सभी विजेता प्रतिभागियों को मोमेंटों देकर सम्मानित भी किया गया।। भारत निर्वाचन आयोग का गठन 25 जनवरी 1950 में किया गया था, इसी उपलक्ष्य में वर्ष 2011 से लगातार 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन किया जाता है।

राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री नरेंद्र पैकरा ने कहा कि मतदान लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत है।

पेज 1 का शेष

धर्मेंद्र पद्म विभूषण, सोरेन-अलका...

हृदय से बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके स्वस्थ जीवन की कामना की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह उपलब्धि न केवल इन तीनों विभूतियों की तपस्या और समर्पण का सम्मान है, बल्कि पूरे प्रदेश के लिए अपार गौरव का विषय भी है।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि बस्तर और जनजातीय अंचलों में मानव सेवा, करुणा और समर्पण की जो मिसाल इन विभूतियों ने प्रस्तुत की है, वह आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत है। उनका जीवन यह सिद्ध करता है कि सेवा भाव से किया गया कार्य सीमाओं को पार कर राष्ट्रीय पहचान बन जाता है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि इन तीनों विभूतियों ने वर्षों तक मौन साधना की तरह समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े लोगों की सेवा की है और आज देश ने उस सेवा को सम्मान दिया है। यह छत्तीसगढ़ की मानवीय संवेदनाओं, सामाजिक चेतना और जनजातीय संस्कृति की शक्ति का राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान है।

डीजी जेल हिमांशु गुप्ता...

एएसआई, कुंजाम जोगा और वंजाम भीमा, आरक्षक समेत 14 अधिकारियों व कर्मियों को राष्ट्रपति का वीरता पदक प्रदान किया जाएगा। वीरता पदक के लिए चयनित अधिकारियों-कर्मियों में सुनील शर्मा, पुलिस अधीक्षक, सुकमा हाल परिसहाय राजभवन, सुकमा के उपनिरीक्षक संदीप कुमार माडिले, आरक्षक मड़कम पाण्डू, मड़कम हड़मा, मड़कम देवा, बारसे हुंगाए, सहायक आरक्षक रोशन गुप्ता, सूरज कुमार मरकाम, (हाल प्रधान आरक्षक, दंतेवाड़ा) आरक्षक माड़वी सन्नू दंतेवाड़ा, कंपनी कमाण्डर, 17वीं वाहिनी छसबल करोड़ सिंह एवं पुरुषोत्तम देवांगन शामिल हैं।

'भारत दुनिया का तीसरा...

होता है और वोटर बनता है तो इसे जिंदगी का एक नॉर्मल पड़ाव माना जाता है। हालांकि, यह मौका असल में किसी भी भारतीय की जिंदगी में एक बहुत बड़ा पड़ाव होता है। इसलिए, यह बहुत जरूरी है कि हम अपने देश में वोटर बनने का जश्न मनाएं। जैसे हम जन्मदिन पर बधाई देते हैं और जश्न मनाते हैं... उसी तरह, जब भी कोई युवा पहली बार वोटर बने तो पूरा मोहल्ला, गांव या शहर मिलकर उसे बधाई दे और मिठाई बांटे। इससे वोटिंग के बारे में जागरूकता बढ़ेगी और यह भावना मजबूत होगी कि वोटर होना कितना जरूरी है।'

जंगल में छिपाकर रखा...

में विशेष खुफिया सूचना के आधार पर चलाया गया। इस ऑपरेशन का नेतृत्व एफ/150 कंपनी के चीता रौशन कुमार झा और जी/150 कंपनी के चीता अजय कुमार ने किया, जबकि पूरी कार्रवाई की निगरानी 150वीं बटालियन के कमांडेंट राकेश चंद्र शुक्ला द्वारा की गई। इसके साथ ही क्यूएटी/150 की टीम भी ऑपरेशन में शामिल रही। सर्चिंग के दौरान जंगल में बने दो नक्सली ठिकानों से हथियार डंप बरामद किए गए, जहां नक्सली हथियार निर्माण और विस्फोटक तैयार करने का कार्य करते थे।

डम्प से बरामद सामग्रियों की सूची

तीन सिंगल शॉट राइफल, कॉर्डेक्स वायर, सेफ्टी फ्यूज, बीजीएल बैरल, स्टैंड और प्लेट, बड़ी संख्या में बुलेट हेड, वेल्डिंग मशीन, लेथ मशीन, ब्लो लैम्प, हैंड पंप, एयर ब्लोअर, इंजन ऑयल, ड्रिल बिट, ग्राइंडिंग व्हील, मोटर, नट-बोल्ट, वेल्डिंग रॉड, लोहे की रॉड व पाइप, नक्सली साहित्य, तिरपाल, काले रंग की वर्दी, यूनिफॉर्म कपड़ा, तार, केबल, प्लास्टिक ड्रम सहित अन्य सामग्री शामिल है।

गंगरेल के डुबान में जल रही...

का केंद्र। इसी कारण दोनों नवरात्र–चैत्र और शारदीय–में यहां किसी देवी-देवता के नहीं, बल्कि भारत माता के नाम से मनोकामना ज्योत प्रज्वलित की जाती हैं।

भारत माता को प्रतीक नहीं, बल्कि जीवंत देवी: हर वर्ष करीब 100 से अधिक जोतें यहां जलती हैं। वनवासी समुदाय भारत माता को केवल प्रतीक नहीं, बल्कि जीवंत देवी के रूप में पूजता है। उनका विश्वास है कि देश सुरक्षित रहेगा, तो जंगल, जल, जमीन और जीवन-सब सुरक्षित रहेंगे। भारत माता के नाम पर नवरात्र में जोत जलाने की यह परंपरा न केवल छत्तीसगढ़, बल्कि पूरे भारतवर्ष में अत्यंत दुर्लभ मानी जाती है, जो इस स्थल को राष्ट्रभक्ति का एक अद्वितीय तीर्थ बनाती है।

शुभ कार्य से पहले भारत माता के चरणों में अर्जी

गांव में कोई भी शुभ कार्य शादी, मुंडन, सामाजिक आयोजन या नया कार्य आरंभ करने से पहले लोग भारत माता के मंदिर पहुंचकर विनती-अर्जी लगाते हैं। चुनाव के समय तो प्रत्याशी भी यहां अपना पर्चा चढ़ाकर जीत की कामना करते हैं। यह स्थल धार्मिक के साथ-साथ सामाजिक और लोकतांत्रिक आस्था का भी केंद्र बन चुका है।

मंदिर में अखबारों की होती है पूजा

इस मंदिर की सबसे अनोखी विशेषता यह है कि यहां अखबारों की पूजा की जाती है। अंग्रेजी शासन काल से लेकर आजादी तक छपे कई दुर्लभ अखबारों की प्रतियां आज भी मंदिर में सुरक्षित रखी गई हैं। कंडेल नहर सत्याग्रह, गांधी आंदोलनों और स्वतंत्रता संग्राम से जुड़ी खबरों का यह संग्रह इस स्थल को चलता-फिरता इतिहास संग्रहालय बनाता है।

1920 से जुड़ा गांधीजी का ऐतिहासिक अध्याय–मंदिर परिसर में स्थापित महात्मा गांधी की एकाश्म पत्थर से बनी मूर्ति इस स्थल को ऐतिहासिक महत्व प्रदान करती है। यह मूर्ति वर्ष 1920 में कंडेल नहर सत्याग्रह के दौरान महात्मा गांधी के धमतरी आगमन से प्रेरित होकर आसपास के ग्रामीणों द्वारा बनवाई गई थी। स्वतंत्रता संग्राम की उस चेतना को ग्रामीणों ने पत्थर में ढालकर आने वाली पीढ़ियों के लिए सहेज दिया।

पर्यटकों ने भी की सराहना

बालोद जिले से पहुंचे पर्यटक दीपक कुमार यादव और टिकेश्वर साहू ने इस स्थल को देखकर आश्चर्य व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि गंगरेल डैम की डुबान के बीच स्थित भारत माता और गांधी जी का यह मंदिर न केवल ऐतिहासिक है, बल्कि आध्यात्मिक शांति और राष्ट्रभक्ति की अद्भुत अनुभूति कराता है। यदि इसे पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाए, तो यह स्थान देशभर के पर्यटकों को आकर्षित कर सकता है।

पर्यटन की अपार संभावनाएं

इतिहास, राष्ट्रभक्ति और प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर यह स्थल यदि पर्यटन के नक्शे में शामिल हो जाए, तो छत्तीसगढ़ ही नहीं, पूरे देश में विशेष पहचान बना सकता है। आज भी बड़ी संख्या में लोग इस स्थान से अनजान हैं, जबकि यहां देशभक्ति पर्यटन और आध्यात्मिक पर्यटन की असीम संभावनाएं मौजूद हैं।

सिंचाई सुविधा देने की मांग, अशवंत ने दिया आश्वासन

महासमुंद/नवप्रदेश। ग्राम सिंघनपुर में निषाद समाज द्वारा आयोजित गुहा जयंती मड़ई मेला कार्यक्रम में भाजपा व किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अशवंत तुषार साहू शामिल हुए।

उन्होने कहा कि यह समाज को संगठित करने, संस्कृति और परंपराओं को बढ़ावा देने का एक माध्यम है। सिंघनपुर व आसपास के ग्रामीणों ने सिकासेर कोडार परियोजना से पानी झलप क्षेत्र को सिंचाई सुविधा देने की मांग की, जिस पर अशवंत ने कलेक्टर से जल्द मुलाकात कर किसानों को मांग को पूरा कराने का प्रयास करने का आश्वासन दिया।

इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य नैन पटेल, जनपद सदस्य तीजन रामेश्वर साहू, निषाद समाज के अध्यक्ष ललित निषाद, हीरालाल साहू, सुरेश, महेश, कार्तिक, रामलाल,शंकर, नरेश, सुखराम, दुकालू, सुखलाल आदि मौजूद रहे।

सभापति ने सोरिद में निर्माणाधीन सड़क का किया निरीक्षण

महासमुंद/नवप्रदेश। जनपद पंचायत की सभापति श्रीमती सुधा योगेश्वर चंद्राकर ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत जनपद क्षेत्र क्रमांक 10 के ग्राम सोरिद से कमार डेरा तक निर्माणाधीन 101.34 लाख रुपये की लागत से बन रही पक्की सड़क का स्थल निरीक्षण किया।

उन्होने कहा कि इस पक्की सड़क के निर्माण से कमार बंधुओं, विशेषकर कमार बेटियों को अब शिक्षा के लिए सुरक्षित और सुगम मार्ग मिलेगा। वहीं कौंदकेरा, बनसिवनी, नवाडीह और जूनाडीह के ग्रामीणों को महासमुंद पहुंचने के लिए एक अतिरिक्त पक्की सड़क मिलने से आवागमन और विकास दोनों को गति मिलेगी। यह प्रधानमंत्री की दूरदर्शी सोच और गांवों को मुख्यधारा से जोड़ने की योजना को साकार करता हुआ कदम है। कई वर्षों के लंबे इंतजार के बाद क्षेत्र को मिली इस बड़ी सौगात के साथ-साथ 10-10 लाख रुपये की लागत से कमार डेरा सोरिद एवं कमार डेरा बनसिवनी की बस्तियों में कंक्रीट सड़क निर्माण पूर्ण किया गया। मिनी हाई मास्क लाइट की स्थापना से अब रात्रिकालीन रोशनी की भी समुचित व्यवस्था हो पाई है। दोनों कमार बस्तियों में पेयजल हेतु बोर खनन कराकर शुद्ध पेयजल सुविधा उपलब्ध कराई गई है। स्थानीय जनपद सदस्य सुधा योगेश्वर चंद्राकर के इन विकास कार्यों से प्रभावित ग्रामीणों ने उनका आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आजादी के बाद यह पहला अवसर है जब किसी जनपद सदस्य के प्रयासों से हमें पक्की सड़क, बिजली और शुद्ध पेयजल जैसी बुनियादी सुविधाएं एक साथ मिली है। बनसिवनी कमार डेरा के ग्रामीणों की मांग पर जनपद सदस्य ने वहां भी शीघ्र मिनी हाई मास्क लाइट लगाने तथा कमार समाज को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए हर आवश्यक सुविधा उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से नीलकंठ कमार, राजेश यादव, रासोह कमार, सोहागा कमार, परस कमार, मालिक राम कमार, अरुण आदि बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

स्कूटी सवार ने महिला को किया घायल

महासमुंद/नवप्रदेश। नेशनल हाईवे 53 पिथौरा चौक के पास एक महिला वाहन की ठोकर से घायल हो गई। मामला बागबाहरा थाना क्षेत्र का है। वार्ड नंबर 10 निवासी व व्यवहार न्यायालय में सफाई कर्मी पिंकी टोंडेकर ने पुलिस को बताया कि वह दोपहर में खाना खाने के लिए स्कूटी क्रमांक सीजी 06 एचबी 6592 से घर जा रही थी, लगभग 12:30 बजे नेशनल हाईवे 353 पिथौरा चौक के पास सामने से बिना नंबर टीवीएस जुपीटर के चालक ने स्कूटी को टक्कर मार दिया। जिससे दांये हाथ, कमर, चेहरे, दोनों पैरों के घुटनों में चोटें आई है। मामले में पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 125(ए), 281 के तहत अपराध दर्ज किया है।

युवक से 10 लीटर शराब जब्त

महासमुंद/नवप्रदेश। सरायपाली पुलिस ने ग्राम बालसी निवासी डंडधर खुंटे (24) से 10 लीटर हाथ भट्ठी महुआ शराब (कीमत 2000 रुपए) जब्त किया है। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा है।

शोभायात्रा में पिता-पुत्र पर चाकू से हमला

महासमुंद/नवप्रदेश। ग्राम जोबा में शोभायात्रा के दौरान चाकू लेकर नाच रहे एक युवक ने पिता-पुत्र पर हमला कर दिया, जिससे वे दोनों घायल हो गए। रिपोर्ट पर तुमगांव पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया है। जानकारी के अनुसार तरूण साहू (19) ने पुलिस को बताया कि ग्राम जोबा में श्रीराम मंदिर निर्माण के लिए शोभायात्रा निकाली गई थी, जिसमें वह पिता के साथ शामिल हुआ था। शोभायात्रा के दौरान रात करीब 7.30 बजे गांव के समारू डहरिया के घर के सामने गांव का रूपेश मन्नाडे चाकू लेकर नाचने लगा, जिसे योगेंधर यादव, वासदेव ध्रुव एवं मनीष यादव ने चाकू लेकर नाचने के लिए मना किया। तब रूपेश विवाद करने लगा, छुड़ाने के लिए पिता रामनारायण साहू आए, तो उसने चाकू से उनके पिता के पेट में वार कर दिया। उन्होने (प्रार्थी) छुड़ाने का प्रयास किया तब उस पर भी हमला कर दिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 296, 117(2), 118(2) के तहत अपराध दर्ज किया है।

निधन

खोरबाहरा राम चंद्राकर

महासमुंद/नवप्रदेश। शहर के कुर्मी पारा निवासी

खोरबाहरा राम चंद्राकर (मरार कसहीबाहरा वाले) 80 वर्ष का रविवार को आकस्मिक निधन हो गया। अंतिम यात्रा कुर्मी पारा स्थित निवास से आज सोमवार को सुबह 10 बजे भलेसर मार्ग स्थित मुक्तिधाम के लिए रवाना होगी। वे चंद्रशेखर चंद्राकर एवं मोहन चंद्राकर के पिता थे।

दशोदा देवी शर्मा

भाटापारा/नवप्रदेश। श्रीमती दशोदा देवी शर्मा का

रविवार को निधन हो गया है।वे 97 वर्ष की थी। उनका अंतिम संस्कार मारवाड़ी मुक्ति धाम,रामसागर पारा में दोपहर में किया गया,जिसमें काफी संख्या में नागरिक शामिल हुए।वह वीरेंद्र शर्मा, सुरेंद्र शर्मा सुशील शर्मा (पूर्व मंडी अध्यक्ष) जितेन्द्र शर्मा और ममता मिश्रा की माताजी थी।

अंधेरे में हुआ आरोपी फरार, 19.84 लाख का गांजा बरामद

तस्करों ने पुलिस वाहन को मारी टक्कर, लगी आग

महासमुंद/नवप्रदेश। गांजा तस्करों ने अपनी गाड़ी से पुलिस वाहन को टक्कर मार दिया, जिससे आग गई। इसी दौरान तस्कर अपनी गाड़ी को छोड़कर भाग निकले। सांकरा पुलिस ने अज्ञात वाहन से 19.84 लाख रुपए का 36.68 किलो गांजा बरामद किया है। सांकरा पुलिस को 23 जनवरी को सूचना मिली थी ओडिशा की ओर से थाना सांकरा के सरहदी गांवों से होते हुए रास्ता बदल-बदल कर एक सफेद रंग की ईको कार क्रमांक एमपी 05 जेडई 8685 ग्राम सलडीह, सांकरा होते हुए हाईवे से होकर रायपुर की ओर जाने वाली है। शासकीय वाहन खराब होने के कारण स्टाफ आरक्षक रमाकांत साहू, आरक्षक उत्तरा कुमार शांते, आरक्षक जितेंद्र ध्रुव, आरक्षक रामेश्वर सोनी आदि आरक्षक रमाकांत साहू के निजी कार क्रमांक सीजी 04 एचडी 8925 व बाइक क्र सीजी 06 जीपी 8978 से रवाना हुए और ग्राम सलडीह में संदिग्ध वाहनों की जांच शुरू की। कुछ देर बाद संदिग्ध ईको कार तेज रफ्तार से आती नजर आई। सलडीह मुख्य मार्ग में स्टापर लगाकर घेरने पर रोड में पुलिस को देखकर संदिग्ध वाहन क्रमांक एमपी 05 जेडई 8685 ग्राम सलडीह-डोंगरीपाली मार्ग में तेजी से भाग निकले, जिसका पीछा निजी वाहन सीजी 04 एचडी 8925 से किया गया। आगे कुछ दूर जाकर गांव के बाहर कच्चे मार्ग से संदेहियों की वाहन वापस मुड़कर आने लगी जिसे रोकने के लिए पुलिस स्टाफ ने स्वयं के कार को कच्चे मार्ग में ही खड़ा कर दिया। जिस पर संदिग्ध वाहन के चालक ने पुलिस की निजी वाहन में बैठे स्टाफ को जान से मारने की नीयत से अपने ईको कार को दो-तीन बार आगे-पीछे कर के तेज गति से ठोंका, जिससे कार क्रमांक सीजी 04 एचडी 8925 में आग लग गई और उसमें बैठे सभी स्टाफ जान बचाकर कार से कूदे, इस दौरान ईको कार भी क्षतिग्रस्त हो गई। उक्त ईको कार में सवार संदिग्ध लोग अंधेरे का फायदा उठाते हुए वाहन छोड़कर फरार हो गए। जब पुलिस ने इको कार की तलाशी ली तो उसमें से 36.68 किलो गांजा (कीमत 19.84 लाख रुपए) बरामद हुआ। मामले में पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ धारा 324 (5), 132, 109 बीएनएस एवं 20ख एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

लगभग साढ़े तीन लाख का गांजा बरामद

सांकरा पुलिस ने गांजा परिवहन के एक अन्य मामले में गुरु घासीदास चौक सांकरा में भवानी मंदिर दर्री थाना बालको जिला कोरबा निवासी आशीष साहू (30), रानीगांव थाना बाराद्वार जिला सक्ती निवासी शंकर लाल साहू (31) के कब्जे से 6.936 किलो गांजा (कीमत 346800 रुपए) बरामद किया है। आरोपियों के कब्जे से गांजा के अलावा बाइक व मोबाइल जब्त कर धारा 20(ख) नारकोटिक्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

बालिकाएं हर क्षेत्र में सफलता के नए कीर्तिमान स्थापित कर रहीं: विधायक

जिस घर में बेटियां होती हैं, वहाँ होता है समृद्धि और सकारात्मक ऊर्जा का वास

महासमुंद/नवप्रदेश। शंकराचार्य संस्कृतिक भवन में राष्ट्रीय बालिका दिवस एवं महिला जागृति शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा रहे, अध्यक्षता नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी ने की। विधायक श्री सिन्हा ने कहा कि बालिकाएं आज हर क्षेत्र में सफलता के नए कीर्तिमान स्थापित कर रही हैं, विशेषकर खेलों में उन्होंने देश-प्रदेश का नाम रोशन किया है। उन्होंने बालिकाओं में धैर्य, अनुशासन एवं आत्मविश्वास के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा— जिस घर में बेटियाँ होती हैं, वहाँ समृद्धि और सकारात्मक ऊर्जा का वास होता है। इस अवसर पर खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली बालिकाओं को शॉल-श्रीफल से सम्मानित किया गया, जिनमें प्रमुख रूप से अंतरराष्ट्रीय बास्केटबॉल में पदक के लिए दिव्या रंगारी, सब-जूनियर राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतिनिधित्व के लिए नवलीन कौर, पदमा साहू (राष्ट्रीय शालेय तीरंदाजी में कांस्य पदक), लीना सोनवानी (राज्य स्तरीय नेटबॉल रजत पदक), भुवनेश्वरी यादव (राज्य स्तरीय बास्केटबॉल स्वर्ण पदक) सहित अन्य प्रतिभाशाली बालिकाओं को सम्मानित किया गया। जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी टिकेंद्र जटवार ने बताया कि राष्ट्रीय बालिका दिवस वर्ष 2008 से मनाया जा रहा है, जिसका उद्देश्य बाल विवाह, लैंगिक असमानता, कन्या भ्रूण हत्या जैसी कुप्रथाओं के विरुद्ध जागरूकता फैलाना है। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता-सहायिकाओं को भी सम्मानित किया गया तथा महिला सशक्तिकरण के लिए विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई।

कार्यक्रम का संचालन श्रीमती सुधा रात्रे ने किया।

सेवा और सामाजिक समरसता की सीख देता है निषाद राज का जीवन: द्वारिकाधीश

महासमुंद/नवप्रदेश। ग्राम खुसरूपाली में निषाद समाज द्वारा भक्त गुहा निषाद जयंती समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व उपाध्यक्ष कृषक कल्याण परिषद छत्तीसगढ़ शासन महेंद्र चंद्राकर ने की। विशेष अतिथि के रूप में जनपद अध्यक्ष केशव चंद्राकर, नंदकुमार निषाद, सरपंच श्रीमती पार्वती ध्रुव, जनपद सदस्य भूपेंद्र दीवान मौजूद थे। मुख्य अतिथि विधायक श्री यादव ने भगवान राम और माता सीता के साथ निषाद समाज के राजा गुहा निषाद के छायाचित्र की पूजा-अर्चना और दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि भगवान गुहा निषाद राज और मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम की मित्रता अटूट विश्वास और समर्पण का प्रतीक है। निषाद राज जी का जीवन हमें सेवा और सामाजिक समरसता की सीख देता है। उनके आदर्श आज भी प्रासंगिक हैं और हमे उनके बताए मार्ग पर चलकर समाज को संगठित और सशक्त बनाना चाहिए। विधायक श्री यादव ने कहा कि निषाद समाज अपने गौरवशाली इतिहास के लिए जाना जाता है।

रामायण काल में भगवान राम, माता सीता और लक्ष्मण को नाव से नदी पार कराने वाले निषाद राज भगवान राम के परम मित्र के रूप में पूजे जाते हैं। कार्यक्रम में प्रमख रूप से सलाहकार कीर्तन निषाद, अध्यक्ष भगत राम निषाद, उपाध्यक्ष ओमप्रकाश निषाद, प्रदेश सचिव जानकी निषाद, गिरीश पटेल, एडिशन ठाकुर बाघामुड़ा सरपंच, नारायण निषाद, नोखे ध्रुव, विनोद चंद्राकर सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद थे।

दर्री आश्रम में श्रीलक्ष्मी नारायण महायज्ञ का शुभारंभ

डोंगरगांव/ नवप्रदेश। दर्री ब्रह्मचारी आश्रम में आयोजित पाँच कुंडीय श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का शुभारंभ विधि-विधानपूर्वक अरणी मंथन के साथ किया गया। यज्ञ के प्रारंभ होते ही क्षेत्र में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ने लगी है।

महायज्ञ के अंतर्गत 24 जनवरी को जिले के सांसद संतोष पांडे दर्री आश्रम पहुंचे। उन्होंने श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर एवं ब्रह्मचारी समाधि स्थल के दर्शन कर यज्ञ की परिक्रमा की। इसके पश्चात कथा पंडाल में पहुंचकर राम रंग मानस महोत्सव का दीप प्रज्वलन कर शुभारंभ किया।

धर्मसभा को संबोधित करते हुए सांसद पांडे ने कहा कि जीवन के कल्याण एवं भवसागर से पार उतरने के लिए रामायण रूपी नौका की रचना की गई है। उन्होंने रामायण की सारगर्भित चौपाइयों एवं दोहों के माध्यम से प्रेरक प्रसंग प्रस्तुत किए, जिससे उपस्थित श्रद्धालु भावविभोर हो उठे।

उन्होंने कहा कि यदि जीवन में सुख और मन की शांति चाहिए, तो भगवान श्रीराम की शरण में आना होगा और संतों के सत्संग से जुड़ना होगा। सांसद पांडे ने आगे कहा कि भारत सत्य और सनातन संस्कृति की भूमि है, और भगवान राम एवं श्रीकृष्ण से ही भारत की पहचान है—इसी कारण यह भूमि महान है।

इस अवसर पर उनके साथ डोंगरगांव नगर पंचायत अध्यक्ष अंजू त्रिपाठी, पार्षद पुरुषोत्तम साहू, गुलशन हिरवानी, गौतम नखत, सागर वर्मा सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

श्री राम रंग मानस महोत्सव में सत्यम शिवम सुंदरम मानस परिवार, भरदा कला द्वारा मनमोहक प्रस्तुति दी गई।

वहीं 25 जनवरी को सीता राम मानस परिवार, ग्राम मुसरा कला द्वारा संगीतमय मानस प्रस्तुति दी जाएगी।

इंडियन कॉलेज ने मनाया स्थापना दिवस

महासमुंद। इंडियन कॉलेज का स्थापना 20वां वर्ष (रजत जयंती) हर्षोल्लास और गरिमामय वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। मंचीय कार्यक्रम से पूर्व महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति एवं फिल्मी गीतों पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर देशप्रेम का भाव जाग्रत किया।

बढ़ाई जाए समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की तिथि: निखिलकांत

महासमुंद/नवप्रदेश। नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की तिथि एक माह आगे बढ़ाने की मांग सरकार से की है। उन्होंने कहा कि महासमुंद जिले में ही लगभग 20 हजार किसान अभी धान नहीं बेच पाए हैं। शासन द्वारा महासमुंद जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में धान खरीदी का लक्ष्य 12 लाख 45 हजार मीट्रिक टन धान उपार्जन का रखा गया था। जिसे मुकाबले 24 जनवरी 2026 तक केवल 8 लाख 77 हजार 761 मीट्रिक टन धान की खरीदी ही हो पाई है। इस लिहाज से अभी लगभग 4 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी शेष है। जबकि, धान खरीदी की अंतिम तिथि 31 दिसंबर रखा गया है, ऐसे में सोमवार 26 जनवरी की अवकाश के बाद केवल 4 दिन का समय ही मिलेगा। इस अल्पावधि में इतनी बड़ी मात्रा में धान की खरीदी हो पाना संभव नहीं है। नपाध्यक्ष साहू ने कहा कि जिले के अनेक समितियों में पंजीकृत हजारों किसानों का टोकन भी नहीं कट पाया है। ग्रामीण क्षेत्रों में ऑनलाइन टोकन कटाने में भारी परेशानियां हो रही है। नेटवर्क की समस्या के कारण किसान ऑनलाइन टोकन नहीं कटा पा रहे हैं। ऑनलाइन 70 प्रतिशत और ऑफलाइन 30 प्रतिशत टोकन काटने का गाइड लाइन है। ऑफलाइन में छोटे किसान टोकन नहीं कटा पाए हैं। धान नहीं बेच पाने से छोटे किसान रबी फसल की तैयारी नहीं कर पा रहे हैं।

सड़क सुरक्षा | फाइनल मैच एवं पुरस्कार वितरण आज, क्रिकेट का रोमांच दिख रहा, खेल के साथ जागरुकता

राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह: दो दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का हुआ उद्घाटन

भाटापारा/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता के निर्देशन में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह-2026 के कार्यक्रम के तहत तथा साइबर जागरूकता, यातायात जागरूकता एवं नशा मुक्ति अभियान के क्रम में ग्राम खपराडीह क्रिकेट ग्राउंड में आयोजित 02 दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ* किया गया। शुभारंभ कार्यक्रम के अवसर पर टी.पी.बघमार सेवानिवृत्त कैप्टन भारतीय सेना, डा. विकास आडिल वरिष्ठ चिकित्सक भाटापारा, हेमसागर सिदार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भाटापारा द्वारा दीप प्रज्वलन कर क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन किया गया।

इस दौरान मुख्य अतिथियों द्वारा अपने-अपने संबोधन में आमजनों, वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने, नियमों की जानकारी अपने परिजनों, पड़ोसियों एवं स्कूल में सहपाठी छात्रों को प्रदान करते हुए सुगम एवं सुरक्षित परिवहन व्यवस्था में अपना अमूल्य योगदान देने की अपील की गई। सांथ ही साइबर ठगी की घटनाओं को अंजाम देने वाले साइबर अपराधियों से भी सदैव सावधान रहने की अपील की गई।

संपूर्ण क्रिकेट प्रतियोगिता में पुलिस टीम, प्रशासन की टीम, पत्रकार संघ बलौदाबाजार, भाटापारा, अधिवक्ता संघ बलौदाबाजार एवं भाटापारा, शिक्षक संघ, जनपद भाटापारा, चैंबर ऑफ़ कॉमर्स एवं आमजनों की कुल 10 टीमों ने भाग लिया है। उद्घाटन कार्यक्रम पश्चात प्रथम मैच पुलिस टीम एवं चेंबर ऑफ कॉमर्स भाटापारा के मध्य खेला गया। इसके पश्चात दिन भर में कुल 08 मैच खेले गए, जिसमें शानदार प्रदर्शन करते हुए पुलिस टीम बलौदाबाजार ने फाइनल में प्रवेश किया। आज 26 जनवरी को शिक्षक संघ बलौदाबाजार एवं प्रशासन 11 बलौदाबाजार के मध्य सेमीफाइनल का मैच खेला जाएगा। तत्पश्चात इसमें विजयी टीम के साथ दोपहर 02:00 बजे बलौदाबाजार पुलिस टीम के साथ फाइनल मैच आयोजित होगा। संपूर्ण प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य आमजनों में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता, साइबर अपराधों के प्रति सतर्कता एवं जागरूकता तथा नशा मुक्ति अभियान के संबंध में लोगों को अधिक से अधिक जागरूक करना है।* इस प्रतियोगिता के दौरान आमजनों, सहभागी खिलाड़ियों आदि को लगातार जागरूकता नियमों के संबंध में अवगत कराया गया। प्रतियोगिता में शामिल विभिन्न टीम के खिलाड़ियों, ग्रामवासियों द्वारा भी पुलिस द्वारा किए जा रहे इस जागरूकता अभियान की प्रशंसा किया गया। संपूर्ण प्रतियोगिता का फाइनल मैच एवं पुरस्कार वितरण आज गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयोजित किया जावेगा।

सिरपुर महोत्सव में बाबा हंसराज रघुवंशी, बॉलीवुड गायक हेमंत बृजवासी और मीत ब्रदर्स देंगे प्रस्तुति

महासमुंद/नवप्रदेश। ऐतिहासिक और पुरातत्व नगरी सिरपुर में सिरपुर महोत्सव 2026 का भव्य और गरिमापूर्ण आयोजन 1 से 3 फरवरी तक जिला प्रशासन और सिरपुर विकास प्राधिकरण के तत्वावधान में किया जा रहा है। तीन दिवसीय यह महोत्सव छत्तीसगढ़ की लोक-संस्कृति, शास्त्रीय कला और आधुनिक संगीत का भव्य संगम होगा।

महोत्सव के पहले दिन 1 फरवरी को दोपहर से सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरुआत होगी। लोक नृत्य, कथक, ओडिसी, पंथी, मंचीय प्रस्तुतियों के साथ संध्या सत्र में रंगारंग कार्यक्रम आयोजित होंगे। *रात्रि में प्रसिद्ध बॉलीवुड गायक मेरा भोला है भंडारी फेम बाबा हंसराज रघुवंशी अपनी टीम के साथ भक्ति एवं लोक संगीत की प्रस्तुति देंगे।

दूसरे दिन 2 फरवरी को शास्त्रीय संगीत और वाद्य प्रस्तुतियों पर विशेष जोर रहेगा। इंदिराकला संगीत विश्वविद्यालय, खैरागढ़ के कलाकारों द्वारा क्लासिकल वोकल, इंस्ट्रूमेंटल, तबला वादन एवं सुगम संगीत की प्रस्तुतियां दी जाएंगी। रात्रि में *सारेगामा लिटिल चैंप फेम गायक हेमंत बृजवासी अपनी सुमधुर आवाज से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध करेंगे।

पावर कंपनी में गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन

रायपुर/नवप्रदेश । छत्तीसगढ़ स्टेट पावर कंपनी मुख्यालय डंगनिया परिसर के खेल मैदान में 26 जनवरी 2026 को गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन किया गया है। छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्टीब्यूशन एवं जनरेशन कम्पनी के अध्यक्ष डॉ. रोहित यादव (आईएएस.) प्रातः 7.30 बजे ध्वजारोहण कर मार्चपास्ट परेड की सलामी लेंगे। इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों/कर्मचारियों को पुरस्कृत किया जायेगा। समारोह में पावर कम्पनीज के प्रबंध निदेशकगण राजेश कुमार शुक्ला, एस.के.कटियार, भीमसिंह कंवर एवं निदेशक आर.ए.पाठक विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। ट्रांसमिशन कंपनी के मुख्य अभियंता (मानव संसाधन) ए.एम.परियल ने विद्युत कंपनियों के समस्त अधिकारियों/कर्मचारियों से कार्यक्रम में प्रातः 7.15 बजे उपस्थिति का अनुरोध किया है।

महापौर मीनल चौबे कल महात्मा गांधी सदन में फहराएंगी तिरंगा

रायपुर/नवप्रदेश । गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर सोमवार, 26 जनवरी को नगर पालिक निगम रायपुर के मुख्यालय भवन 'महात्मा गांधी सदन' में भव्य ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। राजधानी की प्रथम नागरिक महापौर श्रीमती मीनल चौबे सुबह 8:00 बजे निगम प्रांगण में राष्ट्रध्वज फहराएंगी और परेड की सलामी लेंगी। इस अवसर पर निगम के वरिष्ठ पदाधिकारी और अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहेंगे।

रायपुर में 26 और 30 जनवरी को बंद रहेंगी मांस-मटन की दुकानें

रायपुर/नवप्रदेश । गणतंत्र दिवस (26 जनवरी) और महात्मा गांधी निर्वाण दिवस (30 जनवरी) के अवसर पर रायपुर नगर निगम क्षेत्र में मांस-मटन के विक्रय पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। महापौर मीनल चौबे के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिए हैं।निर्देशानुसार, दोनों दिवसों पर समस्त पशु वध गृह (पशुका गृह) और मांस विक्रय की दुकानें बंद रहेंगी। जोन स्वास्थ्य अधिकारियों और स्वच्छता निरीक्षकों को सतत निगरानी के निर्देश दिए गए हैं। यदि किसी होटल या दुकान में प्रतिबंधित दिनों पर मांस-मटन का विक्रय पाया गया, तो जब्ती की कार्रवाई के साथ संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध वैधानिक कदम उठाए जाएंगे।

महापौर और पार्षदों ने दी गणतंत्र दिवस की बधाई, स्वच्छता फीडबैक की अपील

रायपुर/नवप्रदेश । महापौर श्रीमती मीनल चौबे, सभापति सूर्यकांत राठौड़, संस्कृति विभाग अध्यक्ष अमर गिदवानी सहित एमआईसी सदस्यों और पार्षदों ने समस्त नगरवासियों को गणतंत्र दिवस की अग्रिम शुभकामनाएं दी हैं। जनप्रतिनिधियों ने शहर की खुशहाली और समृद्धि की कामना करते हुए नागरिकों से एक विशेष संकल्प लेने का आह्वान किया है। उन्होंने अपील की है कि रायपुर को देश का सबसे स्वच्छ शहर बनाने के लिए अधिक से अधिक संख्या में 'स्वच्छता एप' पर अपना फीडबैक दें, ताकि राष्ट्रीय स्वच्छ सर्वेक्षण में रायपुर नंबर-1 बन सके।

गणतंत्र दिवस से पहले रायपुर में हुआ महापुरुषों की प्रतिमाओं का श्रृंगार

रायपुर/नवप्रदेश ।गणतंत्र दिवस की तैयारियों के तहत रायपुर नगर निगम क्षेत्र में स्थापित शहीदों, महापुरुषों और स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की प्रतिमाओं की विशेष सफाई अभियान चलाया जा रहा है। महापौर मीनल चौबे और आयुक्त विश्वदीप के निर्देश पर सभी जोन क्षेत्रों में प्रतिमाओं की पानी से धुलाई और माल्यार्पण सुनिश्चित किया गया है।

इसी कड़ी में जोन-10 द्वारा अटल पथ स्थित पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा और जोन-4 द्वारा आजाद चौक स्थित महात्मा गांधी एवं जय काली चौक स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमाओं की विधिपूर्वक सफाई और धुलाई कराई गई। नगर निगम के अधिकारियों ने बताया कि शहर की सभी प्रमुख प्रतिमाओं को ससम्मान सजाया जा रहा है।

सड़क पार कर रहे बुजुर्ग को तेज रफ्तार मोपेड सवार ने मारी टक्कर

रायपुर/नवप्रदेश । राजधानी में तेज रफ्तार और लापरवाही के चलते एक बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गया। शंकर नगर इलाके में बैडमिंटन कोर्ट के पास पैदल सड़क पार कर रहे 74 वर्षीय सिक्योरिटी गार्ड को तेज रफ्तार स्कूटी सवार ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे का पूरा घटनाक्रम सड़क पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया, जिसका वीडियो अब सामने आया है। हादसे में घायल बुजुर्ग की पहचान कुनु बाघ (74) के रूप में हुई है। वे पंडरी के तरुण नगर क्षेत्र के निवासी हैं और अशोका टावर में सिक्योरिटी गार्ड के तौर पर कार्यरत हैं। परिजनों के मुताबिक, कुनु बाघ 22 जनवरी की रात 8 बजे ड्यूटी पर गए थे और 23 जनवरी की सुबह करीब 8 बजे ड्यूटी खत्म होने के बाद पैदल ही घर लौट रहे थे। सुबह करीब 8:30 बजे जैसे ही वे बैडमिंटन स्पोर्ट्स के पास पहुंचे, सामने से तेज रफ्तार में आ रहे एक मोपेड सवार ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में बुजुर्ग सड़क पर गिर पड़े। उनके सिर में गंभीर चोट आई। वे मौके पर ही बेहोश हो गए। आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल उन्हें एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनका इलाज जारी है।

पुलिस कमिश्नरेट प्रणाली को जमीन पर उतारने की कवायद, मध्य जोन में डीसीपी ने ली समीक्षा बैठक

रायपुर/नवप्रदेश । राजधानी में पुलिस कमिश्नरेट प्रणाली लागू होने के बाद अब इसे जमीनी स्तर पर प्रभावी बनाने की प्रक्रिया तेज हो गई है। पुलिस कमिश्नर डॉ. संजीव शुक्ला द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के क्रियान्वयन की समीक्षा करने हेतु डीसीपी सेंट्रल (मध्य जोन) उमेश प्रसाद गुप्ता ने कोतवाली कार्यालय में एक महत्वपूर्ण बैठक ली। बैठक में मध्य जोन के सभी राजपत्रित अधिकारियों और थाना प्रभारियों को सुरक्षा और कानून-व्यवस्था को लेकर कड़े निर्देश दिए गए।

विजिबल पुलिसिंग और गश्त पर जोर: डीसीपी सेंट्रल ने 'विजिबल पुलिसिंग' को प्राथमिकता देते हुए क्षेत्र में पुलिस की मौजूदगी बढ़ाने के निर्देश दिए। बैठक के रात्रि गश्त में बल बढ़ाने और इसे अधिक प्रभावी बनाने के लिए नई कार्ययोजना पर चर्चा की गई। बैंकों, एटीएम, होटल, लॉज और ढाबों की नियमित जांच के साथ सार्वजनिक स्थलों पर अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने को कहा गया। चाकूबाजी, नशे के कारोबार और आदतन अपराधियों पर सतत निगरानी रखने के साथ ही 'थाना हाजिरी' सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

गणतंत्र दिवस को लेकर विशेष अलर्ट: आगामी गणतंत्र दिवस को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक पुख्ता करने के निर्देश दिए गए हैं। डीसीपी ने स्पष्ट किया कि ड्यूटी में किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारी या कर्मचारी की व्यक्तिगत जवाबदेही तय की जाएगी और अनुशासनात्मक कार्रवाई होगी। इस समीक्षा बैठक में एडिशनल डीसीपी तारकेश्वर पटेल, एसीपी कोतवाली दीपक मिश्रा, एसीपी सिविल लाइन रमाकांत साहू सहित कोतवाली, सिविल लाइन, तेलीबांधा, गोलबाजार, मौदहापारा, गंज और देवेंद्र नगर के थाना प्रभारी उपस्थित रहे।

रायपुर में पुलिस कमिश्नरेट लागू होते ही सख्त एक्शन

संवेदनशील इलाकों में चला सघन चेकिंग अभियान

छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में 23 जनवरी से पुलिस कमिश्नरेट प्रणाली औपचारिक रूप से लागू हो चुकी है। नई व्यवस्था के तहत वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी डॉ. संजीव शुक्ला ने शुक्रवार को रायपुर के पहले पुलिस कमिश्नर के रूप में पदभार ग्रहण किया। पदभार संभालते ही कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के निर्देश जारी किए गए, जिसके पालन में पुलिस ने शहर में सघन चेकिंग अभियान चलाया।बता दें कि इसी क्रम में आज डीसीपी (वेस्ट) संदीप पटेल के नेतृत्व में व्यापक पुलिस अभियान संचालित किया गया। अभियान में एडीसीपी राहुल देव शर्मा, एसीपी आज़ाद चौक इशू अग्रवाल एवं एसीपी पुरानी बस्ती देवांश सिंह राठौर सहित चार थाना प्रभारियों और 50 से अधिक पुलिस बल की सक्रिय भागीदारी रही। पुलिस टीमों ने शहर के संवेदनशील क्षेत्रों आज़ाद चौक, ईदगाह भाटा, लाखे नगर और आश्रम क्षेत्र में विशेष जांच एवं निगरानी की। इस दौरान संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की सघन तलाशी ली गई, दस्तावेजों की जांच की गई तथा यातायात एवं सुरक्षा नियमों का पालन सुनिश्चित कराया गया।

120 करोड़ की लागत से बनेंगे चार और दीनदयाल ऑडिटोरियम

- रायपुर जैसा वैभव अब चार और शहरों में
- दुर्ग में टेंडर प्रक्रिया पूरी, बिलासपुर अंतिम चरण में
- जगदलपुर और अंबिकापुर में मिली वित्तीय मंजूरी

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर के भव्य पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम की सफलता और लोकप्रियता को देखते हुए राज्य सरकार ने अब प्रदेश के चार अन्य प्रमुख शहरों- दुर्ग, बिलासपुर, जगदलपुर और अंबिकापुर में भी इसी तर्ज पर ऑडिटोरियम निर्माण का निर्णय लिया है। लगभग 120 करोड़ रुपये के इस प्रोजेक्ट के धरातल पर उतरने की तैयारी पूरी हो चुकी है। लोक निर्माण विभाग के अनुसार, अगले दो वर्षों में ये चारों सांस्कृतिक केंद्र बनकर तैयार हो जाएंगे।

प्रोजेक्ट प्रोफाइल: कहां कितना होगा खर्च

सरकार ने प्रत्येक शहर के लिए बजट आवंटित कर दिया है। सभी ऑडिटोरियम की क्षमता एक समान रखी गई है:

शहर	बैठक क्षमता	अनुमानित लागत (करोड़ में)	वर्तमान स्थिति
दुर्ग	750	23.00 टेंडर	प्रक्रिया पूर्ण
अंबिकापुर	750	23.65	वित्तीय स्वीकृति जारी
जगदलपुर	750	22.21	बजट आवंटित
बिलासपुर	750	22.00	टेंडर अंतिम चरण में

दुर्ग में जल्द शुरू होगा काम

विभागीय जानकारी के मुताबिक, दुर्ग में बनने वाले ऑडिटोरियम के लिए टेंडर प्रक्रिया फाइनल कर ली गई है। बिलासपुर में भी टेंडर प्रक्रिया अंतिम दौर में है। वहीं, बस्तर संभाग के मुख्यालय जगदलपुर और सरगुजा के अंबिकापुर में वित्तीय स्वीकृति की प्रक्रिया चल रही है।

सुविधाओं से लैस होंगे

परिसर-ये नए ऑडिटोरियम केवल इमारतें नहीं, बल्कि तकनीकी उत्कृष्टता का केंद्र होंगे। इनमें निम्नलिखित सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी। प्रभावशाली साउंड सिस्टम, आधुनिक लाइटिंग और शानदार विजुअल अरेंजमेंट। इसमें पूरी तरह वातानुकूलित हॉल और निर्बाध बिजली के लिए पावर बैकअप। बड़े कार्यक्रमों को देखते हुए बेसमेंट पार्किंग और बाहरी हिस्से में खूबसूरत लॉन का निर्माण। इन परिसरों का उपयोग सांस्कृतिक, शैक्षणिक, प्रशासनिक और सार्वजनिक आयोजनों के लिए किया जाएगा।

जशक्राफ्ट को मिला राष्ट्रीय पहचान का नया मंच

एयरपोर्ट पर मिलेंगे बांस, छिंद, मिट्टी और लकडी से बनाए उत्पाद

- मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के समक्ष रेयर प्लेनेट संस्था से हुआ ऐतिहासिक एमओयू

रायपुर/नवप्रदेश ।वन विभाग की पहल पर जशपुर जिले में महिला सशक्तिकरण और वन आधारित आजीविका को नई दिशा देने वाला एक ऐतिहासिक कदम उठाया गया है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की उपस्थिति में विगत दिवस बगिया में रेयर प्लेनेट संस्था तथा जशपुर जिले की स्व-सहायता समूह–जागरण, स्माईल आरती, राखी एवं मुस्कान समूह–के मध्य जशक्राफ्ट ब्रांड के उत्पादों के विपणन हेतु अनुबंध समझौता (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए।इस महत्वपूर्ण समझौते के अंतर्गत अब जशपुर की जनजातीय महिलाओं द्वारा बांस, छिंद, मिट्टी एवं लकड़ी से निर्मित हस्तशिल्प, आभूषण एवं सजावटी उत्पाद देश के प्रमुख एयरपोर्ट्स पर संचालित रेयर प्लेनेट के बिक्री केंद्रों के माध्यम से राष्ट्रीय स्तर पर उपलब्ध होंगे। इससे स्थानीय स्व-सहायता समूहों को स्थायी बाजार, उचित मूल्य तथा नियमित आय के अवसर प्राप्त होंगे।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने एमओयू को जशपुर की महिलाओं के लिए एक निर्णायक उपलब्धि बताते हुए कहा कि जशक्राफ्ट जैसे ब्रांड के माध्यम से हमारी आदिवासी बहनों की कला अब देशभर के लोगों तक पहुँचेगी। यह पहल केवल उत्पादों की बिक्री तक सीमित नहीं है, बल्कि महिलाओं के आत्मसम्मान, आर्थिक स्वतंत्रता और स्वावलंबन की मजबूत नींव रखती है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का निरंतर प्रयास है कि वन एवं परंपरागत ज्ञान आधारित आजीविका को बाजार से जोड़ा जाए, ताकि महिलाएं अपने गांव में रहकर सम्मानजनक जीवन यापन कर सकें। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि यह एमओयू 'वोकल फॉर लोकल' और 'लोकल टू ग्लोबल' की अवधारणा को साकार करता है तथा जशपुर की जनजातीय महिलाओं को राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था से जोड़ने की दिशा में एक ठोस और दूरगामी पहल है।

घर जा रहे बुजुर्ग से लूट, पैसे और मोबाइल छीनकर फरार

रायपुर/नवप्रदेश । बीरगांव क्षेत्र में गुरुवार देर रात बाइक सवार दो अज्ञात बदमाशों ने एक बुजुर्ग से मारपीट कर मोबाइल और नकदी लूट ली। हमले में घायल बुजुर्ग को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीड़ित के बेटे की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक, 22 जनवरी को पीड़ित मोहम्मद रज्जब जमीन से जुड़े काम से ग्राम चरोदा, धरसींवा गए थे। वहां से लौटते समय रात करीब 11:35 बजे मेटल पार्क रावांभाठा के पास बाइक सवार दो अज्ञात युवक उनका पीछा करने लगे। अडोर कंपनी के पास पहुंचते ही घबराकर रज्जब सड़क पर गिर पड़े। इसी दौरान बदमाशों ने उनके साथ मारपीट की और उनके पास रखा मोबाइल तथा जेब में रखे 3 हजार रुपए लूटकर फरार हो गए। आसपास मौजूद लोगों ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया और परिजनों को सूचना दी। फिलहाल पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के आधार पर आरोपियों की तलाश कर रही है।

छॉलीवुड एक्ट्रेस से मारपीट: एफआईआर के बाद डायरेक्टर मोहित साहू ने की खुदखुशी की कोशिश

रायपुर/नवप्रदेश । छॉलीवुड एक्ट्रेस से मारपीट के मामले में आरोपी डायरेक्टर मोहित साहू ने एफआईआर दर्ज होने के बाद बीती रात फिनायल पीकर आत्महत्या की कोशिश की है. हालत बिगड़ने पर उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के बाद उसे डिस्चार्ज कर दिया गया है.

बता दें कि पीड़िता की शिकायत पर पुरानी बस्ती थाना पुलिस ने मोहित साहू के खिलाफ मारपीट, धमकी और अन्य धाराओं में एफआईआर दर्ज की थी. पीड़िता ने आरोप लगाया था कि आरोपी ने उसके साथ लकड़ी के डंडे से बेरहमी से मारपीट की, सिर फोड़ा और कैंची से चेहरे पर हमला किया. गंभीर चोटों के चलते युवती को एम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया था.

एफआईआर दर्ज होने के बाद आरोपी द्वारा आत्महत्या की कोशिश किए जाने की जानकारी सामने आने से मामले ने नया मोड़ ले लिया है. पुलिस के अनुसार, फिनायल पीने के बाद मोहित साहू की तबीयत बिगड़ी थी, जिसके बाद उसे निजी अस्पताल ले जाया गया. फिलहाल उसकी स्थिति स्थिर बताई जा रही है.

दबाव बनाकर उज्जैन में की शादी-पीड़िता के अनुसार, वह बलौदाबाजार की रहने वाली है और वर्तमान में रायपुर के भाठागांव स्थित सिल्वर ऑक्स कॉलोनी में रह रही थी. फिल्मों में काम करने के दौरान उसकी मुलाकात छॉलीवुड डायरेक्टर मोहित साहू से हुई, जिसने एक फिल्म में काम दिलाने के नाम पर उससे संपर्क बढ़ाया. आरोप है कि मोहित साहू पहले से शादीशुदा और दो बच्चों का पिता होने के बावजूद उस पर शादी का दबाव बनाने लगा. दिसंबर 2025 में वह उसे उज्जैन ले गया, जहां मंदिर में मंगलसूत्र पहनाकर पत्नी के रूप में स्वीकार किया और रायपुर लाकर फ्लैट में अपने साथ रखा।

मुख्यमंत्री ने जशपुर में होमस्टे का किया शुभारंभ

- एक मॉडल सामुदायिक पर्यटन स्थल के रूप में ग्राम केरे को किया जाएगा विकसित

रायपुर/नवप्रदेश ।जशपुर जिले को एक प्रमुख इको-पर्यटन गंतव्य के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की उपस्थिति में आज मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय बगिया में आयोजित कार्यक्रम में भारत के अग्रणी होमस्टे प्लेटफॉर्म होमस्टेज़ ऑफ इंडिया, छत्तीसगढ़ शासन और जशपुर जिला प्रशासन के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया। इसके अंतर्गत ग्राम केरे को एक मॉडल सामुदायिक पर्यटन ग्राम के रूप में विकसित किया जाएगा। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने ग्राम केरे में तैयार किए गए होमस्टे का शुभारंभ किया गया।

एमओयू के अंतर्गत जशपुर का पहला संगठित होमस्टे ग्राम बनाने की दिशा में कार्य होगा। एक सुव्यवस्थित एवं विस्तार योग्य होमस्टे-आधारित ग्रामीण पर्यटन पारिस्थितिकी तंत्र की स्थापना होगी। इस पहल के माध्यम से स्थानीय परिवारों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी, सतत आजीविका को सुदृढ़ किया जाएगा तथा क्षमता निर्माण और कौशल विकास के जरिए युवाओं एवं महिलाओं में उद्यमिता को प्रोत्साहन दिया जाएगा। इस परियोजना का मूल उद्देश्य स्थानीय संस्कृति, परंपराओं एवं प्राकृतिक विरासत का संरक्षण एवं संवर्धन करना है, ताकि पर्यटन विकास समावेशी, समुदाय-स्वामित्व वाला और पर्यावरण की दृष्टि से सतत बना रहे तथा क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान सुरक्षित रहे।

मुख्यमंत्री श्री साय की उपस्थिति में हुए इस समझौता का ज्ञापन पर कलेक्टर जशपुर श्री रोहित व्यास तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री विनोद वर्मा और होमस्टेज़ ऑफ इंडिया प्रा. लि. के प्रतिनिधियों ने हस्ताक्षर किए।

कवर्धा जिले के शिक्षा विभाग से जुड़ा एक गंभीर वित्तीय मामला सामने आया

कवर्धा / नवप्रदेश । कवर्धा जिले के शिक्षा विभाग से जुड़ा एक गंभीर वित्तीय मामला सामने आया है, जिसने विभाग की कार्यप्रणाली और निगरानी व्यवस्था पर बड़े सवाल खड़े कर दिए हैं। जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा गठित ऑडिट टीम की जांच में खुलासा हुआ है कि बीते तीन वर्षों में कोषालय से निकाली गई 2 अरब 18 करोड़ रुपये से अधिक की राशि का स्पष्ट और प्रमाणित हिसाब विभाग के पास उपलब्ध नहीं है।

जानकारी के अनुसार, विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय कवर्धा का ऑडिट किए जाने पर कई चौंकाने वाली अनियमितताएं सामने आईं। ऑक्टूबर 2022 से अक्टूबर 2025 के बीच कोषालय से कुल ?2,18,04,87,344 की राशि आहरित की गई, लेकिन इस बड़ी रकम के व्यय से संबंधित पूर्ण लेखा-जोखा प्रस्तुत नहीं किया जा सका। ऑडिट के दौरान यह भी पाया गया कि कैश बुक अधूरी है, जबकि कई महत्वपूर्ण वाउचर और व्यय से जुड़े अभिलेख गायब हैं।

आरटीआई के माध्यम से प्राप्त जानकारी के अनुसार, संबंधित अवधि में कई वित्तीय मामलों में अनियमितताएं हुई हैं। विशेष रूप से एरियर्स भुगतान से जुड़े मामलों की फाइलें अब तक लंबित हैं और उनकी स्थिति भी संदिग्ध बताई जा रही है। इससे सरकारी धन के दुरुपयोग की आशंका और गहरी हो गई है।सबसे अहम सवाल यह है कि जिला स्तर पर अधिकारियों की निगरानी के बावजूद इतनी बड़ी राशि बिना स्पष्ट रिकॉर्ड के कैसे निकाली गई। यह पूरा मामला प्रशासनिक मॉनिटरिंग सिस्टम की कमजोरी को उजागर करता है।मामला उजागर होने के बाद शिक्षा विभाग में हलचल तेज है। सूत्रों के अनुसार, रिकॉर्ड दुरुस्त करने और मामले को दबाने के प्रयासों की भी चर्चाएं हैं, हालांकि इस संबंध में अब तक प्रशासन की ओर से कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है।

अब सबकी निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि इस गंभीर वित्तीय अनियमितता में जिम्मेदारी किसकी तय होगी और क्या मामले की उच्च स्तरीय जांच कराई जाएगी।

न्यूज गैलरी

26 जनवरी को हर गांव में लगेगा उल्लास मेला

रायपुर/ नवप्रदेश। गणतंत्र दिवस 26 जनवरी को हर गांव में 'उल्लास मेला' का आयोजन किया जाएगा। इसमें साक्षरता से जुड़ी अवधारणाओं को लेकर स्टॉल लगाए जाएंगे। जिसमें नवसाक्षरों द्वारा निर्मित सामग्रियों का प्रदर्शन किया जाएगा।राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण द्वारा 'उल्लास मेला' के संबंध में सभी जिलों के कलेक्टर एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को पत्र लिखकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। जिसके अनुसार हर गांव में ध्वजारोहण कार्यक्रम के पश्चात उल्लास मेला का आयोजन किया जाएगा। इसमें साक्षरता से जुड़ी अवधारणाओं पर आधारित स्टॉल लगाए जाएंगे। स्टॉल नवसाक्षर, स्वयं सेवक एवं शिक्षार्थी द्वारा निर्मित किए जाएंगे। स्टॉल संचालन भी वही करेंगे। उल्लास मेला में नवसाक्षर स्टॉल के निर्देश को पढ़कर गतिविधि करेंगे। इसमें स्वयं सेवक एवं शिक्षार्थी मदद करेंगे। आवश्यकतानुसार मेला में फूड स्टॉल एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम किया जा सकता है। 26 जनवरी को उल्लास मेले का डेमो दो दिन पहले आवश्यक रूप से करना है। ज्यादातर गांवों में उल्लास मेला की तैयारियां भी शुरू हो चुकी हैं। निर्देश में कहा गया है कि उल्लास कार्यक्रम न केवल 26 जनवरी बल्कि प्रत्येक राष्ट्रीय पर्व, त्यौहार एवं महत्वपूर्ण दिवसों में भी आयोजित किए जाएं। लगभग 10 लाख शिक्षार्थी साक्षर बन चुके: राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुसार भारत सरकार द्वारा उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम प्रारंभ किया गया है। इसका उद्देश्य 15 वर्ष से अधिक उम्र के वयस्कों को सशक्त बनाना है, जिन्होंने स्कूल शिक्षा प्राप्त नहीं की है। इस योजना के अंतर्गत बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान के अलावा जीवन कौशल में विभिन्न वयस्कों की जानकारी प्रदान की जानी है। छत्तीसगढ़ में उल्लास कार्यक्रम 2023 से प्रारंभ किया गया है।

छॉलीवुड प्रोड्यूसर पर एफआईआर

रायपुर/ नवप्रदेश।पुरानीबस्ती पुलिस ने छॉलीवुड प्रोड्यूसर मोहित साहू के खिलाफयुवती पर हमला करके गंभीर रूप से घायल करने के आरोप में जुर्म दर्ज किया है। युवती का अस्पताल में इलाज जारी है। छॉलीवुड से जुड़ी शशि वर्मा ने रिपोर्ट लिखाई है कि आरोपी मोहित साहू ने उस पर लकड़ी, कैंची, झारा और अन्य चीजों से हमला किया है। अक्टूबर-नवम्बर 2024 में मोहित साहू के साथ एनमाही फिल्म प्रोडक्शन में काम करने के लिए एग्रीमेंट किया था। आरोपी शादीशुदा व दो बच्चे होने के बाद भी पत्नी की तरह रखने की बात कहकर उसे उज्जैन ले जाकर मंगलसूत्र पहनाकर पत्नी स्वीकार किया। 29 दिसंबर 25 को शादी करने के बाद दोनों आक्स कॉलोनी के फ्लैट में रह रहे थे। जहां आरोपी किसी से मिलने और आने-जाने नहीं देता था। 22 जनवरी को दोपहर जब वह अपने कमरे को बंद करके भीतर मोबाइल पर बहन पुष्पा सिंह ठाकुर से बात कर रही थी। तब मोहित ने गाली-गलौज करते हुए दरवाजे को तोड़कर हमला किया। बहन ने मुंहबोले भाई शेख ईशान को भेजा, तब उसने अस्पताल पहुंचाया।

260 उद्यमियों के भूखंड आवंटन निरस्त

भूखंड आवंटन के बाद भी समयावधि मैं नहीं लगाए उद्योग

रायपुर / नवप्रदेश।। प्रदेश के औद्योगिक क्षेत्रों में भूखंड आवंटन के बाद भी निर्धारित समयावधि में उद्योग की स्थापना नहीं करने वाले उद्यमियों से आवंटित भूखंड वापस लेने की प्रक्रिया तेज कर दी है। छत्तीसगढ़ स्टेट इंड्रिट्रयल डेवलपमेंट कार्पोरेशन (सीएसआईडीसी) ने औद्योगिक क्षेत्रों में पिछले सालभर में 260 उद्यमियों के भूखंड आवंटन निरस्त किए हैं। वहीं, उद्योग की स्थापना को लेकर रुचि नहीं लेने वाले उद्यमियों को नोटिस भी जारी किया जा रहा है।सीएसआईडीसी के एमडी विश्वेश कुमार ने बताया कि राज्य की नई औद्योगिक नीति के तहत ज्यादातर उद्यमितियों ने रियायती दरों पर जमीन ले ली, मगर लंबे समय बाद भी उद्योग की स्थापना में कोई रुचि नहीं दिखाई। ऐसे उद्यमियों से भूमि वापस ली जा रही है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में कुछ उद्यमियों ने भूखंड आवंटन के बाद उद्योग लगाने के लिए कुछ दिनों की और मोहलत मांगी है। ठोस कारण बताए जाने पर उसकी समीक्षा कर कुछ मोहलत दी जा सकती है।

गाड़ी खरीदी-बिक्री के नाम पर युवक से ठगी

बिलासपुर / नवप्रदेश।। पुरानी गाड़ी खरीदी बिक्री के नाम पर एक युवक से 4।50 लाख रुपए की ठगी कर ली गई है। कोतवाली पुलिस के अनुसार, गोंड़पारा सुभाष नगर निवासी सुशील कुमार पाठक व्यापार विहार में पुरानी गाड़ी खरीदी की दुकान चलाते हैं। दिल्ली बादरपुर मोहन बाबा काम्प्लेक्स निवासी प्रदीप ओझा ने उनके मोबाइल में दो गाड़ी बेचने के लिए फोटो डाला। उनके बीच दोनों गाड़ियों की 6 लाख 20 हजार रुपए में सौदा तय हो गया। उन्होंने प्रदीप ओझा के बैंक एकाउंट में 4।50 लाख रुपए एडवांस ट्रांसफर कर दिए। उसके बाद प्रदीप ओझा कई तरह के बहाने बाजी कर गाड़ी नहीं भेजी और पैसा वापस नहीं किया। पुलिस ने सुशील पाठक की रिपोर्ट पर प्रदीप ओझा के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिगा है।

बेटे- दमाद ने की थी पिता की हत्या, गिरफ्तार

बिलासपुर / नवप्रदेश।। मोपका के अरपा विहार में घटित एक सनसनीखेज हत्याकांड का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। मृतक की हत्या किसी बाहरी व्यक्ति ने नहीं, बल्कि उसके ही बेटे और दामाद ने की थी। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।घटना 11 दिसंबर 2025 की रात 11।30 से सुबह 8।30 बजे के बीच की है। 12 दिसंबर को मृतक की पत्नी छैली बाई साहू ने सूचना दी कि, उसका पति शंभु राम साहू घर के भीतर बेड पर मरा पड़ा है। उसके सिर पर चोट के निशान हैं। सूचना पर सरकंडा पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पंचनामा एवं पोस्टमार्टम कराया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मृत्यु का कारण हत्या पाया गया। इसके बाद अज्ञात आरोपी के विरुद्ध मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच के दौरान मृतक का बेटा 21 वर्षीय जय किशन साहू एवं दामाद 25 वर्षीय किसन साहू से पूछताछ की गई, जिसमें दोनों ने अपराध स्वीकार कर लिया। आरोपियों ने बताया कि, शंभु शराब पीने के बाद परिवार के लोगों से मारपीट करता था, जिससे तंग आकर उन्होंने रस्सी से उसका गला दबा दिया।

दिल्ली-हैदराबाद के लिए मिल सकती है फ्लाइट

बिलासपुर / नवप्रदेश।। एयरलाइन्स कंपनी अलायंस एयर को सरकार ने वाराणसी और पटना के लिए उड़ान शुरू करने का प्रस्ताव दिया है, लेकिन कंपनी के पास उड़ान की कमी है। ऐसे में इन दोनों जगहों के लिए उड़ान शुरू नहीं किया जा सकता है। यह बात आंदोलन के मच पर हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति ने कहीं। सदस्यों ने बताया कि दोनों जगहों पर अलाइंस एयर का बेस स्टेशन नहीं है, हालांकि दिल्ली और हैदराबाद की नई उड़ान शुरू हो सकती है।हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति द्वारा नई उड़ानों की संभावनाओं को लेकर अधिकारियों से चर्चा की। अधिकारियों ने बताया कि पटना और वाराणसी के लिए बिलासपुर से उड़ान शुरू करने का प्रस्ताव मिल चुका है लेकिन बेस स्टेशन नहीं होने के कारण इस दिशा में काम नहीं हो रहा है। बताया जा रहा है कि कोई भी एयरलाइन कंपनी एक उड़ान के लिए बेस स्टेशन तैयार नहीं करती है। अलायंस एयर के अधिकारी हैदराबाद व दिल्ली के लिए फ्लाइट चलाने के लिए सहमत है लेकिन इसके लिए एमओयू में संशोधन की आवश्यकता है। इस दौरान अनिल गुलहरे, शिरीष कश्यप, राघवेंद्र सिंह ठाकुर, ऋषि राज गौतम, साबर अली, संतोष पीपलवा, मोहन जायसवाल, संदीप बाजपेई, आशुतोष शर्मा, शिवा मुदलियार, राम बघेल, मजहर खान, फिरोज खान, राकेश केसरी मोहसिन अली, अकील अली शामिल रहे।

एसआईआर में कांग्रेस समर्थक मतदाताओं के नाम काटने की साजिश: महंत

- हर विधानसभा से 20 हजार वर्ग विशेष को मताधिकार से वंचित करने का हो रहा प्रयास
- फॉर्म-7 के सुनियोजित दुरूपयोग पर तत्काल लगाई जाए रोक: महंत

रायपुर/ नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष डॉ चरणदास महंत ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त, केंद्रीय निर्वाचन आयोग को पत्र लिखकर विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत जमा किए जा रहे फॉर्म-7 के दुरूपयोग का आरोप लगाते हुए इस पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है। उन्होंने आरोप लगाया है कि इसके जरिए प्रत्येक विधानसभा से लगभग 20 हजार वर्ग विशेष के मतदाताओं को मताधिकार से वंचित करने का प्रयास किया जा रहा है।नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत ने निर्वाचन आयोग को लिखे पत्र में कहा कि छत्तीसगढ़ में वर्ष 2025 में मतदाता सूची की शुद्धता हेतु विषेश गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया प्रारंभ की गई थी। लोकतंत्र के हित में यह कदम स्वागत योग्य हो सकता था - यदि इसके बाद मताधिकार पर सुनियोजित हमला न किया जाता, लेकिन आज स्थिति यह बन चुकी है। एसआईआर पूर्ण होने के बावजूद हर विधानसभा क्षेत्र में वर्ग विशेष के हजारों नागरिकों को मतदाता सूची से बाहर कर दिए जाने का भय सता रहा है, जबकि वे वर्षों से लगातार चुनावों में मतदान करते रहे हैं।

डॉ चरणदास महंत ने कहा है कि यह अत्यंत गंभीर, दुर्भाग्यपूर्ण और लोकतंत्र-विरोधी तथ्य है कि यह पूरा अभियान फॉर्म-7 के नाम पर चलाया जा रहा है। जहां किसी भी व्यक्ति द्वारा 'शिकायत' भर कर यह कहा जा रहा है कि 'फलां व्यक्ति यहां नहीं

रहता/कहीं और स्थायी रूप से चला गया है', और प्रशासन बिना पर्याप्त सत्यापन के वैध मतदाताओं का नाम काटने की तैयारी कर रहा है। नेता प्रतिपक्ष डॉ महंत ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि, नाम काटने-कटवाने की यह कार्रवाई 'संयोग' नहीं, बल्कि एक सोची-समझी 'लक्षित' रणनीति है, जिससे विशेष समुदाय एवं विशेष धर्म के मतदाताओं को चिन्हित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आम नागरिक इस तथ्य से भलीभांति अवगत हैं कि देश का लोकतंत्र 'चुपचाप नाम काटने' से नहीं चलता।

प्रत्येक बूथ पर 200 मतदाताओं के नाम विलोपित

डॉ महंत ने कहा कि विश्वस्त सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने बैठक लेकर यह रणनीति बनाई कि सभी विधानसभाओं में ऐसे वर्ग विशेष के मतदाताओं की पहचान की जाय, जो भाजपा के मतदाता नहीं हैं, और उन मतदाताओं के नाम सूची से विलोपित करवाने के लिए फॉर्म 7 में विवरण भर कर जिला मुख्यालयों में जमा कराया जाय। एक व्यक्ति 5 फार्म भरकर जमा करे और इस प्रक्रिया के तहत प्रत्येक बूथ पर 200 मतदाताओं के नाम विलोपित करवाए जायं।

हर बूथ में 100 लोगों को अधिकृत किया गया

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि इस तरह के फॉर्म रायपुर भाजपा कार्यालय से भी भेजे जा रहे हैं, और यह भी स्पष्ट है कि एक कार्यकर्ता 5 लोगों का नाम विलोपित करवा सकता है। इसी प्रकार बूथ स्तर पर ब्लेंक फॉर्म भरने वाले कार्यकर्ताओं को न्यूनतम 100 नाम कटवाने के लिए अघोषित तौर पर अधिकृत किया गया है। कार्यकर्ताओं को निर्देश है कि इस बात का विशेष ध्यान रखना चाहिए कि वह मतदाता भाजपा का मतदाता न हो। इस प्रकार मोटे तौर पर यह स्थापित हो रहा है कि प्रत्येक विधानसभा से लगभग 20 हजार वर्ग विशेष के मतदाताओं को मताधिकार से वंचित करने का प्रयास किया जा रहा है।

सीजीएमएससी के माध्यम से सालभर से चल रही टेंडर प्रक्रिया

700 बिस्तरों वाला नया अस्पताल बनाने 4 एजेंसियों ने दिखाई रुचि

- एजेंसियों का तकनीकी परीक्षण चल रहा, अगले माह तक फाइनल होने की उम्मीद

रायपुर/ नवप्रदेश। प्रदेश के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल डॉ. बी. आर. अम्बेडकर अस्पताल में मरीजों का दबाव कम करने के लिए बनने वाले 700 बिस्तरों वाले नए अस्पताल भवन के लिए 4 एजेंसियों ने रुचि दिखाई है। इन एजेंसियों का तकनीकी परीक्षण जारी है।

अगले माह तक टेंडर फाइनल होने की उम्मीद है। नया अस्पताल 231 करोड़ की लागत से बनेगा और 6 मंजिला होगा। नए अस्पताल के लिए टेंडर की प्रक्रिया सालभर से चल रही है। तकनीकी कारणों से पहले टेंडर को निरस्त कर दूसरी बार टेंडर निकाला गया था।

प्राप्त जानकारी के अनुसार इन एजेंसियों का टेक्निकल परीक्षण चल रहा है। इसके बाद प्राइज बिड ओपन किया जाएगा। इसमें सबसे कम दर वाली एजेंसी को अस्पताल बनाने का जिम्मा दिया जाएगा। बताया जा रहा है कि अगले माह तक टेंडर फाइनल कर लिया जाएगा। अस्पताल की ड्राइंग तैयार की गई है। गौरतलब है कि वर्तमान में अम्बेडकर अस्पताल में आने वाले मरीजों की संख्या कई गुना बढ़ गई है। सीजन में तो मेडिसिन समेत कुछ विभागों में बिस्तर का टोटा हो जाता है। बीते कुछ वर्षों में अस्पताल में सुविधाएं बढ़ने की वजह से आसपास के राज्यों के भी मरीज इलाज कराने के लिए अम्बेडकर अस्पताल पहुंच रहे हैं। यहां तक कि एम्स से भी मरीज रिफर किए जाते हैं। इसकी वजह से अम्बेडकर अस्पताल में मरीजों का दबाव बढ़ गया है। इसे देखते हुए ही राज्य शासन द्वारा मेडिकल कॉलेज परिसर में ही 700 बिस्तरों का एक और नया अस्पताल भवन बनाने की घोषणा की गई है। 231 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाला यह अस्पताल भवन 6 मंजिला होगा।

नए भवन में स्त्री एवं शिशु रोग विभाग होगा

नए अस्पताल भवन में स्त्री रोग एवं शिशु रोग विभाग संचालित होंगे। जहां महिलाओं और बच्चों के रोगों से जुड़ी बीमारियों के इलाज की अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी। इसके साथ ही स्किन, ईएनटी एवं मनोरोग विभाग का भी संचालन होगा। यहां ओपीडी, वार्ड के साथ ऑपरेशन थियेटर और इलाज की सभी सुविधाएं होंगी। जानकारी के अनुसार ग्राउंड फ्लोर में स्त्री रोग और शिशु रोग की ओपीडी तथा प्रथम तल पर ऑपरेशन थियेटर होंगे। इन दिनों वर्तमान अस्पताल भवन में स्त्री रोग और शिशु रोग विभाग में मरीजों का काफी दबाव है।

टेक्निकल परीक्षण के बाद प्राइज बिड खुलेगा: एमडी

सीजीएमएससी के एमडी रितेश अग्रवाल ने कहा कि अम्बेडकर अस्पताल के नए भवन के लिए टेंडर प्रक्रियाधीन है। अस्पताल बनाने 4 एजेंसियों ने निविदा भरी है। इन एजेंसियों के कामकाज का तकनीकी परीक्षण किया जा रहा है। इसके पश्चात प्राइड बिड खुलेगा। दर के आधार पर ही टेंडर फाइनल होगा। उम्मीद है कि अगले माह तक टेंडर प्रक्रिया पूरी हो जाएगी।

हिन्दी विभाग में बसंत पंचमी एवं निराला जयंती का आयोजन

भाटापारा नवप्रदेश। शासकीय गजानंद अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय भाटापारा के हिन्दी विभाग द्वारा बसंत पंचमी एवं निराला जयंती के उपलक्ष्य में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रतियोगितओं एवं व्याख्यान का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य के निर्देशन एवं हिन्दी विभाग के विभागाध्यक्ष के मार्गदर्शन में सभी कार्यक्रमों का आयोजन सफलतापूर्वक किया गया। कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अशोक वर्मा ने अपने आर्शीवचन देते हुए कहा कि बसंत ऋतु उत्साह, नवीनता एवं आशा की ऋतु है एवं निराला की कविताएं संघर्ष, प्रेम से परिपूर्ण है। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. अमित कुमार सिंह, सहायक प्राध्यापक हिन्दी, शासकीय नवीन महाविद्यालय फास्टरपुर, सेतगंगा, जिला मुंगेली (छ.ग.) ने अपने वक्तव्य में कहा कि बसंत भारतीय संस्कृति का प्रतीक है।

लूटपाट-चाकूबाजी मामले में चार आरोपियों को दस-दस साल की कैद

- थाना देवेन्द्र नगर स्थित फाफाडीह शराब दुकान का मामला
- दो साल बाद न्यायाधीश ने सुनाया फैसला

रायपुर/ नवप्रदेश। शराब दुकान के पास लूटपाट और चाकूबाजी मामले में न्यायाधीश ने बड़ा फैसला सुनाया है। इस मामले में संलिप्त चार आरोपियों को दस दस साल कठोर कारावास और 500 रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई है।

यह मामला थाना देवेन्द्र नगर स्थित फाफाडीह शराब दुकान के अहाता का है। इस मामले में अंतिम सुनवाई द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश जितेन्द्र कुमार सिंह की कोर्ट में पूर्ण हुई। इस मामले की पैरवी करते हुए अतिरिक्त लोक अभियोजक कैलाश अगाशे ने कोर्ट को बताया कि अभियुक्तगण वंश पाठक उर्फ छोटू बाबू, सागर दास मानिकपुरी, जय बेहरा और करण उर्फ सागर आदतन अपराधी हैं, जो अन्य मामले में न्यायिक अभिरक्षा में रह चुके हैं। 3 दिसंबर 2024 की शाम 7.30 बजे उपरोक्त सभी अभियुक्त फाफाडीह शराब दुकान के अहाता पहुंचे और काउंटर के पास मौजूद महेश यादव नामक युवक से छीना-झपटी करने लगे। उसी दौरान एक युवक महेश को पीठ में चाकू माकर जख्मी कर दिया और 200 रुपए नगदी और 3 पौवा मसाला शराब लूटकर फरार हो गए। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने सभी आरोपियों को पंडरी से गिरफ्तार किया।

पुलिस द्वारा गिरफ्तार सभी आरोपी जेल में रिमांड पर रहे। घटनास्थल पर मिले साक्ष्य और आरोपियों के बयान कोर्ट में पेश किये। कोर्ट ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद साक्ष्य और सबूतों के आधार पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 309 (6) के तहत अभियुक्तों को दस-दस साल कठोर कारावास और 500-500 रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड की अदायगी नहीं किये जाने पर 3-3 माह की अतिरिक्त सजा का प्रावधान है।

विकास के नाम पर खनिज संपदाओं का दोहन केवल उद्योगपतियों का विकास, छत्तीसगढ़ का नहीं: उत्तम

रायपुर/ नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में जल जंगल जमीन जिस तरह से आदिवासियों से छीन कर निजी उद्योगपतियों को दिया जा रहा है उसे पर आम आदमी पार्टी द्वारा राजधानी रायपुर के प्रदेश कार्यालय में पत्रकार वार्ता आयोजित की गई।

आम आदमी पार्टी के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष उत्तम जायसवाल ने बताया कि यह विकास केवल उद्योगपतियों का और सरकार में बैठे कुछ लोगो का है और यह लड़ाई पूरे छत्तीसगढ़ के लोगो की लड़ाई है लेकिन केवल इसे आदिवासियों की लड़ाई सरकार बनाने की कोसिस कर रही है जबकि इस लड़ाई को केवल आदिवासी समुदाय के लोग लड़ रहे है लेकिन यह लड़ाई समग्र

छत्तीसगढ़ के लोगो की है केवल आदिवासियों को विकास विरोधी बनाने की साजिश यह सरकार कर रही है जबकि दशकों से दंतेवाड़ा, भानुप्रतापपुर, कोरबा,रायगढ़ ,सरगुजा से खनिज सम्पदाओं का दोहन कर रही है लेकिन इन सभी क्षेत्रों में असल विकास हुए यह सरकार केवल कुछ मुट्ठी भर लोगो के फायदे को विकास का नाम दे रखी है।पार्टी की नेत्री प्रदेश उपाध्यक्ष और प्रवक्ता प्रियंका शुक्ला ने कहा कि अमेरा में जब देखा कि फर्जी ग्राम सभा भी नहीं हो सकती तो कोल बेरिंग एक्ट का हवाला देकर जबरन काम स्टार्ट कर दिया और वह मामला शांत हुआ ही नहीं था कि तमनार के 14 गांव के समक्ष फर्जी जनसुनवाई कर दी गई और उसके थोड़े दिन पहले रायगढ़ के मुड़ा पार में भी जंगलों को काट दिया गया। यह सब चल ही रहा था कि इस बीच बैलाडीला का मामला शुरू हो गया जिसमें युवाओं ने अपना आक्रोश व्यक्त किया है।

भ्रष्टाचार का आरोप, ग्रामीणों ने किया बैठक का बहिष्कर

कोरिया /नवप्रदेश -जिला मुख्यालय बैकुंठपुर के ग्राम पंचायत तलवापारा में रविवार 25 जनवरी 2026 को आयोजित ग्राम सभा अव्यवस्थाओं और गंभीर आरोपों के कारण विवादों में घिर गई। ग्राम सभा का समय दोपहर 1 बजे निर्धारित किया गया था, लेकिन ग्राम सरपंच देवीदयाल सिंह एवं ग्राम पंचायत सचिव बृजेश साहू (जिनका 03 नवंबर 2025 को स्थानांतरण हो चुका है) लगभग दो बजे पंचायत कार्यालय पहुंचे। एक घंटे की देरी के चलते दर्जनों ग्रामीण ग्राम सभा स्थल से वापस लौट गए, जबकि कुछ ग्रामीण और पंच उपस्थित रहे।

ग्राम सभा के दौरान उपस्थित ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत में 15वें वित्त आयोग एवं मूलभूत मद की राशि के उपयोग में व्यापक भ्रष्टाचार के आरोप लगाए। ग्रामीणों का कहना था कि पंचायत में होने वाले कार्यों की कोई पूर्व जानकारी उन्हें नहीं दी जाती। पंचों ने भी आरोप लगाया कि किसी भी प्रस्ताव पर उनसे हस्ताक्षर नहीं कराए जाते और न ही पंचायत द्वारा निकाली जा रही राशि की जानकारी साझा की जाती है। पंचों

के अनुसार ग्राम पंचायत में पारदर्शिता का पूरी तरह अभाव है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि पंचायत भवन भी लगभग चार माह बाद खोला गया और उसी दिन ग्राम सभा आयोजित की गई, जिससे ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त था। इन्हीं कारणों से रविवार को आयोजित ग्राम सभा का बहिष्कार किया गया। ग्रामीणों का कहना है कि लगातार अनियमितताओं और भ्रष्टाचार के चलते उन्हें ग्राम सभा में भाग लेने का कोई औचित्य नहीं दिखा। ग्राम निवासी दीपक साहू ने बताया कि ग्राम पंचायत तलवापारा में लंबे समय से भ्रष्टाचार की शिकायतें सामने आ रही हैं। 15वें वित्त एवं मूलभूत मद की राशि का दुरुपयोग किया गया है और इसका लाभ वास्तविक विकास कार्यों में दिखाई नहीं देता। उन्होंने कहा कि ग्राम सभा का बहिष्कार ग्रामीणों का विरोध दर्ज कराने का एकमात्र माध्यम था, ताकि प्रशासन का ध्यान इस ओर आकर्षित किया जा सके।

वहीं ग्राम पंचायत के सरपंच देवीदयाल सिंह ने सभी आरोपों को निराधार बताते हुए कहा कि पंचायत द्वारा किए गए सभी भुगतान नियमानुसार हैं और किसी भी प्रकार का भ्रष्टाचार नहीं किया गया है।

सरपंच का कहना है कि विकास कार्यों में नियमों का पालन किया गया है और आरोप केवल भ्रम फैलाने के उद्देश्य से लगाए जा रहे हैं। इस संबंध में ग्राम पंचायत सचिव बृजेश साहू ने अपनी बात रखने से इनकार कर दिया। सचिव द्वारा कोई प्रतिक्रिया न दिए जाने से भी ग्रामीणों में असंतोष और बढ़ गया है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि पंचायत स्तर पर पारदर्शिता और जवाबदेही नहीं लाई गई तो वे आगे भी विरोध जारी रखेंगे और उच्च अधिकारियों से शिकायत करेंगे। फिलहाल ग्राम सभा के बहिष्कार और लगाए गए आरोपों ने पंचायत प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। अब देखना यह है कि प्रशासन इस मामले में क्या कार्रवाई करता है और ग्रामीणों की शिकायतों का समाधान किस प्रकार किया जाता है।

भारत सरकार को शराब की बोतलों के निर्माण और उसके रखरखाव की चिंता, किसानों की नहीं: कृष्णा

महासमुंद/नवप्रदेश। नगर पालिका के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष कृष्णा चंद्राकर ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार को शराब की बोतलों के निर्माण और उसके रखरखाव की चिंता है ,पर प्रदेश के किसानों की चिंता नहीं है। जिस प्रकार से प्रदेश की आबकारी नीति शराब की प्लास्टिक बोतल तथा शराब जैसे जहर की दुकानों के विस्तार के लिए भाजपा सरकार नित नई-नई योजना बना रही है। राज्य सरकार शराब जैसे जहर के लिए कितनी जवाबदारी और ईमानदारी से रोज नई -नई स्कीम बनाने में लगी है, पर मेहनतकश किसानों की उपज को खरीदने ,उसके रखरखाव के लिए इस सरकार के पास कोई योजना नहीं है।

रायपुर साहित्य उत्सव: इंटरनेट की इस दुनिया में प्रिंट और साहित्य का महत्व हमेशा रहेगा : डेका

रायपुर/ नवप्रदेश। राज्यपाल श्री रमेन डेका ने कहा है कि इंटरनेट से भरी इस दुनिया और न्यू जनरेशन वाले इस दौर में भी प्रिंट और साहित्य का महत्व हमेशा बना रहेगा। राज्यपाल श्री डेका ने आज नवा रायपुर के पुरखौती मुक्तांगन परिसर में तीन दिवसीय रायपुर साहित्य उत्सव 'आदि से अनादि' के समापन समारोह के अवसर पर उक्त विचार व्यक्त किए। राज्यपाल ने कहा कि साहित्य और कविता में हमेशा एक संदेश होना चाहिए। जिस तरह संगीत के सात स्वर हमें जोड़े रखते है उसी तरह साहित्य का आदान-प्रदान नई बातों का सीखने का अवसर प्रदान करता है।

समापन समारोह में मुख्य अतिथि की आसंदी से राज्यपाल ने कहा कि पिछले तीन दिनों में इस मंच पर बहुत अच्छी और सार्थक चर्चाएं हुईं। विचारों का खुलकर आदान-प्रदान हुआ। सबने मिलकर साहित्य, समाज और जीवन से जुड़े कई विषयों पर बात की। यह उत्सव सभी साहित्य प्रेमियों के लिए एक यादगार और सीखने वाला अनुभव रहा है। इस दौरान कई महत्वपूर्ण पुस्तकों का विमोचन भी हुआ। देश भर से आए नामी प्रकाशकों ने यहां किताबों का बहुत सुंदर संग्रह प्रस्तुत किया। पाठकों को नई-नई किताबें देखने और पढ़ने का अच्छा मौका मिला। यह देखकर अच्छा लगता है कि आज भी लोगों में किताबों के प्रति गहरी रुचि है।

श्री डेका ने कहा साहित्य और संगीत का आदान प्रदान जरूरी है और ऐसे साहित्य का उत्सव हमेशा होना चाहिए। उन्होंने तीन दिवसीय सफल आयोजन के लिए सभी को बधाई देते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन राज्य के अन्य शहरों एवं गांवों के स्तर तक भी किया जाना चाहिए और यह आयोजन सरकारी न होकर समुदाय की भागीदारी वाले होने चाहिए।

श्री डेका ने कहा कि आज की पीढ़ी छत्तीसगढ़ के रामायण कालीन संस्कृति एवं साहित्य को भूल गयी है। हमारा राज्य बहुत सुंदर है और यहां की संस्कृति भी बहुत समृद्ध है। इसका प्रचार प्रसार होना चाहिए ताकि राज्य के बाहर के लोग यहां के बारे में जान सकें। श्री डेका ने कहा कि शब्दों में बहुत शक्ति होती है। शब्द का रूप ब्रह्म है। उन्होंने बंकिमचंद्र चटर्जी के वंदे मातरम गीत का उल्लेख किया और कहा कि सारे देश को इन दो शब्दों ने जागृत कर दिया था। उन्होंने कहा कि साहित्य हमें जोड़ता है, हमें सोचने की नई दिशा देता है और हमें बेहतर इंसान बनने की प्रेरणा देता है। हम सभी साहित्य को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं, संवाद की परंपरा को आगे बढ़ाएं और विचारों की यह रोशनी लगातार जलाए रखें। उन्होंने उपस्थित लोगों से आग्रह किया कि वे अपने जीवन में कम से कम एक ऐसा कार्य अवश्य करें, जो बिना किसी लेन-देन या व्यक्तिगत स्वार्थ के हो। ऐसे कार्य देश और समाज के समग्र विकास को मजबूती प्रदान करते हैं।

समापन समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित वित्त मंत्री श्री ओ. पी. चौधरी ने कहा कि छत्तीसगढ़ में साहित्य की अविरल धारा बहती रही है। कालीदास, रविन्द्रनाथ टैगोर जैसे कवि एवं साहित्यकारों का इतिहास भी छत्तीसगढ़ से जुड़ा हुआ है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में भी इस तरह के आयोजन अनवरत किए जाते रहेंगे।

समापन समारोह की अध्यक्षता प्रख्यात रंगकर्मी, नाट्य लेखक डॉ. सच्चिदानंद जोशी ने की। इस अवसर पर फिल्म अभिनेता एवं निर्देशक डॉ. चंद्र प्रकाश द्विवेदी, फिल्म निर्माता-निर्देशक श्री अनुराग बसु विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार श्री पंकज झा और श्री आर कृष्णा दास, राज्यपाल के सचिव डॉ. सी. आर. प्रसन्ना, राज्यपाल के विधिक सलाहकार श्री भीष्म प्रसाद पाण्डेय, छत्तीसगढ़ साहित्य अकादमी के अध्यक्ष श्री शशांक शर्मा सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

लोकभवन के अधिकारियों-कर्मचारियों ने ली राष्ट्रीय मतदाता दिवस की शपथ

रायपुर/ नवप्रदेश। राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर लोकभवन सचिवालय में राज्यपाल के सचिव डॉ. सी. आर. प्रसन्ना, उप सचिव सुश्री निधि साहू, संवैधानिक प्रकोष्ठ के उप सचिव डॉ. रूपेन्द्र कवि सहित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने मताधिकार की शपथ ली।। सभी ने शपथ ली कि ''हम भारत के नागरिक लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।''

विधायक अमर अग्रवाल को मिली संयोजक की जिम्मेदारी

रायपुर। संसद में 1 फरवरी, 2026 को केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण देश का बजट पेश करेंगी। छत्तीसगढ़ बीजेपी ने केंद्रीय बजट को लेकर प्रदेश स्तरीय समिति का गठन कर दिया है। इस समिति में 6 सदस्यों को शामिल किया गया है, जिसमें संयोजक की जिम्मेदारी अमर अग्रवाल को दी गई है। बीजेपी की 6 सदस्यीय समिति में कैबिनेट मंत्री ओपी चौधरी भी शामिल हैं। इसके अलावा सौरभ सिंह, नंदन जैन, अखिलेश सोनी, अमित चिमनानी सदस्य हैं।

भिलाई जिंदाबाद का विमोचन किया फिल्मकार अनुराग बसु ने

रायपुर। इस्पात नगरी भिलाई के लेखक व पत्रकार मुहम्मद जाकिर हुसैन की नई किताब ÷भिलाई जिंदाबाद कुछ किस्से-कहानियां÷ का विमोचन फिल्मकार अनुराग बसु ने रविवार को किया किया। राजधानी नवा रायपुर स्थित पुरखौती मुक्तांगन में आयोजित साहित्य उत्सव के समापन समारोह में अनुराग ने यह विमोचन किया। उन्होंने इस्पात नगरी भिलाई पर आधारित रोचक सामग्री को सराहा और लेखक को अपनी शुभकामनाएं दी। उल्लेखनीय है कि वैभव प्रकाशन नई दिल्ली-रायपुर से प्रकाशित इस किताब में इस्पात नगरी भिलाई के स्थापना काल से अब तक के प्रमुख व रोचक घटनाक्रम को लेखक मुहम्मद जाकिर हुसैन ने कलमबद्ध किया है। इसके पूर्व लेखक की ÷भिलाई एक मिसाल÷ और ÷वोल्गा से शिवनाथ तक÷ किताबें प्रकाशित हो चुकी हैं, जो इस्पात नगरी भिलाई के इतिहास पर केंद्रित है।

पत्रकार आवास जमीन आबंटन के लिए डॉ. रमन सिंह से मुलाकात

राजनांदगांव. नगर निगम राजनांदगांव के महापौर श्री मधुसूदन यादव के अचानक स्वास्थ्य खराब होने से कल उन्हें शासन के मार्गदर्शन में कारीडोर बनाकर रायपुर रामकृष्ण हॉस्पिटल में भर्ती किया गया। जैसे ही इस बात का पता पत्रकार सरोकार मंच राजनांदगांव के सदस्यों को पता चला तो आज सुबह तत्काल दिनेश नामदेव के नेतृत्व में संस्था के वरिष्ठ सदस्यों में अध्यक्ष मिथलेश चंदेल, उपाध्यक्ष असद कुरैशी, कानूनी सलाहकार तरूण पटेल, कार्यकारिणी सदस्य सुशील तिवारी एवं सदस्यगण रामलाल साहू, जयश सिंह साथियों के साथ जननायक मधुसूदन यादव का स्वास्थ्य हालचाल जानने हेतु रामकृष्ण हॉस्पिटल रायपुर पहुंचे।

कांग्रेस ने बिहार, यूपी समेत छह राज्यों में जिला अध्यक्षों के चयन के लिए पर्यवेक्षक नियुक्त किए

नई दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने संगठन सृजन अभियान के अंतर्गत जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्षों के चयन के लिए बिहार और उत्तर प्रदेश समेत छह राज्यों में पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की है। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्षों के चयन के लिए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पर्यवेक्षकों की नियुक्ति के प्रस्तावों को कांग्रेस अध्यक्ष ने तत्काल प्रभाव से स्वीकृति प्रदान कर दी है। जिन राज्यों में नियुक्तियां की गई हैं, उनमें बिहार, उत्तर प्रदेश, गोवा, नागालैंड, मणिपुर और मेघालय शामिल हैं। हर पर्यवेक्षक को प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पर्यवेक्षकों के साथ मिलकर एक-एक जिले में तैनात किए जाने की बात कही गई है, जिससे जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्षों के चयन में आसानी हो सके। बिहार में 29, उत्तर प्रदेश में 75, गोवा में 3, मेघालय में 10, मणिपुर में 9 और नागालैंड में 9 पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की गई है।उत्तर प्रदेश में अगले साल विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। ऐसे में जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्षों का चयन बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

मुस्लिम लड़कियों ने हिंदू छात्रा को पहनाया बुर्का, कहा- इस्लाम कबूल करने से किस्मत बदलेगी

मुरादाबाद । मुरादाबाद जिले के बिलारी कस्बे में एक नाबालिग छात्रा से जुड़े कथित घटनाक्रम को लेकर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित छात्रा के परिजनों ने आरोप लगाया है कि कोचिंग से लौटते समय कुछ सहपाठी छात्राओं ने उसके साथ जबरदस्ती की और उसे बुर्का पहनाया। हिंदू छात्रा के भाई ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि मेरी नाबालिग बहन बिलारी कस्बे के मोहल्ला शाहकुंज कॉलोनी में एक टीचर के घर ट्यूशन पढ़ने जाती थी। मेरे घर से 1.5 किमी की दूरी पर कोचिंग है। बाकी पांचों मुस्लिम छात्राएं भी उसके साथ जाती थीं। 11वीं क्लास में इन लड़कियों से मेरी बहन की दोस्ती थी। सभी मोहल्ले और आसपास की थीं, तो स्कूल और ट्यूशन साथ में जाती थीं। छात्राओं ने मेरी बहन का ब्रेनवॉश करना शुरू कर दिया। पांचों उसे बार-बार इस्लाम धर्म कबूल करने के लिए उकसाती रहती थीं। उसके मन में हिंदू धर्म के प्रति घृणा पैदा करने की कोशिश की। मेरी बहन उनके झांसे में आ गई। मेरी बहन घरवालों की बातें भी नहीं सुनती थी। मना करने के बाद भी उन्हीं मुस्लिम लड़कियों के साथ ही स्कूल और कोचिंग जाती थी। 20 दिसंबर को मुस्लिम लड़कियां ट्यूशन से निकलीं। इसके बाद रास्ते में मेरी बहन को बुर्का पहनाया।

इलाज के नाम पर मौत का खेल

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के गांवों और कस्बों में चिकित्सा व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है और इलाज के नाम पर लोगों की जान के साथ एक खतरनाक खेल चल रहा है। बिना डिग्री, बिना लाइसेंस और बिना किसी निगरानी के हजारों लोग खुद को डॉक्टर बताकर मरीजों का इलाज कर रहे हैं। इस पूरे संकट का सबसे बड़ा खामियाजा गरीब और अशिक्षित परिवारों को भुगतना पड़ रहा है। सही इलाज न मिलने के कारण मौत, स्थायी अपंगता और बाद में बड़े अस्पतालों में होने वाले भारी खर्च जैसी समस्याएं आम हो गई हैं। दक्षिणी सिंध प्रांत, विशेषकर हैदराबाद के आसपास के इलाकों में सड़क किनारे छोटे-छोटे क्लिनिक कुकुरमुत्ते की तरह खुले हुए हैं। इन दुकानों में न तो किसी तरह का साइनबोर्ड होता है और न ही डॉक्टरों का कोई पंजीकरण नंबर, फिर भी यहां दिनभर बच्चे, महिलाएं और बुजुर्गों की भीड़ लगी रहती है। जांच में सामने आया है कि इनमें से अधिकांश क्लिनिक ऐसे लोग चला रहे हैं।

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर रजबंधा मैदान प्रेस काम्पलेक्स रायपुर से प्रकाशित, समाचार संपादक-संदीप दीवान, RNI NO.CHHHIN/2012/41806
(पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी) फोन : 0771-3526755, 6262188999, Gmail: navpradesh@gmail.com

गणतंत्र दिवस की प्रदेशवासियों को
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
शहर थाना राजनांदगांव, छत्तीसगढ़

गणतंत्र दिवस की प्रदेशवासियों को
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
बसंतपुर थाना, राजनांदगांव, छत्तीसगढ़

गणतंत्र दिवस की प्रदेशवासियों को
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
चिखली थाना, जिला-राजनांदगांव, छ.ग.

गणतंत्र दिवस की प्रदेशवासियों को
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
लालबाग थाना जिला-राजनांदगांव, छ.ग.

गणतंत्र दिवस की प्रदेशवासियों को
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
पुलिस यातायात राजनांदगांव, छत्तीसगढ़

गणतंत्र दिवस की प्रदेशवासियों को
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
सोमनी थाना जिला-राजनांदगांव, छत्तीसगढ़

गणतंत्र दिवस की प्रदेशवासियों को
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
डोंगरगांव थाना जिला-राजनांदगांव, छ.ग.

गणतंत्र दिवस की प्रदेशवासियों को
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
डोंगरगढ़ थाना जिला-राजनांदगांव, छ.ग.

गणतंत्र दिवस की प्रदेशवासियों को
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
छुरिया थाना राजनांदगांव, छत्तीसगढ़

गणतंत्र दिवस की प्रदेशवासियों को
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
चिचोला थाना, राजनांदगांव, छत्तीसगढ़

गणतंत्र दिवस की प्रदेशवासियों को
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
तुमडीबोड थाना राजनांदगांव, छत्तीसगढ़

गणतंत्र दिवस की प्रदेशवासियों को
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
बोरतलाव थाना, जिला-राजनांदगांव

गणतंत्र दिवस की प्रदेशवासियों को
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
आबकारी विभाग, जिला-राजनांदगांव, छ.ग.

गणतंत्र दिवस की प्रदेशवासियों को
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
खनिज विभाग, जिला-राजनांदगांव

गणतंत्र दिवस की प्रदेशवासियों को
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
जिला पंचायत, जिला-राजनांदगांव, छ.ग.

गणतंत्र दिवस की प्रदेशवासियों को
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
जनपद पंचायत जिला-राजनांदगांव

गणतंत्र दिवस की प्रदेशवासियों को
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
आदिम जाति कल्याण विभाग
जिला-राजनांदगांव, छ.ग.

गणतंत्र दिवस की प्रदेशवासियों को
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
वन विभाग, जिला-राजनांदगांव, छ.ग.

गणतंत्र दिवस की प्रदेशवासियों को
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
जल संसाधन विभाग, राजनांदगांव, छ.ग.

गणतंत्र दिवस की प्रदेशवासियों को
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
पी.डब्ल्यू डी विभाग, जिला-राजनांदगांव

गणतंत्र दिवस की प्रदेशवासियों को
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
कृषि उपज मंडी (गंज)
जिला-राजनांदगांव छ.ग.

गणतंत्र दिवस की प्रदेशवासियों को
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
बीज निगम विभाग, जिला-राजनांदगांव

गणतंत्र दिवस की प्रदेशवासियों को
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
कृषि विकास निगम, जिला-राजनांदगांव, छ.ग.

गणतंत्र दिवस की प्रदेशवासियों को
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
पी.एच.ई. विभाग, जिला-राजनांदगांव

गणतंत्र दिवस की प्रदेशवासियों को
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
नगर पालिक निगम, जिला-राजनांदगांव, छ.ग.

गणतंत्र दिवस की प्रदेशवासियों को
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
स्वास्थ्य विभाग, जिला-राजनांदगांव, छ.ग.

गणतंत्र दिवस की प्रदेशवासियों को
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
26 जनवरी
गणतंत्र दिवस
परवेज अहमद जी
समाजसेवी
जिला-राजनांदगांव

गणतंत्र दिवस की प्रदेशवासियों को
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
26 जनवरी
गणतंत्र दिवस
श्री कोमल सिंग राजपूत जी
जिला अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी
राजनांदगांव
श्री राजा माखीजा जी
चेयरमेन राजस्व नगर निगम
राजनांदगांव, छ.ग.


आप सभी को
गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
26 जनवरी
गणतंत्र दिवस
श्री सचिन सिंह बघेल
अध्यक्ष
श्री भरत लाल वर्मा
उपाध्यक्ष
श्री सुधीर सोनी
मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्या. राजनांदगाँव

गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाऐ ....
माननीय श्री नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री
भारत शासन
माननीय श्री अमित शाह
केन्द्रीय गृह मंत्री
माननीय श्री नितिन नवीन
राष्ट्रीय अध्यक्ष भाजपा
माननीय श्री विष्णुदेव साय
मुख्यमंत्री
छत्तीसगढ़ शासन
माननीय श्री अरुण साव
उप मुख्यमंत्री
छत्तीसगढ़ शासन
माननीय श्री विजय शर्मा
उप मुख्यमंत्री एवं
पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री
छत्तीसगढ़ शासन
माननीया श्रीमती रूपकुमारी चौधरी
सांसद
महासमुंद लोकसभा क्षेत्र
घर-घर आयुष्मान, हर घर आयुष्मान
आयुष्मान भारत
प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना
शहीद वीर नारायण सिंह
आयुष्मान स्वास्थ्य योजना
मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना
25
50
5 लाख
मुफ्त उपचार
आयुष्मान
104/14555
माननीय श्री श्याम बिहारी जयसवाल
स्वास्थ्य मंत्री, छत्तीसगढ़ शासन
माननीय श्री रोहित साहू
विधायक
राजिम विधानसभा क्षेत्र
विनीत : मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला-गरियाबंद (छ.ग.)

माननीय श्री नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री
भारत शासन
माननीय श्री अमित शाह
केन्द्रीय गृह मंत्री
माननीय श्री नितिन नवीन
राष्ट्रीय अध्यक्ष भाजपा
माननीय श्री विष्णुदेव साय
मुख्यमंत्री
छत्तीसगढ़ शासन
माननीय श्री अरुण साव
उप मुख्यमंत्री
छत्तीसगढ़ शासन
माननीय श्री विजय शर्मा
उप मुख्यमंत्री एवं
पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री
छत्तीसगढ़ शासन
माननीया श्रीमती रूपकुमारी चौधरी
सांसद
महासमुंद लोकसभा क्षेत्र
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएँ...
माननीय श्री रामविचार नेताम
आदिम जाति कल्याण विभाग एवं कृषि मंत्री
छत्तीसगढ़ शासन
एक शुभचिंतक
जिला-गरियाबंद (छ.ग.)
माननीय श्री रोहित साहू
विधायक
राजिम विधानसभा क्षेत्र

माननीय श्री नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री
भारत शासन
माननीय श्री अमित शाह
केन्द्रीय गृह मंत्री
माननीय श्री नितिन नवीन
राष्ट्रीय अध्यक्ष
भाजपा
माननीय श्री अरुण साव
उप मुख्यमंत्री
छत्तीसगढ़ शासन
माननीय श्री विजय शर्मा
उप मुख्यमंत्री एवं
पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री
छत्तीसगढ़ शासन
माननीया श्रीमती रूपकुमारी चौधरी
सांसद
महासमुंद लोकसभा क्षेत्र
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएँ...
माननीय श्री विष्णुदेव साय
मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़ शासन
माननीय श्री रोहित साहू
विधायक
राजिम विधानसभा क्षेत्र
जल संसाधन संभाग, जिला-गरियाबंद (छ.ग.)
गरियाबंद जिले में कार्यरत् समस्त ठेकेदार

माननीय श्री नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री
भारत शासन
माननीय श्री अमित शाह
केन्द्रीय गृह मंत्री
माननीय श्री नितिन नवीन
राष्ट्रीय अध्यक्ष
भाजपा
माननीय श्री विष्णुदेव साय
मुख्यमंत्री
छत्तीसगढ़ शासन
माननीय श्री अरुण साव
उप मुख्यमंत्री
छत्तीसगढ़ शासन
माननीया श्रीमती रूपकुमारी चौधरी
सांसद
महासमुंद लोकसभा क्षेत्र
गणतंत्र दिवस
की
हार्दिक बधाई
एवं
शुभकामनाएँ...
माननीय श्री विजय शर्मा
उप मुख्यमंत्री एवं
पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री
छत्तीसगढ़ शासन
माननीय श्री रोहित साहू
विधायक
राजिम विधानसभा क्षेत्र
प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना कार्यालय जिला-गरियाबंद (छ.ग.)
विनीत - गरियाबंद जिले में कार्यरत समस्त ठेकेदार

डॉ ज्योति IVF
एवं टेस्ट ट्यूब बेबी सेन्टर
आदित्या हॉस्पिटल व मेटरनिटी होम परिसर, पुरानी मण्डी रोड, गंजपारा, महासमुंद फोन : 07723-224823, 224433 मो. 7803993237
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं!
नि:संतान दम्पत्ति अब निराश न हो, कम खर्च में विश्वस्तरीय विश्वसनीय इलाज
यह शारीरिक कमियाँ है जिसे सही जांच और उपचार पद्धतियों से ठीक किया जा सकता है
शर्मायें नहीं न ही घबरायें, इस पर खुल कर चर्चा करें क्योंकि अब मातृत्व हुआ और भी सुरक्षित और भी आसान
डॉ ज्योति कालीकोटी
MBBS (Gold Medalist) MD FMAS
डॉ एच. बी. कालीकोटी

सोहम
मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
घुटनों का दर्द
आपकी ज़िंदगी रोक रहा है?
सोहम मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल में मिले आधुनिक तकनीक से दर्द का स्थायी समाधान
24×7 विशेषज्ञ सेवाएं उपलब्ध
इंटरवेंशनल पेन मैनेजमेंट
दर्द नहीं, सिर्फ राहत और भरोसा
बिना ऑपरेशन प्रभावी इलाज
लंबे समय तक दर्द से छुटकारा
आधुनिक तकनीक
26 जनवरी
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ युगल चन्द्राकर
Md,Pain Specialist
डॉ सोमी चन्द्राकर
Gynecologist
डॉ गौरव साहू
Ortho
सुविधाएं
अत्याधुनिक ICU
डिजिटल सिटी स्कैन
उन्नत सोनोग्राफी
श्री शांतिविजय परिसर, बागबाहरा रोड, पेट्रोल पम्प के पास, लभरा, महासमुन्द (छ.ग.)
7803008904, 8889923466

समस्त खल्लारी विधानसभा
क्षेत्रवासियों एवं जिलेवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई
मान. द्वारिकाधीश यादव जी
विधायक, खल्लारी विधानसभा
जिलाध्यक्ष, कांग्रेस कमेटी-महासमुंद

शिवरतन शर्मा
दिलीप छाबड़िया
मन्नू वैष्णव
आशीष टोडर
अविनाश शर्मा
राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
26 जनवरी
गणतंत्र दिवस
श्रेणिक गोलछा
पार्षद
भाटापारा
अश्वनी शर्मा
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद भाटापारा
विनीतः श्रेणिक गोलछा पार्षद संजय वार्ड एवं
अध्यक्ष जन भागीदारी समिति
गजानंद अग्रवाल महाविद्यालय भाटापारा

सारे जहां से अच्छा
हिन्दूस्तान हमारा
26 जनवरी
गणतंत्र दिवस
समस्त अंचलवासियों को गणतंत्र दिवस की
बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं...
सविता अनंत
अध्यक्ष
जनपद पंचायत भाटापारा
प्रदीप अनंत
प्रतिनिधि अध्यक्ष
जनपद पंचायत
विनीतः सरपंच, सचिवगण भाटापारा
जनपद पंचायत
जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा

ADITYA BIRLA
UltraTech
समस्त देशवासियों को
गणतंत्र दिवस की
हार्दिक बधाई...
UltraTech
CEMENT
The Engineer's Choice
INDIA'S NO.1 CEMENT
UltraTech
CEMENT
The Engineer's Choice
INDIA'S NO.1 CEMENT

गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं